and quietly reveals her identity to her husband when she sends them his favorite rice cake ("podapitha"). He seeks reconciliation with her, acknowledges her glory ("mahima"), and agrees to formally recognize the holy Thursday ("Lakshmivar" in Odia) that is dedicated to her worship. The goddess relents, but demands more: that the egalitarian values she has defended in the world outside be recognized inside the holiest of holy spaces, the Puri temple. She asks that, within its precincts, Brahmin and chandala, people of all castes and classes, be allowed to eat together, feed each other, every single day and that the Lord endorse this practice. Jagannath agrees, "Yes, it shall be thus, dear Lakshmi; may your glory shine through the ages". Lakshmi agrees to return to the temple complex, and as they enter together, harmony is restored to the cosmos.

The goddess Lakshmi has an egalitarian vision and a new conception of the value of the individual based on action, duty, and work especially traditionally devalued work.

Lakshmi does not want to punish the brothers merely because she is angry; they must be taught, she insists, a social lesson. She is clear about the implications of what her husband has done, as she explains to her assistants. "If the Lord Jagannath can abandon me, his wife," the goddess explains, "imagine what will happen to ordinary women especially in this Kali Yuga.

The goddess suggests the principle that part of our duty is to examine, to question, and to challenge just as she challenges patriarchal will and tradition, as well as her own identities. The rituals that are associated with the worship of Lakshmi use food grains and cooked food. Lakshmi focuses on the interdictions relating to food and the way it should be consumed. She contests the cultural notions of purityè impurity relating to the issue. What makes food pure when touched by a particular caste and what makes it impure when it is touched by another particular caste? What has human touch to do with purity of the food? What is the criterion of ascertaining purity of a food item? In what way human touch makes it pure? And in what way human touch makes it impure? If one group of castes are pure and another group of castes are impure, the central conundrum is who has made this barbaric segregation? Has god made this segregation? Is this the kind of segregation that our deities make? If that is the case, how egalitarian the deities are? It appears as if women of lower castes and those belonging to the Chandala category have lost all rights as the performers of sacred religious and spiritual activities, as if they are bereft of proper *achar-*

*vichar* (sense of discrimination and good conduct.

**Empowerment**

On the contrary, Shriya represents an icon of empowerment. By dint of her merit, sincerity, hard work, devotion, she has transcended her ascriptive identity: a lower caste woman. She teaches the world that it is possible for a Chandaluniè Chandala to rise above one's caste restrictions and win blessings of the deities. She makes it clear beyond contradiction that Hindu "pure" rituals are not the exclusive preserve of the upper castes; nor do they (upper castes) retain the exclusive privilege to be closer to the Hindu deities. Even a Chandala can come closer to the deity through the route of Sanskritization (a process whereby a low caste individual rises in the status hierarchy by following life stylesè rituals of the upper castes that are considered pure and abandoning some of his own rituals which are considered defiling). She succeeds in establishing the fact that class and caste are not perpetual categories.

Lakshmi's empowerment stems from her dissent and subversive adventure whereas Shriya's empowerment emanates from her devotion. The brata katha represents a narrative in defense of the tradition of debate and dialogue. Lakshmi's dissent intensifies when she militates against patriarchy and prejudice (concerning caste).

As the text conveys, the Chandilini does not have access to purity, temples and deities. It is a taboo for others including deities of the Hindu great tradition to accept food from a Chandilini. Customarily, Lakshmi should not have visited Shriya Chandaluni's house and that she must not have accepted food there. However, transcending all notions of parochialism and obscurantism, she happily receives the offerings made by Shriya in appreciation of her punctuality, cleanliness, devotion and service. Lakshmi is strongly reprimanded and abused by Lord Jagannath and Lord Balabhadra. That she has defiled herself by visiting the house of a Chandaluni and hence is unfit to enter premises of the temple and cook food for the holy gods. The discourse of empowerment is implicit in the discourse of tradition. On being asked to leave, Lakshmi leaves the place immediately. However, she did not depart as a silent observer. She argued and exposed all notions of hierarchy, hegemony and hypocrisy. She cast a curse on the two brothers that both of them would be deprived of all wealth and prosperity, be homeless, stay in starvation, struggle for physical survival and move here

and there as beggarsè mendicants.

*Mithya na hoiba kebe mohara ukata*
*Anna kebe na paaiba kahili mu sata.*
*Daridra hoi rahiba dwaadasa barasa*
*Kichhi maatra na miliba tumbhe anna basa.*
*Muhin Chandaluni jebe parasibi anna*
*Bhojana kariba tebe bhakata ranjana [110].*

Meaning: I curse you; you will starve without diet and stay in destitution for twelve years. You will receive food after twelve years when I shall serve you your diet as a Chandaluni.

Lakshmi's curse came out to be true as soon as she left the palace. Jagannath and Balabhadra encounter a phase of starvation, deprivation and destitution. They go around begging for food even at houses where no caste Hindu is supposed to visit. Eventually, not only is their caste pride humbled, they ultimately surrender their masculine ego at the feet of Lakshmi who offers them food and saves their lives.

**Husband-Wife Equation**

Lord Jagannath punishes her wife Lakshmi (for the crime of entering a Chandala house) not on the basis of his own conviction, but because his elder brother Balaram is angry and wants her to be abandoned. This is evident from the following verse.

*Tora acharana dekhile je badabhai*
*Deula nisedha kale hrude krodha bahi.*
*Aambhe abaa dekhithile thanta pratikara*
*Badabhai agyan ahaa muhin ti naachaara. [p. 118].*

Meaning: As per the order of my elder brother Lord Balaram, temple is prohibited for you. He is extremely angry with you. I would have saved you had I alone known your crime.

Even before returning to Shri Mandira, Lakshmi retains her criticality to express her caustic satire at Jagannath. The 12-year old starvation compel both the brothers to eat food in a Chandaluni's house (without knowing the fact that the Chandaluni is no other than Lakshmi herself. She never loses the opportu-

nity to expose the gap between principle and hypocrisy in Lord's life. As she says:

*Bachana boile Lakshmi aasane basaai*
*Chandaluni boli para dela ghaudai.*
*Chandaluni ghare aji anna je bhunjila*
*Chandala bitala ebe beni bhai hela.*
*Dhika tuma jyestha preeti dhika tuma bhrata*
*Dhika tuma badapana brahmanda karata [p. 117].*

Meaning: O' lord. Your double standard is thoroughly exposed now. You drove me out of Sree mandir just because I visited a Chandala colony and entered a Chandaluni's house. Think of your situation now. I am Chandaluni. Even after knowing that this is the house of a Chandaluni, how did you take your full meal here? Didn't you lose your caste? Didn't you pollute your body? You should be ashamed of yourself and of your elder brother on whose direction you threw me out.

From being docile to a principled dissenter, Lakshmi stands always in defense of her avowed principles. Although Lord Jagannath tenders his unconditional apology for all acts of omissions and commissions and requests her to accompany him to his temple, Lakshmi never forgets to reiterate her terms (terms that had become the cause of all miseries and familial separation). She agrees to go back to the Shree mandir on the condition that the temple premise will be a caste-free zone where the boundaries between the Brahmins and the Chandalas will collapse, where both Brahmins and Chandalas will eat together and where human touch will no more be seen as a sign of impurity. As it is said:

*Brahmana Chandala mishi ekatra khaibe*
*Bhojanante hasta kehi jale na dhoibe.*
Ki Brahmana ki Chandala sarina bhojana
*Mundare pochhibe kara anandita mana [118]*

Meaning: Both the Brahmanas and Chandalas will eat together. After having their meal, they will use their head hair (not water) to clean their hands.

**Conclusion**

The text is in consonance with the spirit of democracy, rationalism and universal brotherhood. It conveys the liberal idea that nothing is unquestion-

able. Conformity need not be an unquestioned compliance. Both docility and constructive dissent run side by side.

## References


Chopra, R., C. Dasgupta and M. K. Janeja. 2000. "Understanding Masculinity". In Economic and Political Weekly. Pp 1605-1607.

Dube, L. 1988. "On the Construction of Gender: Hindu Girls in Patrilineal India". In Economic and Political Weekly. Pp WS11-WS19.

Lakshmi Purana. 2008. Beenapani Pustak Bhandar. Cuttack.

Mallik, B.K. 2004. Paradigms of Dissent and Protest: Social Movements in Eastern India. Manohar, Delhi.

Mathur, K. 2008. "Body as Space, Body as Site: Bodily Integrity and Women's Empowerment in India". In Economic and Political Weekly. Pp 54-63.

Mishra, N. K. and T. Tripathi. 2011. "Conceptualizing Women's Agency, Autonomy and Empowerment". In Economic and Political Weekly. Vol. XLVI, pp 58-65.

Mohanty, S. P. 2008. "Alternative Modernities and Medieval Indian Literature: The Oriya 'Lakshmi Purana' as Radical Pedagogy". In Diacritics. Vol. 38, pp 3-15, 17-21.

Pattanaik, D. R. and S. C. Kar. 2011. "The Social and Cultural Background of Lakshmi Purana". In Ravenshaw Journal of Literary and Cultural Studies. Vol. 01, pp 95-105

Ranjan, R. S. 1998. "Is the Hindu Goddess a Feminist?" In Economic and Political Weekly. Pp WS34-WS38.

Redfield, Robert. 1956. "The Social Organization of Traditions". In Far Eastern Quarterly. Vol.15, pp 13-21.

Singh, Y. 2002. Modernization of Indian Tradition. Rawat. New Delhi.

Srinivas, M.N. 1962. Caste in Modern India and Other Essays. Asian Publishing House. London.

Sugirtharajah, S. 2002. "Hinduism and Feminism: Some Concerns". In Journal of Feminist Studies in Religion. Vol. 18, pp 97-104.

Viswanathan, R. 2001. "Development, Empowerment and Domestic Violence: Karnataka Experience". In Economic and Political Weekly. Pp 2173-2177.

Yadav, K. 2010. "Draupadi or Savitri: Lohia's Feminist Reading of Mythology". In Economic and Political Weekly. Vol. XLV, pp 107-112.

# Images of women and women empowerment in Tamil literature

## (Context with Avvaiyar)

**Dr. K.Bharathbooshan**

The name of AVVAIYAR is a combination of Tamil word AV VAI with honorific suffix AR. Avvai refers to respectable elderly women as the word Ammai which means good women in general term for a woman of any age. Thus the name Avvaiyar means respectable woman, hence a genetic tittle rather than a specific name of a person. The Avvaiyar who lived during the Sangam period is considered to be contemporary to poets PARANAR, KABILAR and THIRUVALLUVAR. She was a court poet of the rulers of the Tamil country. She travelled from part of the country to another and from one village to another, sharing the gruel of the poor farmers and composing songs for their enjoyment . Most of her songs were about a small time chieftain( is the leader of a tribe) Vallal Athiyaman Anji and his family.

The Avvaiyar was the tittle of more than one poet who was active during different periods of literature. The Avvaiyar were some of the most famous and important female poets of the Tamil canon.

### SANGAM AGE AVVAIYARS EMPOWERMENT AS AN AMBASSADOR

Vallal Athiyaman has also used Avvaiyaras his Ambassador to avert was with another neighbouring chieftain Tontaiman. Her songs were mostly for the family of Vallal Athiyaman and his family and rest of her songs related to the various aspects of Governance, So that we can understand that she was an important member in policy making ruling and governance of sangam age. During that period although traditions claim that she was a sister of Kabilar,Tiruvalluvar and Adiyaman. Researchers refuters this claim based on studies that all four of them were most likely of different walks of life, thus from different caste back-

grounds and hence impossiable to be siblings. But every one was honouring others and encouraging the reality by empowering.

**CHOLA AGE AVVAIYAR**

The medieval period Avvaiyar was the court poet of the chola monarch and was the contemporary of Kambar and Ottakkutar. She was loving the children verymuch and she found great happiness in the life of a small children. Her works Aathichoodi and Konraiventhan written specifically for children, are even now generally read and enjoyed by them. Her two other works for older children are Mooturai (Elders words Subhashitani) and Nalvazi (Good path Sanmargam) are explain the basic wisdom that should govern the normal life.

**LEGEGANDARY PART OF AVVAIYAR**

Avvaiyar believing to have achieved everything that is to be achieved, is said to have been pondering her retirement from Tamil Literary work while resting under Naaval Pazham tree.( Navar Pazamc (Black berryThis place is referred to famous interaction between Lord Karthikeya and Avvaiyar. SUTTAPAZAM VENDUMA SUDHADA PAZAM VENDUMA(Svtta bazam venduma, sudaadha pazam venduma ldo (do you want a hot fruit or a normal fruit)) (Karthkeya swami regarded as one of the Guardian Deities of Tamil Language). Who later revealed himself and made her realize that there was still a lot more to be done and learnt. Her Quote(du kai alavu kalladadu vlahalav) what you have learned is a mere handful, what you havn't learned is the size of the world. These words are exhibited at NASA. Following this she has undertaken a fresh set of literary works. These works, even after a millennium, are often among the very first literature that children are exposed to in Tamilnadu. These works include a list of dos and dont's, useful for daily life, arranged in simple and short sentences.

**MEDICINAL VALUE OF A FRUIT AND LITERATURE**

Once the great king Athiyaman gave an eternal gooseberry (nellikani (aamalakam)) fruit to Avvaiyar, this is a special and powerful fruit. Whoever eats it will have a healthy and long life. Adhiyaman wanted Avvaiyar to eat the fruit as she was the right person who could serve the Tamil community.

## AVVAIYAR'S EMPOERD LITERARY WORKS

| AATHICHOODI | ENGLISH TRANLATION |
|---|---|
| | Desire to do good things |
| | Anger is to controlled |
| | Help others in any way you can |
| | Always be charitable |
| | Do not boast about what you have. |
| | Do not give up hope |
| | Respect Learning |
| | Begging is despicable |
| | Give arms before eating |
| | Be virtuous |
| | Do not give up Learning |
| | Do not talk about others |
| | Never cheat on food. |

**The rain falls on behalf of the virtuous benefitting everyone in the world.**

Don't wait for the return benefit as to when a good deed done will pay back, but be just like that tall and erect coconut tree that drunk water from its feet gives the benefit of giving that sweet water by its head.

The Government of India declared the Tamil Language as classical language. No of criteria were laid down to determine the eligibility of languages to be considered for classification as classical language.

Avvaiyar has given enough literary knowledge to the Tamil Language to achive the classical status. Her empowerment is the most valuable contribution to the Universe for ever.

# अभिज्ञानशाकुन्तल-नाटक में शकुन्तला का सामाजिक-सामर्थ्य

**डॉ. सुमन कुमार झा**

साहित्य एवं समाज का एक विशिष्ट सहसम्बन्ध है। साहित्य का समाज के निर्माण तथा परिष्कार में महत्वपूर्ण अवदान माना जाता है, तो वही समाज के बदलते रूपों, मूल्यों, प्रतिमानों, आदर्शों, एवं उसकी विविधताओं का असर साहित्य में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। अतएव साहित्य को समाज का प्रतिबिम्ब भी कहा जाता है। साहित्यिक रचनाओं में समाज में विद्यमान सभी प्राणियों, जीव-जन्तुओं, तथा स्थावर जङ्गम पदार्थों का चित्रण विविध प्रसङ्गों, एवं सन्दर्भो में महाकवियों के द्वारा किया जाता रहा है।

समाज का निर्माण स्त्री-पुरुष के साहचर्य से सम्पन्न होता है। प्रकृति ने स्त्री एवं पुरुष को एक दूसरे के पूरक के रूप में प्रतिष्ठथापित किया है। अतः स्त्री-पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं, प्रतिद्वन्द्वी नहीं। समाज का दायित्व है कि उसे परस्पर पूरक के रूप में ही देखे, समझें, विचार-विमर्श करें, उसे प्रतिद्वन्द्वी न तो समझें, और ऐसा मानने के लिए प्रेरित भी न करें। तभी वह विमर्श सार्थक सिद्ध होगा । अतएव भारतीय परम्परा, दर्शन एवं साहित्य में अर्धनारीश्वर की परिकल्पना की गयी है। रघुवंशमहाकाव्य के मङ्गलपद्य में महाकविकालिदास इस तथ्य को इस प्रकार कहते हैं-

**वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।**
**जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।।**

अतः विविध भाषाओं में रचित साहित्यिक-ग्रन्थों में नारी-सशक्तिकरण एवं उसके सामाजिकसामर्थ्य का निरूपण कवियों एवं साहित्यकारों के द्वारा किया जाता रहा है। वस्तुतः साहित्यकारों का यह सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय दायित्व है कि वे समाज के सभी प्राणियों के अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का निरूपण निर्भीकतापूर्वक करें।

यह तथ्य यद्यपि सभी भाषाओं में विरचित साहित्यग्रन्थों में उपलब्ध होता है, परन्तु **संस्कृतसाहित्य में तो नारी एवं समाज के विविध पक्षों का चित्रण भारतीय परम्परा के अनुसार, भारतीय समाज के सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों के अनुसार विधि-निषेध वाक्यों के द्वारा विशेष रूप से किया गया है।**

समग्र-संस्कृतसाहित्य में नाट्यसाहित्य का वैशिष्ट्य सर्वथा प्रथित है। **नाटकान्तं कवित्वम्, सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः, काव्येषु नाटकं रम्यम्, नाट्यं हि भिन्नरुचेः जनस्य बहुधाऽप्येकत्र**

**समाराधनम्,** इत्यादि सूक्तियॉ प्रसिद्ध हैं। संस्कृतनाट्यग्रन्थों में भी महाकवि कालिदासविरचित **अभिज्ञानशाकुन्तलनाटक का अद्वितीय स्थान** है। यह नाटक न केवल साहित्यिक एवं नाट्यशास्त्रीय तत्त्वों की दृष्टि से ही महत्वपूर्ण है, अपितु नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से, समाज में उसके स्थान एवं सामर्थ्य की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी इस काव्यकृति का संस्कृतवाङ्मय में विशिष्ट स्थान है।

इस नाटक में नारी-जीवन के विविध पक्षों, मनोभावों एवं परिस्थितियों का सूक्ष्म एवं मनोवैज्ञानिक चित्रण प्राप्त होता है। नाटक के प्रमुख स्त्री पात्र के रूप में शकुन्तला का चरित्र उपवर्णित किया है महाकवि कालिदास ने। इस नाटक के परिशीलन से शकुन्तला के अनेक रूप हमारे समक्ष आते हैं। उन रूपों में उसके जिस सामाजिक सामर्थ्य का निरूपण महाकवि कालिदास ने किया है वह भारतीय-समाज के लिए आदर्शभूत एवं अनुकरणीय हैं। प्राचीन भारतीय समाज में नारी की सामाजिक स्थिति क्या थी, उसके लिए अभिव्यक्ति की कितनी स्वतन्त्रता थी इत्यादि विषयों का निरूपण शाकुन्तलनाटक के विविध सन्दर्भों, नाटक में प्रयुक्त प्रतीकों, बिम्बों, प्रतिबिम्बों, प्रतीयमान-अर्थों, प्रवृत्ति एवं निवृत्ति मूलक उपदेशों, निरूपित जीवन-दर्शन, अन्तर्निहित शिक्षा, कवि-विवक्षा के आधार पर एवं शकुन्तला के द्वारा प्रदत्त संवादों के आधार पर प्रस्तुत है।

**मेरा तो विचार है कि यह साहित्यिक-रचना वस्तुतः एक नारी की जीवन-यात्रा है, जहॉ उसके जीवन के विविध-रूपों, विविध-अवस्थाओं एवं विविध-पक्षों को सामाजिक परिप्रेक्ष्य में चित्रित किया गया है। साथ ही नारीजीवन में आनेवाली अनुकूल एवं प्रतिकूल परिस्थितियों का भी निरूपण और उसका समाधान भी इस कृति में उपलब्ध होता है।**

इस सन्दर्भ में यदि हम महाकविकालिदास के द्वारा चित्रित शकुन्तला के सामाजिक चरित्र को देखते हैं तो वह सहज, स्वावलम्बी एवं सशक्त प्रतीत होती है। उसमें आत्मविश्वास, दृढनिश्चयी, निर्णय लेने की क्षमता, उस निर्णय के पीछे पूरे आत्मबल से खड़े होने का सामर्थ्य, विपरीत एवं कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं त्यागना, दारुण दुःख एवं झूठे आरोपों के क्षण मे भी अपने को सहज एवं संतुलित रखना, आदि शकुन्तला के व्यक्तित्व के सशक्त पक्ष हैं। प्रतीकार के स्थान पर अपने में तपोबल के द्वारा गुणोत्कर्ष करना, चरित्रबल के द्वारा समाज को अपने अनुकूल बनाना इत्यादि उसके जीवन के विशिष्ट पक्ष हैं, फलतः शकुन्तला एक सशक्त स्त्री-पात्र के रूप में समाज के समक्ष अवतरित होती है। उसे अपने सामाजिक तथा धार्मिक (विधिक) अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का पूर्ण ज्ञान है।

प्रस्तुत कृति में शकुन्तला के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण तथ्य इस प्रकार हैं- 1 शकुन्तला को उनके माता-पिता ने त्याग दिया था। 2 महर्षि कण्व के द्वारा आश्रम में उसका पालन-पोषण किया गया। 3 माता पिता की पूर्व स्वीकृति के विना स्वेच्छा से राजा दुष्यन्त के साथ गान्धर्व विवाह किया। 4 अपने से वरिष्ठ सौतों , अर्थात् दुष्यन्त के कई अन्य रानियों के होते हुए भी मुख्य पत्नी का स्थान पाना। 5 अपने पुत्र सर्वदमन (भरत) को हस्तिनापुर के चक्रवर्ती सम्राट के रूप में

स्थापित करना , इत्यादि उसके सशक्त स्वरूप को प्रदर्शित करता है। शकुन्तला का निर्मल एवं पवित्र चरित्र उसे सशक्त नारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है, समाज में उसके सामर्थ्य को बढ़ाता है। यथा च कथयति कालिदासः-

**त्वमर्हतां प्रागसरः स्मृतोऽसि नः शकुन्तलाः मूर्तिमती च सत्क्रिया।**
**समानयंस्तुल्यगुणं वधूवरं चिरस्य वाच्यं न गतः प्रजापतिः॥**[1]

दुष्यन्त पूजनीयों में पूज्य है, शकुन्तला साक्षात् सत्क्रिया की अवतार है, पूजा स्वरूपा है। ऐसी सत्क्रिया स्वरूपा नारी का समाज में उच्च स्थान कवि की दृष्टि में स्वतः सिद्ध है।

शकुन्तला के सशक्त चरित्र का सबसे सुन्दर निदर्शन शाकुन्तल के पञ्चम अङ्क में मिलता है जब शार्ङ्गरव, शारद्वत् तथा गौतमी के साथ शकुन्तला महर्षिकण्व के आशीर्वाद के साथ आश्रम से राजा दुष्यन्त के पास हस्तिनापुर जाती है। वहाॅ भरी सभा में दुष्यन्त के द्वारा शकुन्तला सहित तपस्वीजनों का विविध प्रकार से अपमान किया जाता है। आपन्नसत्त्वा(गर्भवती) होने पर भी वह भयभीत नहीं होती है, बल्कि जीवन में आनेवाली कठिनाईयों का धैर्यपूर्वक साहस से सामना करती है। **पञ्चम अङ्क में दुष्यन्त के द्वारा नहीं पहचानने पर भी, उसे अपने निर्णय पर कहीं से भी पश्चाताप नहीं है।** ये उसके दृढ आत्मविश्वास को दर्शाता है।

**किं चात्र भवती मया परिणीतपूर्वा?** दुष्यन्त के द्वारा परिणय में ही संदेह उपस्थित किया जाता है। पुनः शकुन्तला को कूलंकषा, अर्थात् चरित्रहीन नारी की संज्ञा दी जाती है। यथा च कथयति **दुष्यन्तः- शान्तं पापम्-**

**व्यपदेशमाविलयितुं किमीहसे जनमिमं च पातयितुम्?।**
**कूलङ्कषेव सिन्धुः प्रसन्नमम्भस्तटतरुं च ॥**[2]

इस पर शकुन्तला एवं गौतमी के द्वारा कई प्रकार के तर्क प्रस्तुत किये जाते हैं। उसी क्रम में गौतमी के द्वारा यह कहने पर कि- **महाभाग! नार्हस्येवं मन्त्रयितुम्। तपोवनसंवर्धितोऽनभिज्ञोऽयं जनः कैतवस्य।** यहाॅ राजा के द्वारा अत्यन्त ही निन्दित आरोप लगाया जाता है। यथा- तापसवृद्धे!

**स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु संदृश्यते किमुत याः प्रतिबोधवत्यः।**
**प्रागन्तरिक्षगमनात् स्वमपत्यजातमन्यैर्द्विजैः परभृताः खलु पोषयन्ति॥**[3]

दुष्यन्त के इस अत्यन्त घृणित एवं असहनीय टिप्पणी को सुनकर शकुन्तला का क्रोधित होना स्वाभाविक था। लेकिन जो प्रत्युत्तर शकुन्तला के द्वारा दिया जाता है वह उसके सशक्त-स्वरूप, अदम्य-साहस, सत्यनिष्ठता, दृढप्रतिज्ञ, आत्मविश्वास, निर्भीकता, सत्ता प्रतिष्ठान को चुनौती देने की क्षमता, सामाजिक-सामर्थ्य इत्यादि गुणों को परिलक्षित करता है। शकुन्तला का प्रत्युत्तर उस हस्तिनापुरसम्राट पुरुवंशी राजादुष्यन्त के लिए है जो कि राष्ट्र के मुख्य-न्यायाधीश, सर्वोच्च

दण्डाधिकारी, धर्माधिकारी, एवं सैन्य-प्रमुख आदि हैं। **प्राचीनभारत में राजतंत्रीय शासनपद्धति में राजा ही सभी विभागों के प्रमुख होते थे, इस तथ्य एवं कथ्य से हम सुपरिचित हैं।** ऐसे शक्तिशाली राजा से शकुन्तला कहती है-

(सरोषम्) **अनार्य ! आत्मनो हृदयानुमानेन पश्यसि (प्रेक्षसे) कः इदानीमन्यो धर्मकञ्चुकप्रवेशिनस्तृणच्छन्नकूपोपमस्य तवानुकृतिं प्रतिपत्स्यते।**[4]

नीच, अनार्य तू अपने हृदय जैसा ही दूसरे को भी समझता है। तुम्हारे सिवाय/अलावे/अतिरिक्त, इस समय अन्य कौन होगा, अर्थात् कोई नहीं, जो धर्म के चोगे में (कञ्चुक, नकाब, लबादा) इत्यादि में छिपे हुए, एवं तृणों (घासों) से आच्छादित कूपों के समान तुझ नीच का अनुकरण करेगा।

शकुन्तला के द्वारा यहाॅ दुष्यन्त के लिए तीन विशेषण-पदों का प्रयोग किया गया है। यथा- **अनार्य, धर्मकञ्चुकप्रवेशिनः, तृणच्छन्नकूपोपमस्य। अनार्य- जहाॅ तक मेरा इतिहास ज्ञान है** प्राचीनकाल में किसी सभ्य-व्यक्ति एवं समाज में प्रतिष्ठित भद्रपुरुष के लिए अनार्य शब्द का प्रयोग, सबसे अपमानजनक-टिप्पणी, तथा गाली मानी जाती थी। **धर्मकञ्चुकप्रवेशिनः,-** धर्म के चोगे में प्रवेश किये हुए अर्थात् स्वयं धार्मिक न होते हुए भी धर्म को आवरण बनाकर दूसरों को ठगने वाले अधार्मिक, पाखण्डी या कपटी। **तृणच्छन्नकूपोपमस्य-** तृणैः छन्नः कूपः तृणच्छन्नकूपः तस्य उपमा यस्य तस्य, जिसकी उपमा तिनकों से ढके हुये कुएॅ को देखकर की जा सकती है। उसकी वास्तविकता को जाने विना हरी-हरी घास पर विश्वासपूर्वक चलते हुये कुएॅ में गिरे बिना कैसे बच सकते हैं। इतना ही नहीं शकुन्तला राजादुष्यन्त को धूर्त कहकर सम्बोधित करती है। यथा- **कथमनेन कितवेन विप्रलब्धास्मि ।**

एक प्रभुत्वशाली एवं पराक्रमी राजा, जिसके पराक्रम एवं पुरुषार्थ की जरुरत देवताओं तक को है। मातलि के द्वारा युद्धविजयहेतु दुष्यन्त को इन्द्र के आदेश पर देवलोक को ले जाना, अपने पराक्रम से युद्ध में इन्द्र को विजयी बनाना, इस बात का प्रमाण है। जिसका यश एवं साम्राज्य सर्वत्र विश्रुत है, ऐसे राजा को उसी की राजसभा, धर्मसभा, एवं राजमहल में सभी सभासदों के समक्ष, एक आपन्नसत्वा, माता-पिता एवं पति से परित्यक्ता नारी के द्वारा इस तरह का कठोर प्रत्युत्तर देना, उस नारी के असाधारण-साहस, अप्रतिम-आत्मविश्वास, कठिन से कठिन निर्णय लेने की क्षमता, अपना जीवन अपने अनुसार जीनें की इच्छा, इत्यादि उसके सशक्त-व्यक्तित्व एवं सामाजिक-सामर्थ्य को दर्शाता है।

शकुन्तला का यह निर्भीक एवं सशक्त प्रत्युत्तर इतना जोरदार था, और इतने सत्य एवं आत्मविश्वास से दिया गया था कि स्वयं दुष्यन्त का आत्मविश्वास हिल जाता है, वह विचलित हो जाता है, उसकी बुद्धि संदिग्ध हो जाती है, उसे अपने आप पर संदेह होने लगता है। वह खुद से कहता है-

**संदिग्धबुद्धिं मां कुर्वन्नकैतव इवास्याः कोपो लक्ष्यते।**[5]

दुष्यन्त का दिमाग भलें ही शकुन्तला की बात को अस्वीकार कर रहा हो, परन्तु दिल को मानों विश्वास हो चला कि शकुन्तला शायद ठीक कह रही है। यथा–

**कामं प्रत्यादिष्टां स्मरामि न परिग्रहं मुनेस्तनयाम्।**
**बलवत्तु दूयमानं प्रत्याययतीव मे हृदयम्।।**[6]

एक स्वाभिमानी नारी, एवं वीरमाता के लिये इसके अतिरिक्त और उपाय ही क्या है कि वह स्वयं अपना बचाव करे और साहसपूर्वक समुचित प्रत्युत्तर दें। शकुन्तला ये अच्छी तरह से जानती थी कि यहॉ अगर वो मौन रहती है, या रोती है तो सभी की दृष्टि में सारा दोष उसी पर आएगा, अतः शकुन्तला के द्वारा इस प्रकार का प्रत्युत्तर दिया गया। किसकी हिम्मत थी कि उसे वेश्या या चरित्रहीन कहने की धृष्टता करे। शकुन्तला के इस रौद्र रूप से राजा भी सकपका गया, और उसे अपने उपर सन्देह होने लगा। शकुन्तला का स्वाभाविक क्रोध, उसकी तनी हुई भौहें और राजा को कहे गये कठोर शब्द, सारे सभासद को सोचने के लिये विवश कर दिया। पुरोहित की भी सहानुभूति शकुन्तला के पक्ष में जाती है। शकुन्तला का चरित्र एवं सामाजिक वैशिष्ट्य इतना प्रथित है कि ऋषिजन भी उसकी सराहना करते थे। यह तथ्य शार्ङ्गरव के इस कथन से स्पष्ट होता है। यथा–

**आजन्मनः शाठ्यमशिक्षितो यः तस्याप्रमाणं वचनं जनस्य।**
**परातिसन्धानमधीयते यैर्विद्येति ते सन्तु किलाप्तवाचः।।**[7]

इतना ही नही शकुन्तला का सामाजिक सामर्थ्य देखिये वह यहॉ पूर्व स्थापित सामाजिक–परम्परा को तोड़ती हुई प्रतीत होती है। **पतिकुल में दासी के रूप में रहना भी श्रेयस्कर है, अतः तुम्हें यही रहना चाहिए ,** यथा–

**यदि यथा वदति क्षितिपस्तथा, त्वमसि किं पितुरुत्कुलया त्वया।**
**अथ तु वेत्सि शुचि व्रतमात्मनः पतिकुले तव दास्यमपि क्षमम्।।** [8]

अतएव अत्रैव तिष्ठ। शार्ङ्गरव के इस निर्देश एवं हस्तिनापुर राजकुल के राजपुरोहित के द्वारा दिये गये समाधान कि **यह देवी सन्तान उत्पन्न होने तक मेरे घर रहे,** यथा पुरोहितः– **अत्र भवती तावदाप्रसवादस्मद्गृहे तिष्ठतु। कुत इदमुच्यते इति चेत– त्वं साधुभिरुदिष्टपूर्व प्रथममेव चक्रवर्तिनं पुत्रं जनयिष्यसीति। सः चेन्मुनिदौहित्रस्तल्लक्षणोपपन्नो भविष्यति, अभिनन्द्य शुद्धान्तमेनां प्रवेशयिष्यसि। विपर्यये तु पितुरस्याः समीपनयनमवस्थितमेव।**

इन दोनों ही निर्देशों को अस्वीकार करती है शकुन्तला और अपने सामर्थ्य से ही तपस्विनी का जीवन जीने का प्रण लेती है, साथ ही स्वपुत्र का परिपालन भी स्वयं करने का दृढ संकल्प लेती है। उस संकल्प के आधार पर अपनी जन्मदात्री माता मेनका के सहयोग से महर्षि मारीच के

आश्रम में तपस्विनी का जीवन व्यतीत करती है, अपने पुत्र को भी जन्म देती है, तथा उसका पालन पोषण भी हिम्मत से करती है। जैसे कि रामायण में सीता के द्वारा लव-कुश का जन्म एवं पालन-पोषण किया जाता है। ये सब करते हुए शकुन्तला कहीं भी कमजोर नहीं दिखती, दुष्यन्त के द्वारा अस्वीकार करने पर भी वह कहीं से भी कमजोर या अपराधबोध से ग्रसित नहीं दीख पड़ती है। अपितु समाज में गर्व से रह रही है। इतना होने के बावजूद, वह कही भी अपने निर्णय पर पश्चाताप नहीं प्रदर्शित करती, ये उसके आत्मविश्वास का परिचायक है।

सप्तम अङ्क में दुष्यन्त मातलि के साथ भगवान मारीच के दर्शनार्थ हैमकूट नामक पर्वत पर मारीचाश्रम पहुँचता है, जहाॅ उसका साक्षात्कार पुत्र सर्वदमन( भरत) एवं पत्नी शकुन्तला से होता है। वहाॅ शकुन्तला **'वसने परिधूसरे वसाना नियमक्षाममुखी धृतैकवेणिः। '** तपस्विनी के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित होती है। दुष्यन्त को देखकर यद्यपि मन से पहचान चुकी है, लेकिन पुत्र सर्वदमन के द्वारा बार- बार यह पूछने पर कि माॅ यह पुरुष कौन है, जो मुझे अपना पुत्र कहता है। **'मातः! एषः कोऽपि पुरुषो मां पुत्र इत्यालिङ्गति।'** इस पर शकुन्तला कहती है-**' वत्स! ते भागधेयानि पृच्छ'।** कहकर बात को टाल देती है। दुष्यन्त के द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी कि मुझे माफ कर, स्वीकार कर लो, शकुन्तला तब तक दुष्यन्त को माफ नहीं करती, पुत्र के समक्ष तब तक स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोलती है, जब तक कि दुष्यन्त शकुन्तला के पैरों में गिरकर क्षमा याचना नहीं कर लेता। यथा-

राजा- (शकुन्तलायाः पादयोः प्रणिपत्य)-

**सुतनु! हृदयात्प्रयादेशव्यलीकमपैतु ते**
**किमपि मनसः संमोहो मे तदा बलवानभूत्।**
**प्रबलतमसामेवं प्रायाः शुभेषु प्रवृत्तयः**
**स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहि शङ्कया।।** [9]

इसके पश्चात् शकुन्तला पुनः उसे आर्यपुत्र के रूप में स्वीकार करती है, उसे अपने चरणों से उठाती है और कुशलक्षेम पूछती है। ये शकुन्तला के सामाजिक सामर्थ्य का परिचायक है।

इतना ही नहीं शकुन्तला के सशक्त रूप का सर्वाधिक निदर्शन तब होता है जब वह दुष्यन्त एवं पुत्र सर्वदमन के साथ तब के **सर्वोच्च-न्यायालय, एवं उस सर्वोच्च-न्यायालय के मुख्य-न्यायधीश महर्षि मारीच के आश्रम में जाती है। ''यह मेरी नवीन उद्भावना है कि यथा वर्तमान युग में न्याय-प्राप्ति का सर्वोच्च स्थान उच्चतम-न्यायालय माना जाता है, ठीक वैसे ही कालिदास ने अपने नायक एवं नायिका को तब के सर्वोच्च-न्यायालय, एवं उसके मुख्य-न्यायाधीश, तथा न्यायाधीशमण्डल से निर्दोष सिद्ध कराकर उन्हे पूरी प्रतिष्ठा एवं सम्मान के साथ समाज में प्रतिष्ठापित करता है।''** जहाॅ ऋषियों एवं मुनियों की सभा उपस्थित है। वहाॅ शकुन्तला भगवान मारीच से आशीर्वाद प्राप्ति हेतु उनकी वन्दना करती है। तदुपरान्त सभी

अपना–अपना पक्ष प्रस्तुत करते हैं। सभी के पक्षों को सुनने के बाद महर्षि मारीच के द्वारा निर्णय सुनाया जाता है, जिसमें दुष्यन्त निर्दोष सिद्ध होता है, आदर सहित शकुन्तला को स्वीकार करनें एवं उसकी प्रभुता सुनिश्चित करने का निर्देश दुष्यन्त को दिया जाता है, जिसे दुष्यन्त सहर्ष स्वीकार करता है। मारीच कहते है– वत्से!

**आखण्डलसमो भर्त्ता जयन्तप्रतिमः सुतः।**

**आशीरन्या न ते योग्या पौलोमीसदृशी भव।।**

**अदितिः– भर्तुरभिमता भव।**[10]

साथ ही वहाॅ उपस्थित धर्मसभा के द्वारा दुष्यन्त एवं शकुन्तला के गान्धर्वविधि से किये गये विवाह–संस्कार को लोकहित एवं राष्ट्रहित में समुचित माना जाता है। अर्थात् उस विवाह–संस्कार को सामाजिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है। यथा च कथयति मारीचः–

**दिष्ट्या शकुन्तला साध्वी सदपत्यमिदं भवान्।**

**श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम्।।**[11]

शकुन्तला के पुत्र भरत को भावि चक्रवर्तित्व राजा के रूप में स्वीकार करने की अनुशंसा भी की जाती है। मारीचः– **भावीनमेनं चक्रवर्तिनमवगच्छतु भवान्**। पश्य–

**रथेनानुद्धातस्तिमितगतिना तीर्णजलधिः**

**पुरा सप्तद्वीपां जयति वसुधामप्रतिरथः।**

**इहायं सत्वानां प्रसभदमनात्सर्वदमनः**

**पुनर्यास्येत्याख्यां भरत इति लोकस्य भरणात्।।**[12]

साथ ही शकुन्तला को भी अपने पति के प्रति क्रोध नहीं रखने की सलाह दी जाती है, तथा दुष्यन्त के उपर शकुन्तला की ही प्रभुता स्वीकार की जाती है। यथा– **मारीचः– वत्से! चरितार्थासि। सहधर्मचारिणं प्रति न त्वया मन्यु कार्यः**। पश्य–

**शापादसि प्रतिहता स्मृतिरोधरूक्षे भर्तर्यपेततमसि प्रभुता तवैव।**

**छाया न मूर्च्छति मलोपहतप्रसादे शुद्धे तु दर्पणतले सुलभावकाशा।।**[13]

इस प्रकार सम्पूर्ण समाज की अनुमति एवं न्यायोचित स्वीकृति पाकर शकुन्तला स्व–पुत्र एवं पति के साथ हस्तिनापुर को आती है। और आदर एवं प्रतिष्ठापूर्वक उसी हस्तिनापुर में प्रतिष्ठित होती है, अपने पुत्र भरत को हस्तिनापुर के राजसिंहासन पर आरूढ करती है, उस राज्य की प्रमुख महारानी के रूप में प्रतिष्ठित होती है, जिस हस्तिनापुर से वह अपमानित होकर चली गयी थी।

उपर्युक्त परिशीलन से यह सिद्ध होता है कि एक स्त्री पात्र के रूप में शकुन्तला का चरित्र कितना सशक्त एवं न्यायोचित है। ये बताता है कि एक कोमल एवं मुग्धा नारी भी यदि सत्य के मार्ग पर आत्मविश्वासपूर्वक, दृढप्रतिज्ञ होकर चलती है तो उसकी जीत निश्चित ही है। साथ ही नारी अगर सशक्त, सच्चरित्र, आत्मविश्वासी एवं साहसी हो तो समाज उसके सामर्थ्य, उसकी प्रतिभा, एवं उसकी कर्मशीलता को स्वीकार ही नहीं करता अपितु उसे समाज में उच्च स्थान एवं गौरव भी प्राप्त होता है। इस तरह के चरित्र से समाज में नारी का स्थान गौरवान्वित एवं सशक्त होता है। परिवार की अवधारणा को भी सशक्त बनाने की जरूरत है क्योकि अगर परिवार सशक्त होगा, परिवार रूपी संस्था के प्रति सर्वजनों के हृदय में, समग्र समाज में निष्ठा, विश्वास एवं सम्मान की भावना आएगी, लोग पारिवारिक सम्बन्धों एवं बन्धनों को सहेजने और निभाने का संकल्प लेंगे, समाज में नारी स्वतः सम्मानित होगी, आदर प्राप्त करेगी, प्रतिष्ठित भी होगी। अतः परिवार को सशक्त बनाना वर्तमान की अनिवार्य जरूरत है। साथ ही समाज का यह दायित्व है कि वह स्त्री को भी समान रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, उसे अवसर उपलब्ध कराएँ , जहाँ उसकी प्रतिभा का समुचित उपयोग समाज एवं राष्ट्रनिर्माण में हो सके। यहाँ उसकी जीत या हार की बात न करते हुए, उसे पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। यह सब नारी के नारीत्व को, प्रकृतिप्रदत्त विशिष्ट एवं नैसर्गिक गुणों , यथा प्रेम, दया, स्नेह, ममता, कोमलता, धैर्य, सहनशीलता, क्षमाशीलता इत्यादि को बचाते हुए किया जाना चाहिए, न कि उसे पुरुष बनने के लिए प्रेरित करके। प्रकृति ने नारी को विशेष बनाकर भेजा है, अतः उस विशेष को बनाए रखना चाहिए। प्रकृतिप्रदत्त दायित्वों का निर्वहण करते हुए उसे समाज में वह प्रतिष्ठा, सम्मान एवं सामाजिक अवसर मिलना चाहिए, जिसकी वह सही मायने में अधिकारिणी है।

**सन्दर्भ**

1 अ0शा0-5/15
2. तत्रैव 5/21
3 तत्रैव-5/22
4 तत्रैव- 5/22 शकुन्तलायाः संवादः।
5 तत्रैव-5/23
6 तत्रैव-5/31
7 अ0शा0-5/25
8 तत्रैव-5/27
9 तत्रैव-7/24
10 तत्रैव-7/28
11 तत्रैव-7/29
12 तत्रैव-7/33
13 तत्रैव- 7/32

# हिन्दी साहित्य में नारी प्रतिबिम्ब

**डॉ. नितिन जैन एवं श्री रमण मिश्र**

मानव समाज में नारी का अस्तित्व समग्र सृष्टि के अस्तित्व के समतुल्य है और इस आधारभूत अस्तित्व के प्रति जनचेतना एवं आचरण की प्रेरणा सर्वदा साहित्य के केन्द्र में रहा है। हिन्दी साहित्य में नारी प्रतिबिम्ब स्पष्ट प्रतीत होता है। हिन्दी साहित्य में नारी को भारतीय समाज की धुरी एवं पुरुषवर्ग से कतिपय मुद्‌दों पर ज्यादा अग्रगामी बताया गया है। जहाँ मूल्यवान् जीवन का सन्दर्भ है, हिन्दी साहित्य में नारी को त्याग, साहस, शौर्य, करूणा आदि मूल्यों का अप्रतिम स्थान बताया गया है। **कामायनी** में प्रसाद, **भारतभारती** में गुप्त, **उर्वशी** में दिनकर, **दिव्या** में यशपाल, **रानी सारांधा** एवं **छत्रशाल** में प्रेमचन्द, **वैशाली की नगर वधु** में चतुरसेन, **लक्ष्मी** एवं **अहिल्याबाई** में भगवतीचरण आदि अपनी अमरकृतियों में नारी के अद्‌भुद प्रतिबिम्ब प्रस्तुत करते हैं। हिन्दी साहित्य की प्रत्येक विधा में नारी गौरव और अपनी अतुल्य विशिष्टताओं से प्रतिबिम्बत हुई है, जिसके बारे में प्रस्तुत शोधपत्र कुछ सन्दर्भो के साथ अपनी बात रखेगा।

नारी नहीं केवल त्रिधा,
वह क्षमा क्षान्ति करुणा है।**–दिनकर, उर्वशी**

आज के सामाजिक सुधार, विकास या परिवर्तन के सन्दर्भ में समाज के आधे हिस्से के विषय में कोई बात न हो, ऐसा व्यावहारिक नहीं लगता है। मानवसमाज का विकास पुरुष एवं नारी के समानान्तर विकास पर केन्द्रित प्रक्रिया की पर्याय है। यह अनुभूत सत्य है कि एक तरु सृष्टि के अस्तित्व के प्रश्नों में हम खोये रहते हैं और दूसरी तरु सृष्टि के आधे अस्तित्व को उपेक्षित भी करते हैं। मानवसमाज में नारी का अस्तित्व सृष्टि के अस्तित्व के समतुल्य है और इस आधारभूत अस्तित्व के प्रति जनचेतना एवं आचरण की प्रेरणा सर्वदा साहित्य के केन्द्र में रही है। साहित्य का शाश्वत् सरोकार समाज के अन्दर के जीवन को प्रतिबिम्बित करना है और यह प्र"ाास करना है कि जीवन का स्पन्दन बराबर बना रहें।

समय बदलता है और समानान्तर समाज की भाषा भी बदलती है। लेकिन भाषा बदलने से साहित्य का पूर्वोक्त सरोकार प्रायः नही बदलता है। मानवीय समाज ने अनन्तानन्त उतार-चढाव देखें अंर साहित्य की भाषा भी बदली, परन्तु प्रधान सरोकार में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया। सामाजिक चुनौतियों ने कुछ हद तक मुद्दे बदले और इससे नई नई प्रवृत्तियों एवं विचारधाराओं का

जन्म भी हुआ। प्रधान सरोकार एक समाज के आन्तरिक जीवन को बनाए रखना है, सो आज भी है। अन्य शब्दों में समाज के हिस्सों में एक सन्तुलन बनाए रखना है, इसलिए हिन्दी साहित्य ने भी समाज के दोनों प्रमुख हिस्सों के मध्य समायोजन की बात की। एक और साहित्यिक प्रवृत्ति साहित्य का पुरोगामी एवं अनुगामी दोनों होना है। पुरोगामी होने पर साहित्य समाज को दिशा प्रदान करता है और अनुगामी होने पर समाज की समीक्षा एवं रक्षा का कार्य करता है।

हिन्दी साहित्य भी पुरोगामी होने से समाज के सभी वर्गो के प्रति चेतना से भरा रहा हैं। हिन्दी साहित्य में नारी का प्रतिबिम्ब स्पष्ट उभरता है। गद्य या पद्य की प्रत्येक विधा में हमें ऐसे निदर्शन सहज मिल जाएगें, जिनमें नारी के वैशिष्ट्य एवं सशक्तिकरण के स्वर मुखर होंगे। आधुनिक हिन्दी काव्य में ये स्वर और ज्यादा उत्कट महसूस होते हैं। नारी पर **दिनकर** की ये पंक्तियाँ एक शाश्वत् यथार्थ की तस्वीर जैसी हैं–

**नारी ही वह महासेतु, जिस पर अदृश्य से चलकर**
**नए मनुज, नव प्राण दृश्य जग में आते रहते हैं।**
**नारी ही वह कोष्ठ, देव, दानव, मनुष्य से छिपकर**
**महाशून्य, चुपचाप, जहाँ आकार ग्रहण करता है।**

**सच पूछो तो, प्रजा-सृष्टि में क्या है भाग पुरुष का?**
**यह तो नारी ही है, जो सब यज्ञ पूर्ण करती है।**
**सत्त्व-भार सहती असंग, सन्तति असंग जनती है;**
**और वही शिशु को ले जाती मन के उच्च निलय में,**
**जहाँ निरापद, सुखद कक्ष है शैशव के झूले का।**

नारी सृष्टि के अस्तित्व का सर्वथा विकल्पहीन आधार है। वह मार्ग है, साधन भी है और एक चरम एवं सूक्ष्म सर्जन प्रक्रिया का आकाश भी है, जहाँ नया जीवन का उद्विकास होता हैं। नारी केन्द्र है, और इस नारी की महत्ता इस बात से भी है कि सर्वोत्सर्ग से वह सृष्टि का निर्माण करती है। इसी बात को **प्रसाद** ने अपने काव्य में कहा हैं–

**क्या कहती हो ठहरो नारी! संकल्प अश्रुजल से अपने,**
**तुम दान कर चुकी पहले ही जीवन के सोने-से सपने।**
**नारी! तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत नग पगतल में,**
**पीयूष स्रोत सी बहा करो जीवन के सुन्दर समतल में।**

नारी के लिए यह तो कहा गया कि वह स्वतन्त्र रूप से सानन्द जीवन को प्राप्त करें। अपने अस्तित्व को हमेशा बनाए रखे। इस सन्दर्भ में नारी के सामर्थ्य का प्रश्न चिन्ह भी नहीं हैं।

**प्रेमचन्द** के शब्दों में नारी पृथ्वी की भाँति धैर्यवान है, शक्तिसम्पन्न है, सहिष्णु हैं (**गोदान**)। नारी के अन्तरिक सामर्थ्य का कम अंकन एक अपराध ही है। पुनः **प्रेमचन्द्र** के शब्दों में नारी का यथार्थ सशिक्तकरण इस विशवास के संचरण में है कि अगर पुरुष स्वतन्त्र है तो नारी भी स्वतन्त्र है (**कफन**)। नारी की समाज में समतुल्यता ही ध्वनित होती है जब भारतभारती में **राष्ट्रकवि गुप्त** कहते हैं–

**केवल पुरुष ही न वे जिनका जगत को गर्व था**
**गृहदेवियाँ भी थी हमारी देवियाँ ही सर्वथा,**
**था अत्रि-अनुसूया सदृश गार्हस्थ्य दुर्लभ स्वर्ग में**
**दामपत्य में वह सौख्य था, जो सौख्य था अपवर्ग में।**
**निजस्वामियों के कार्य में समभाग जो लेती न वे**
**अनुरागपूर्वक योग जो उसमें सदा देती न वे**
**तो फिर कहाती किस तरह अर्द्धांगनी सुकुमारियाँ**
**तात्पर्य यह अनुरूप ही थी नरवरों की नारियाँ।**

सच यह भी है कि साहित्य में नारी की अवस्थिति जितनी 'सुनिश्चित' कही गई, समाज में अवस्थिति उतनी सुनिश्चिन्त नही रहीं। एक विरोधाभास या द्वन्द्व या छल नारी के अस्तित्व के प्रति स्वीकारोक्ति में अवश्य रहा है। विशेषकर हम नारी में करूणा, त्याग, शौर्य आदि मूल्य भी गिनते रहे हैं, और यथार्थ जीवन में दोयम दर्जे पर ही उसको बिठाते रहे हैं। लेकिन अब नारी के जीवन में पूर्वोक्त मूल्य अधिक व्यावहारिक एवं जीवन प्रतिबिम्बित हो रहे हैं। **जगन्नाथ मिश्र 'मिलिन्द'** की ये पंक्तियाँ नई मञ्जिलों पर नारी को देखने की बात करती हैं–

**कर पदाधात अब मिथ्या मस्तक पर,**
**सत्यान्वेषण के पथ पर निकले नारी**
**तुम बहुत दिनों तक बनी दीप कुटिया की,**
**अब बनो क्रान्ति की ज्वाला की चिन्गारी**
**जड़ता, आडम्बर, शोषण का भीषण वन,**
**वह ज्वाला सुलगा उसको शाीघ्र जलाओ।**
**साकार मूर्ति तुम सृजन साधना की थी,**
**ाि नई नीवं पर नया समाज बनाओ।**
**है तुममें बन्दी आधा राष्ट्र हमारा,**
**पहले अपने रंगीन पाश तुम तोड़ो**
**सुख स्पप्नों के उस रुढ़ीबद्ध जीवन की**
**मोहावृत्त दुर्बलता से अब मुख मोड़ो।**

नारी का सशक्तिकरण वस्तुतः एक दृढ़ चिन्तन का विस्तार है कि नारी का अस्तित्व पुरुष से समतुल्य है और किन्हीं सन्दर्भों में ज्यादा भी है। सशक्तिकरण की शुरूआत नारी के प्रति स्वकर्तव्यबोध एवं दायित्वस्वीकृति से होती है। यह सशक्तिकरण आन्तरिक उद्घाटन है या मिथ्या परतों का टूटना है। नारी का सशक्तिकरण एक प्रगाढ़ अभिवृत्ति का जन्म लेना कि नारी सामान्य है। **श्रीकृष्ण 'सरल'** के शब्दों में–

**महाशक्ति भारत की नारी**
**एक ओर यह तरल-सरल है, और दूसरी ओर कटारी।**
**यह भारत की नारी है या, कहे कि भारत की संस्कृति है,**
**यह पूजा है, यह अर्चा है, यह नव-जीवन है, जागृति है**
**यह कर्तव्यवहन कर सकती, प्रिय से प्रिय भारी से भारी।**
**महाशक्ति भारत की नारी!**

हिन्दी साहित्य के ये प्रारम्भिक उदाहरण हैं, जिनमें नारी के उत्थान में देश और समाज दोंनो का उत्थान निहित है। आज ये वचनमात्र प्रमाण नहीं हैं, बल्कि उद्योग, सैन्य, शिक्षा, चिकित्सा, समाजकार्य आदि प्रत्येक क्षेत्र में नारी का स्थिति मजबूत हुई है। साहित्य पुरोगामी है, और समाज को राह बताता है कि नारी के जीवन में सबसे पहले आन्तरिक स्वतन्त्रता का उद्घाटन करना आवश्यक होगा। पुरातनी अवधारणाएँ तोड़नी होगी तथा नए सामाजिक परिदृश्य खींचने होंगे। मूल सरोकार से छेड़खानी स्वीकृत नहीं होनी चाहिए और इस हेतु यथार्थ सामाजिक व्यवस्था अपनानी चाहिए।

हिन्दी साहित्य में पुनः **श्रीकृष्ण 'सरल'** की कुछ चुनिन्दा पंक्तियाँ जो आत्मनिर्भरता, साहस और नए लक्ष्यों की बात करती हैं–

**देवियो! भारत की तुम उठो**
**देश को और उठाओ तुम,**
**शक्तियों! शक्तिदायिनी हो**
**शक्ति अपनी दिखलाओ तुम,**

**तुम्हारी जागृति जीवनज्योति**
**तुम्हारी प्रगति देश उत्थान,**
**तुम्हारी करवट नव युग-सन्धि,**
**तुम्हारी अंगढ़ाई दिनमान्,**

**देश को दो सक्रिय सहयोग**
**देश के भाग्य जगाओ तुम,**
**देश को और उठाओ तुम,**

**तुम में दृढ़ होते संकल्प,**
**तुम्हारें दृढ़ होते विश्वास,**
**तुम्हारी शक्ति अपरिमित शक्ति,**
**नाश-निर्माण तुम्हारे पास,**

**करो दुर्भाग्य निशा का नाश**
**सृजन संगीत सुनाओ तुम!**
**देश को और उठाओ तुम!**

हिन्दी साहित्य में नारी का जीवन दो रूपों में प्रतिबिम्बित हुआ है- **यथार्थ** एवं **आदर्श**। **यथार्थवादी दृष्टिकोण** नारी को सर्व शक्तिसम्पन्न बताता है और **आर्दशवादी दृष्टिकोण** उसे उन शक्तियों के अनुभवन की प्रेरणा देता है। **दिनकर** और **प्रसाद** की पंक्तियाँ नारी के यथार्थ के बारे में हैं जबकि **श्रीकृष्ण सरल** और **जगन्नाथ** की पंक्तियाँ अन्तर्निहित क्षमताओं के अनुभव की एवं विकास की बात करती हैं।

साहित्य तो समरसता और समानता की बात करता है और इस कारण हिन्दी साहित्य भी आधुनिक भारतीय साहित्य के रूप में नारी को शक्तिसम्पन्न बताता है। नारी शक्ति एवं क्षमताओं से भरपूर है, इस बात का प्रमाण स्वयं हिन्दी साहित्य है। मध्यकाल में नारी द्वारा साहित्यलेखन के नगण्य प्रमाण मिलते हैं। आधुनिक काल में तो नारियों द्वारा लेखन की प्रवृत्ति बहुत अधिक देखी जा सकती है। राष्ट्रीय जागरण काल में **सुभद्रा कुमारी चौहान**, **तोरनदेवी शुक्ल**, **विद्यावती कोकिल** आदि ने देशप्रेम के लिये कविताएँ लिखीं। **महादेवी वर्मा** के बिना तो हिन्दी साहित्य का छायावादी अध्याय समझ पाना असम्भव है।

पश्चात्वर्ती साहित्य में **दया सिंह**, **इन्दु जैन**, **मधुभारती**, **अमृता** आदि का नाम नवाचारपूर्ण साहित्य के लिए याद रखा जाता है। कथासाहित्य में **राजेन्द्र बाला**, **कमला चौधरी**, **ऊषादेवी मित्र** आदि नए संदर्भो में कहानीलेखन में **रजनी पणिक्कर**, **मनु भंडारी**, **मिणाल पाण्डे**, **शांता सिन्हा** आदि अद्वितीय लेखिकाएँ हैं। **उमादेवी मित्र**, **ऊषा प्रियम्वदा**, **मेहरून्निशा परवेज** के नाम हिन्दी उपन्यास साहित्य में अमर हैं, जबकि **कृष्णा सोबती** इन सब में अग्रणी मानी जाती है।

पुनः **वर्मा** जी संस्मरण एवं रेखाचित्रें में अनन्या लेखिका है। व्यंग्यलेखन के लिए **शांति मेहरोत्र** एवं **सरोजनी प्रीतम** अप्रतिम नाम हैं। यह कुछ नाम है जिनके संज्ञान का तात्पर्य सिर्फ यह बताना है कि जिस हिन्दी साहित्य में नारी का आन्तरिक एवं यथार्थ प्रतिबिम्ब हमें मिलता है, उस हिन्दी साहित्य की साधना में नारियाँ भी समान रूप से साधिका रही हैं।

हिन्दी का साहित्य एक निश्चित दिशा में नारी जागरण की बात करता है। यह जागरण ही स्थायी सशक्तिकरण है। यह जागरण नारी का नहीं, सम्पूर्ण समाज का जागरण है। इस जागरण को

हिन्दी साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति स्वीकारना होगा। यह साहित्य–संस्कृति एवं समतुल्य विचारधाराओं के प्रति छल होगा यदि इस प्रतिबम्ब को अनदेखा किया जाता है। अन्य शब्दों में नारी के यथार्थ प्रतिबिम्बित होने से साहित्य की अर्थवत्ता भी मूल्यांकनीय है।

यथार्थ में नारी सशक्तिकरण नारी को विशिष्ट मानकर कुछ कानूनी या सामाजिक शक्ति प्रदान करना नही है, बल्कि पुरूष की तरह समस्तरीय मानकर उसमें छुपी प्रतिभाओं और शक्तिओं को पहचान एवं अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना है, समतुल्यता की स्वीकृति सशक्तिकरण की पहली शर्त है।

**सन्दर्भसूची**

खुराना एवं चौहान. (2012). *भारतीय इतिहास में महिलाएँ.* आगरा: लक्ष्मी नारायण अग्रवाल.

त्रिपाठी, प्रो. मघुसूदन. (2010). *महिला विकास: एक मूल्यांकन.* दिल्ली: ओमेगा पब्लिकेशन्स.

दिनकर, रामधारी सिंह. (2010). *उर्वशी.* इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन.

प्रसाद, जयशंकर. (2009). *कामायनी.* दिल्ली: कलामन्दिर, नई सड़क.

मिश्र, विद्यानिवास. (2007). *साहित्य के सरोकार.* नयी दिल्ली: वाणी प्रकाशन.

शुक्ला, डॉ. मनीषा. (2007). *अनवद्या.* वाराणसी: वनारस हिन्दु विश्वविद्यालय.

# दरिद्रचारुदत्त में नारी का स्वरूप

**डा. रश्मि मिश्र**

**''नारी जीवन झूले की तरह**
**इस पार कभी उस पार कभी''**

आज के समाज में नारी की यही स्थिति है यद्यपि प्राचीन काल से ही नारी सदा सम्मान के योग्य रही है परन्तु आधुनिक युग में नारी अपनी वह सनातन गरिमा अपना सम्मान खोती जा रही है। क्योंकि आज की पीढ़ी अपने संस्कारों और नैतिक आदर्शों को त्याग रही है। मनुस्मृति में नारी अत्यन्त पूजनीया मानी गई है –

**''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता''**

भारत के इतिहास में आदि काल से ही नारी जाति का सम्मान होता रहा है क्योंकि वही मनुष्यता के इतिहास की प्रधान नायिका रही है या कहिये कि नारी लोक का मूल आधार है। वास्तव में तो देवियों का स्थान भी देवताओं से पूर्व ही रहता है जैसे हम गणेशाय नमः न कहकर पूर्व में श्री लगाकर ही श्री गणेशाय नमः कह कर ही स्तुति करते हैं। वेदों में भी स्त्री और पुरूष दोनों को पारस्परिक सहयोगी मानते हुए एक दूसरे का पूरक माना जाता है ऋषि याज्ञवल्क्य भी अपनी दोनों पत्नियां मैत्रयी और गर्गी से हवन, पूजन आादि करवाते थे। मनुस्मृति में तो माता को पृथ्वी की प्रतिमूर्ती माना है

**''आचार्योब्रहमणो मूर्तिः पिता मूर्तिः प्रजापतेः।**[1]
**माता पृथिव्या मूर्तिस्तु भ्राता स्वो मूर्तिरात्मनः''॥**

धर्म ग्रन्थों में भी नारी का सम्मान जनक मान्या शब्द से बोधिक किया है। त्रेता युग में भी राम बनवास के समय सीता को राजगद्दी पर स्थित होकर शासन चलाने की बात कही गई थी। किन्तु महाभारत कालीन समाज से ही स्त्री का सम्मान धीरे-धीरे लुप्त होता गया।

संस्कृत जगत् में आदि नाटककार भास ने इस ग्रन्थ चारुदत्तम में अपनी नायिका को जो कि एक गणिका (वैश्या) है उसको सामान्य ही नहीं बल्कि सर्वोत्कृष्ट स्थान पर उपस्थित किया है। गणिका की ऐसी विशेष परिकल्पना सर्वप्रथम साहित्य जगत् में नाटककार भास के द्वारा ही दृष्टिगोचर होती है जिसमें सर्वतोमुखी व्यवहार की पराकाष्ठा है, जो भारतीय समाज में गणिका के कलंक को धोकर एक साध्वी नारी के पद को सुशोभित करती है। आचार्य धनंजय ने नायिका के तीन भेद बताये है स्वकीया, परकीया एवं साधारण स्त्री अथवा गणिका।

दशरूपककार ने लिखा है –

**''साधारण स्त्री गणिका कला प्रागल्भ्यधौर्त्ययुक''।।**[2]

अर्थात् साधारण स्त्री तो गणिका होती है जो कला प्रगल्भता एवं धूत्तर्ता से युक्त होती है।

**''छन्नकार्थसुखार्थज्ञस्वतन्त्रहंयुपण्डकान्।**
**स्क्तेव रंजयेदाढयान्निः स्वान्मात्र विवासयेत''।।**[3]

अर्थात् गणिका छिपकर प्रेम करने वाली होती है, सुखपूर्वक धन प्राप्त करने वाली होती है।

अज्ञानी, अंहकारी, पण्डक (नंपुसक) और धनवान हो तो अनुरक्ता के समान प्रसन्न करती है क्योंकि वैश्या की वृत्ति मे धन की प्रधानता होती है। यदि निर्धन होता है तो निकलवा देती है जिसे कि वह फिर भी मिल सके। यहां फिर मिलने से तात्पर्य है कि यदि कामुक का धन चुक जाने पर यदि वैश्या उसको स्वयं निकालेगी तो वह फिर नहीं आयेगा, किन्तु यदि स्वयं उसको प्रेम दिखाती रहेगी और (माता) कुट्टिनी के द्वारा उसको निकलवायेगी तो धन मिलने पर वह फिर भी आ जायेगा।

भारतीय समाज में गणिका का स्थान भी निर्धारित है यद्यपि प्राचीन काल से ही गणिका का स्थान अर्थव्यवस्था से रहा है किन्तु

**''नायिका कुलजा क्वापि वैश्या क्वापि द्वयं''**[4]

इस लक्षण के अनुसार गणिका नायिका है परन्तु गणिका होने पर भी उसका व्यवहार वैश्या की तरह नहीं है।

यहां प्रस्तुत नाटक में गणिका वसन्त सेना नायिका है जो इसका केन्द्र बिन्दु है वसन्तसेना उज्जयिनी की सर्वाधिक सम्पत्तिशाली वैश्या है जिसका घर कुबेर के घर के एक खण्ड जैसा प्रतीत होता है सम्पत्ति के अनुरूप ही उसका ह्रदय भी विशाल है। उसके ह्दय में करुणा की तरंगे सर्वदा तरंगित होती रहती है। यद्यपि भारतीय समाज में गणिका को हेय दृष्टि से देखा जाता है किन्तु वसन्तसेना ने आत्मसंघर्ष की स्थिति से उपर उठकर अपने वर्चस्व को स्थापित करने का स्वाभिमान का शुभारम्भ करके नायिका के माध्यम से नारी चेतना के स्वरों की अनुगूंज को प्रस्तुत किया है। जहां गणिका समस्त नारी जगत में, विशेषकर गणिका समाज में मानसिकता और पृष्ठभूमि से जुड़ी चुनोती के रूप में दिखाई देती है। आज भी यदि कोई वैश्या समाज में विवाह संबध स्थापित करके अपना घर बनाना चाहती है तो उसे समाज से अनुमति नहीं मिलती है जो ह्रदयहीनता की पराकाष्टा को द्योषित करती है किन्तु वसन्तसेना ने अपने गुणों के द्वारा अपना स्थान प्राप्त किया है। वसन्त सेना पवित्र प्रेमिका है चारुदत्त निर्धन है इस बात को जानती हुई भी वह अनन्य ह्रदय से उसे प्रेम करती है।

वह चारुदत्त से कुछ चाहती नहीं रि भी अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तत्पर रहती है। वह जानती है कि वह एक गणिका है और चारुदत्त के अन्तःपुर में जाने का अधिकार नही रखती है फिर भी चारुदत्त के गुणों पर अनुरक्त है। उसका स्तर गिरा हुआ नहीं है। वह भी

एक अभिजात कुल की महिला होने का दम भरती है – मेरा यह संकल्प अर्थात चारूदत्त के प्रति प्रेम संकल्प मातृ–पितृ कुल के अनुरूप होता है।

**''एष मे भिनिवेशः अभिजनेन तोल्यते''।**[5]

वह अच्छी तरह परिचित है कि अपने प्रेमी के प्रणय सम्पन्न व्यवहार का किस तरह पालन करना चाहिये। जब चारुदत्त वसन्तसेना से भ्रमवश परिचारिका जैसा व्यवहार करता है तो अपने अपराध की क्षमायाचना करता है तो वसन्तसेना भी अपने अपराध की क्षमायाचना करते हुए कहती है – मैं गृह प्रवेश की अनुमति के बिना आपके घर जबर्दस्ती प्रवेश करने के कारण अपराधी हूँ तथा इसके लिए आर्य को मस्तक झुकाकर प्रार्थना करती हूँ।

**''अदत्तभूमिप्रवेशप्रघर्षणेनापराद्धाहमार्य शीर्षेण प्रसादयामि''**[6]

वसन्तसेना चारुदत्त के उत्कृष्ट गुणों से मुग्ध होकर उसे हृदय से चाहती है इस बात की पुष्टि शकार के कथन से होती है –

**''चारुदत्तबटुकं कामयत एषा। इदं तस्य गृहस्य पक्षद्वारम्''**

मदनिका वसन्तसेना से कहती है कि जब चारुदत्त के प्रति तुम्हारा बहुत बड़ा सम्मान है तो तुम स्वयं वहां क्यों नहीं चली जाती इस पर तर्कयुक्त उत्तर में कहती है मैं तो जाऊंगी ही पर ऐसा करने पर दरिद्रता के कारण अपने आपको प्रत्युपकार करने में असमर्थ पाकर कहीं वह फिर मेरे लिए दुर्लभ न बन जाये। इसलिए विलम्ब कर रही हूं। यहां उसका प्रेम अर्थमूलक और कृत्रिम नहीं है क्योंकि वह जानती है कि द्ररिद्रपुरुष पर आसत्त गणिका की प्रतिष्ठा लोक में सुरक्षित रहती है।

वह स्वभावतः परोपकारी महिला है वह संवाहक को जुआडियों से मुक्ति पाने के लिए आशुतोष द्रव्य ये कह कर देती है कि आर्य चारुदत्त ही दे रहे है ऐसा समझे।

**''न खलु आर्येणर्थनिमित्ता चिन्ता कर्त्तव्या।
आर्य चारूदत्त एव ददातीत्यार्यो जानातु।''**

क्योंकि वह यह नहीं चाहती है कि लोग उसके परोपकारी प्रवृत्ति का गुणानुवाद करे। वह दासी के साथ भी अच्छा व्यवहार करती है जब उसे पता लगता है कि वह सज्जलक से प्रेम करती है तो वह उसे गुलामी से मुक्त ही नहीं करती, बल्कि वह उसे अपने आभूषणों से अंलकृत करके उसका उसके साथ प्रणय भी करा देती है। विदूषक के द्वारा भेजी गई मुक्तावली हार को भी वह इसलिए ग्रहण करती है कि वह चारुदत्त का सम्मान करती है। क्योंकि वह गम्भीर प्रकृति की नायिका है वह सदा यह प्रयत्न करती है कि समाज में उपहासास्पद न हो सके –

**''सखीजनेनापहसनीयत्वम् आत्मनः परिहरामि''**[7]

क्या किसी–वैश्या से इस प्रकार के व्यवहार की आशा की जा सकती है। करुणा का एक कण भी उनके हृदय में देखने को नहीं मिल सकता किन्तु वसन्तसेना इसका अपवाद है। चोरी

किये गये सुवर्णभाण्ड के बदले रत्नावली भेजने के लिए उसने अपने आप को बहुत ही तुच्छ मानकर अपने आप को ही धिक्कारा

**''धिक् खलु गणिकाभावम्। लुब्धेति मां तुलयति''**

यहां वसन्तसेना बुद्धिमती, कलाकुशल और विदूषी नारी है। वह इशारे में कही हुई बात को तुरन्त समझ लेती है जब वह शकार और विट के द्वारा अपने आपको उनसे छुड़ाने में असमर्थ समझती है तो वह तुरन्त ही अपने आभूषण उतार के रख लेती है तथा कहती है कि मैं कुलपुत्रजन के शीलरूपी परितोष से जीवित रहने वाली वैश्या हूं।

**''आर्य ! कुलपुत्रजनस्य शीलपरितोषोपजीविनी गणिका खल्वहम्**[8]

इसी प्रकार जब वसन्तसेना की माता उसको अलंकृत करने को कहती है प्रत्युत्तर में वसन्तसेना कहती है कि मै जब चारुदत्त के पास जाउंगी उसी दिन अपने आपको अंलकृत करूंगी।

**''यदा आर्यचारुदत्तभिसरयितव्यस्तदा मण्डयामीति''**[9]

नारी अपनी प्रकृति के अनुसार अपना सम्पूर्ण जीवन दूसरों के प्रति समर्पित करती आई है फिर भी भौतिक जीवन में प्रायः उसे विभिन्न प्रकार की प्रताड़नाओं को सहन करना पड़ता है फिर चाहे वो पारिवारिक हो अथवा सामााजिक अथवा राष्ट्रिय स्तर की, किन्तु नारी शान्त हृदय से उसका सामना करती आयी है जो उसकी सहनशक्ति का परिचायक है। यहां भी गणिका वसन्तसेना अपनी नारी सक्षमता से पूरे समाज में अपने चरित्र के द्वारा एक ऐसी छाप छोड़ जाती है जो साधारण नारी का भी अतिक्रमण करके उच्च पद पर आसीन है। भारतीय समाज में यदि कोई नारी स्वकीया हो अथवा परकीया अपना स्थान बनाती है तो वह साधारण बात है किन्तु भारतीय समाज में यदि कोई वैश्या अपनी नारी सशक्तिकरण से समाज मे उच्चकोटि का स्थान जो आदर्शयुक्त हो, उदारहृदय हो, स्वार्थभावना से परे हो तथा अर्थप्राप्ति में अनुरक्त नहीं हो वह वास्तव में स्मरणीय है। उसके लिए जयशंकर प्रसाद की यह युक्ति उचित ही प्रतीत होती है।

**''नारी तुम केवल श्रद्धा हो''**

**सन्दर्भ**

1. मनुस्मृति - 2/226
2. दशरूपम् 2/15
3. दशरूपम् 2/22
4. साहित्य दर्पण 6/242
5. चारूदत्तम् - प्रथमांक
6. चारूदत्त - प्रथमांक
7. चारूदत्त - अंक 4
8. चारूदत्त- प्रथमांक
9. चारूदत्त - चतुर्थांक

# विश्व की सन्त महिलाएँ

**उषा**

वैदिक काल से ही स्त्रियाँ परम पूज्य समझी जाती है । वैदिक सभ्यता के आरम्भ से महिलाओं और पुरुषों को समानता का अधिकार प्राप्त है। नारी में देवत्व की मात्रा स्वभावतः अधिक होने के कारण उसे पूज्य एवं पवित्र माना जाता है। हर रूप और हर क्षेत्र में नारी अग्रणी ही रही है। वेदाध्ययन में भी स्त्रियों का बहुत अधिक योगदान रहा है। इस काल में कुछ ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जो अविश्वसनीय थे। जैसे–ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार राजा कुशध्वज की पुत्री 'वेदवती' नामक कन्या जो बचपन से ही वेदोच्चारण करने में प्रवीण थी ।

**वेदध्वनिं सा चकार जात मात्रेण कन्यका:।**[1]
**तस्माता ते वेदवती प्रवदन्ति मनीषिण:॥**

वैदिक काल में स्त्रियाँ यज्ञ की अधिकारिणी भी हुआ करती थी[2] तथा शिक्षा का प्रचलन भी था। स्त्रियों के लिए दो प्रकार की शिक्षा पद्धति की व्यवस्था थी और उनके लिए दो वर्ग हुआ करते थे सद्योद्वाहा–जो विवाह होने पर अपनी शिक्षा समाप्त कर देती थी और ब्रह्मवादिनी–जो विवाह नहीं करती थी, आजीवन शिक्षा लेती तथा आचार्य रूप में शिक्षा देती भी रहती थी। गार्गी, सलुभा आदि को गुरु परम्परा में स्मरण किया जाता है।[3] विद्वानों की गोष्ठियों में जाकर शास्त्रर्थ की परम्परा को आगे बढ़ाती थी। स्त्रियों ने आध्यात्मवाद के क्षेत्र में भी महान प्रगति की और वे योगिनियाँ बनी।

वैदिककाल के बाद भी स्त्रियों ने सन्त जीवन को स्वीकृत कर उसे सार्थक किया है। मीराबाई,शारदा देवी, और गौरीबाई जैसी महिला सन्त विश्व में चर्चित है परन्तु कुछ सन्त नारीयाँ ऐसी भी रही है जिनके विषय में बहुत कम विचार किया जाता है। उन्हीं से सम्बन्धित यहाँ कुछ चर्चा की गई है।

## भारत की सन्त महिलाएँ

**ईसा** से कुछ सदियों पूर्व दक्षिण भारत में **अव्वैयार** नाम से एक बच्ची का जन्म हुआ।

---

1. ब्रह्मवैवर्त पुराण ।
2. 'शुद्धपूतायोषितो यज्ञिया इमा:' ऋग्वेद ।
3. आश्वलायन गृह्य सूत्र–3–4–4 ।

बचपन में अनाथ होने के कारण **अव्वैयार** का एक कवि ने लालन-पालन किया। इनका रूप-सौन्दर्य चर्चा का विषय बना और बड़े-बड़े धनी उसे अपनी परिणीता बनाने के लिए एक-दूसरे से होड़ लेने लगे लेकिन **अव्वैयार** का मन तो धार्मिक तथा साहित्यिक वृतियों में और जन सेवा में रम चुका था। एक राजकुमार के विवाह प्रस्ताव पर **अव्वैयार** ने ईश्वर से प्रार्थना कि ''ये लोग मेरे रूप और माधुर्य के पीछे पड़े है लेकिन में अपना सारा जीवन ईश्वर की सेवा और ज्ञान प्रसार में लगाना चाहती हूँ कृपा कर मेरा यौवन और सौन्दर्य वापस ले लो''[1] कहा जाता है कि उसी क्षण **अव्वैयार** वृद्ध हो गई। अब वह चिन्ता मुक्त होकर भ्रमण पर्यटन शुरू किया और तमिलभाषी प्रदेश के कोने-कोने में उनके नीती वचन सुने गये। इन्होने युद्ध की विभीषिका का बहुत ही सजीव वर्णन किया और लोगों को शान्ति का मार्ग अपनाने का उपदेश दिया। **अव्वैयार** ने अनेक नीतिग्रन्थों कि रचना कि जिनमें से कई आज तक पाठशालाओं में पढ़ाये जाते हैं।[2]

**तमिलनाडू** में जन्मी विलक्षण, सुन्दर और सौम्य कन्या **पुनीदवती** ने अल्प आयु में शिव भक्ति मार्ग को अपना लिया था। उनकी भक्ति की पराकाष्ठा इतनी थी कि वह ध्यान करके शिव से जो कुछ इच्छा करती वह सामने प्रकट हो जाता था। फिर भी वह इस शक्ति का अहंकार न करके केवल अपने आराध्य के चरणों में लीन रहती थी। पुनीदवती की इच्छा के विरुद्ध उनका विवाह परमदत से कर दिया गया। भक्ति मार्ग पर चलते हुए उन्होंने पत्नी निभाया धर्म को पूरी निष्ठा से निभाया किन्तु जब परमदत को उनकी शक्तियों के बारे में पता चला तो उन्होंने उसे पत्नी नहीं एक देवी का स्थान दिया। **पुनीदवती** ने भक्ति काव्य की रचना की। इनकी रचनाऐं तमिल के शैव साहित्य में सम्मिलित करने योग्य समझी गई। आज भी उनकी प्रतिमा शैव मन्दिरों में अन्य 63 मायन्मार सन्तों की प्रतिमाओं के साथ स्थित है।

**16वीं सदी** में गुजरात प्रदेश की पवित्र धरोहर के रूप में **गौरीबाई** का जन्म हुआ। **गौरीबाई** का विवाह अल्प आयु में किया गया, परन्तु दुर्भाग्यवश विवाह के कुछ दिनों बाद ही उन्हें विधवा योग का सामना करना पड़ा। उस समय शिक्षा बालिकाओं के लिए ज़रूरी नहीं समझी जाती थी। लेकिन **गौरीबाई** ने घर पर ही पढ़ना आरम्भ कर दिया। उन्होंने अपनी शिक्षा के साथ-साथ अन्य महिलाओं की शिक्षा के लिए भी प्रयास किया। छोटी सी आयु में जन सेवा और भक्ति मे लीन हो कर दूसरों के दुःखों को दूर करने में अपना जीवन लगा दिया। गौरीबाई की कविताऐं मुख्यतः गुजराती भाषा में है। इनकी ख्याति दूर-दूर तक फैल गई थी भक्तिवश ही बड़े-बड़े राजा महाराजा उनके आगे नतमस्तक होने लगे। गौरीबाई के एक अनुयायी ने उनकी उपमा पवित्र गंगा से की है।

**मद्रास** प्रान्त के चित्तूर जिले में 18 वी सदी में **वेणकम्मा** का जीवन पूर्ण सादगी और कृष्ण की अनन्य भक्ति का जीवन था। विवाह के अल्पकाल के पश्चात् ही उनके पति का देहान्त

1. पूर्व-पश्चिम की सन्त महिलाऐं।
2. पूर्व-पश्चिम की सन्त महिलाऐं।

हो गया था। **वेणकम्मा** महान् साहस और स्वतन्त्र चेतना की अनुपम प्रतिमूर्ति थी। समाज की अर्थहीन प्रथाओं और परम्पराओं के विरुद्ध इन्होंने विद्रोह किया। एक विधवा होने के नाते उन्हे अपने सिर का मुंडन करवाना था, लेकिन उन्होंने इस प्रथा को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि ''किस वेद में यह लिखा है कि विधवा के लिए केश रखना मना है। अगर एक विधवा कि चित्त-वृत्तियाँ शुद्ध हैं तो उसके केश धारण करने अथवा आभूषण धारण कर लेने में क्या हानि है?''[1] प्रधान महन्त ने नाई को बुलवा कर बलपूर्वक उसका मुण्डन करवा दिया। **वेणकम्मा** नदी में गई और अपने इष्ट श्रीकृष्ण की अर्चना करके डुबकी लगाई। जब वह नदी से बाहर आई तब उनके सिर पर पहले जैसे ही सुन्दर केश लहरा रहे थे। वेणकम्मा ने अपनी मातृ भूमि के स्त्री-पुरुषों के उद्धार के लिए साधारण शैली में नैतिक, धार्मिक और दार्शनिक शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया। उन दिनों पुस्तकें साधरणतः दर्पपूर्ण शैली में शिक्षित वर्ग के लिए लिखी जाती थीं, न कि जन-साधारण के लिए। लेकिन **वेणकम्मा** का लक्ष्य था-मनुष्य मात्र की सेवा के माध्यम से परमात्मा की सेवा । इनकी रचनाऐं पद्य में हैं उन्होंने कविता के प्रायः सभी रूपों-महाकाव्य, प्रगीत, गीत, खण्ड-काव्य, नाटक आदि को अपनाया है।[1] **वेणकम्मा** ने 'वशिष्ठ रामायण' की शिक्षाओं को अपनी मधुर काव्य-शैली द्वारा लोकप्रिय बनाने का सफल प्रयत्न किया है। **वेणकम्मा** के जीवन और उनकी रचनाओं में वर्तमान की अनेक समाधन खोजा जा सकता है।

## विदेशों की सन्त महिलाऐं

**रबिया** का जन्म **ईराक** के एक छोटे से क्षेत्र में ईसा की मृत्यु 727 वर्ष पश्चात् हुआ था।[2] निर्धनता के कारण उन्हें गुलाम के रूप में बेच दिया गया। उनका स्वामी एक क्रूर व्यक्ति था। **रबिया** धार्मिक भावना से परिपूर्ण थी। कठिनाईयों की अनवरत शृंखला से **रबिया** के साहस, गहन निष्ठा, उनकी तेजस्वी आत्मा पर तनिक भी प्रभाव नही पड़ा। प्रतिदिन कठिन कार्य करने पर भी उनकी आस्था कम नहीं हुई। वह दिन भर उपवास रखती और सारी रात भगवान भक्ति में लीन रहती थी। एक रात जब **रबिया** ध्यान में थी तो अचानक उनके स्वामी की नीन्द खुल गई उन्हें यह देख आश्चर्य हुआ कि **रबिया** कि देह सूर्य समान प्रकाशित हो रही थी। दूसरे दिन उनके स्वामी ने उन्हें दासता से मुक्त कर दिया। तुरन्त ही **रबिया** की ख्याति सन्त रूप में दूर-दूर तक फैल गई। उनके उपदेशों को सुनने के लिए दिन-रात शिष्यों की भीड़ लगी रहती थी। प्रारम्भिक काल के सूफी सन्तों में इनकी गणना की जाती है। प्रारम्भिक सूफी सम्प्रदाय दार्शनिक पद्धति का नहीं था, अपितु वह एक प्रकार की नैतिक व्यवस्था थी। **रबिया** न केवल उपदेशक थी अपितु अपने सिद्धान्तों को कार्य के रूप में परिणत किया तथा परमात्मा की नीतियों को जन-जन तक पहुचाया। मुस्लिम समाज में सन्त उपाधि की इस पराकाष्ठा तक जाना एक अद्‌भुत बात है।

**13 वी सदी** यूरोप में सियना के फाण्टब्रेटा में सात वर्ष कि आयु में **केथेरिन** ने सन्यास

---

1. पूर्व-पश्चिम की सन्त महिलाऐं।
2. पूर्व-पश्चिम की सन्त महिलाऐं।

लेने का निश्चय किया। प्रभु की भक्ति में उन्होंने मांस खाना छोड़ वह अपना जीवन शाक-पात पर निर्वाह करने लगीं। उनकी यह जीवन शैली न तो उनके परिवार को पसन्द आई और न ही वहाँ के चर्च के पादरी को। बारह वर्ष की छोटी सी आयु में ही सियना के एक पादरी ने कहा-''यदि तुम अपने विचार की पक्की हो तो अपने केश काट डालो'' **केथेरिन** ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सुन्दर लम्बे केश काट दिए। माता-पिता ने इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहन नहीं दिया। **केथेरिन** से सब सुविधाऐं छीन ली गईं। नौकरानी को भी निकाल दिया गया। अपना जो समय वह अराधना में लगाती थी वह घर के काम-काज में लगाने पर विवश थी। बहुत थोड़ी सी रोटी और कच्चे शाक-पात के अलावा वह कुछ नहीं खाती थी। उन्होंने अपनी नीन्द भी कम कर दी थी। भक्ति की पराकाष्ठा इतनी अधिक हो गई थी कि वह प्रभु ईसा मसीह से साक्षात् बात करने लगी। उनकी आध्यात्मिक शक्ति की ख्याति धीरे-धीरे जन साधारण में फैलने लगी। उनके चारों ओर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रहती थी। बड़े-बड़े खानदानी और ख्याति प्राप्त लोग भी उनके सत्संग से लाभान्वित होते थे। प्रभु ईसा मसीह से आत्मसात् करने की क्षमता रखने वाली **केथेरिन** ने **'ब्लेक डैथ'** महामारी फैलने पर जन सेवा की। पूरे यूरोप में महामारी का प्रकोप था लेकिन उन्होंने निर्भीकता और लग्न से लोगों की सेवा की। वह अस्पतालों में जाती तथा सड़कों पर घूम-घूम कर रोगियों की सेवा करती। मृत्यु प्राप्त व्यक्तियों का अन्तिम संस्कार कर उन्हें आत्म शान्ति प्राप्त करवाती थी। कहा जाता है कि सैकड़ों व्यक्तियों ने केवल **केथेरिन** के दर्शन मात्र से ही अपने आचरण को धार्मिक बना लिया।

**आयरलैंड के किलदारे** की सन्त महिला **सेंट ब्रिजिट।** इस असाधरण बुद्धि सम्पन्न महिला के बारे में कहा जाता है कि-''वह देवी और मानवी प्रतिभा से सम्पन्न वाणी प्रकट करती थी परन्तु वह स्वंय को सदैव तुच्छ समझती रही। अपने आपको शब्द करने वाली एक धातु से अधिक नहीं समझा।''[1] धन के दान में वह उदार और मुक्त हस्त थी, विशेषकर जब निर्धन और दु:खी व्यक्ति उनकी शरण में आता था। जब कोई अपात्र व्यक्ति उनसे भिक्षा मांगने आता था तब भी वह रुष्ट नहीं होती थी और नहीं किसी का बुरा सोचती थी। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ सम्मान पाकर भी अपने आपको सबसे छोटा समझा। न्याय और सत्य के पथ पर बढ़ते हुए उन्होंने जो अपमान और दुर्व्यवहार प्राप्त किया, उसे भी उसने अत्यन्त सहनशीलता और धैर्य के साथ ग्रहण किया। कर्म और आध्यात्मिक सत्य के लिए निरन्तर संघर्ष किया[2] '' **ब्रिजिट** एक दासी थी और ग्वालिन भी। भेड़ें चराना, चक्की पीसना जैसे गुलाम वाले कार्य करते हुए सब में प्रभु की छवि को देखा करती थी। उनकी भक्ति उनके सम्पर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का हृदय छूने में समर्थ थी। आयरलैंड के सन्त **ब्रिजिट** को कृषि-जीवन की अधिष्ठात्री मानते हैं। उन्होंने किसानों को भू-स्वामियों की दासता प्रथा से सर्वदा के लिए मुक्त कर दिया था। **ब्रिजिट** ने भक्ति की दृढ़ता और ईश्वरीय प्रेम

---

1. पूर्व-पश्चिम की सन्त महिलाऐं।
2. लाइन्स ऑफ दि आयरिश सेंटस-लेखक जान ओ हैन्लोन, 1875।

कि शक्ति का सच्चा रूप प्रदर्शित किया।

**ग्रीक और रोमन** साहित्य में यत्र–तत्र ऐसी स्त्रियों का वर्णन मिलता है, जिनमें से बहुत से सन्तों के गुण थे। उन्होंने अपना जीवन भक्ति में लगा दिया और अनेक कष्टों को सहन करते हुए भी जिन्हें किसी यश की आकांक्षा नहीं थी। दूसरी शताब्दी में **मैकरिना** का जीवन इसी तरह की भक्ति और सन्त चरित्र का परिचय दिया। **मैकरिना** वृद्ध जनों के जीवन कि आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती थी। अपने एकाकी जीवन में भी उन्होने भूखे–बूढ़े लोगों कि देखभाल जरुरी समझी। उन्होने कभी किसी से सहायता की याचना नहीं कि। प्रभु स्वंय अव्यक्त रूप से उनके शुभ कर्मों रूपी बीजों को सींचते रहे जब तक की वह मधुर फलों से आच्छादित नहीं बन गये। .....

**निष्कर्ष**–'सन्त' शब्द कानों में सुनते ही भगवा रंग और कुछ विशेष वेशभूषा आँखों के सामने प्रत्यक्ष हो जाते हैं लेकिन जो विशेष प्रतीत हो वही 'सन्त' नहीं कहे जाते अपितु जिनका जीवन किसी भी सामान्य जन के जीवन को विशिष्टता की ओर प्रवृत करे वही 'सन्त' है। इस तथ्य को **विश्व की सन्त महिलाओं** ने सत्य सिद्ध किया है। **अव्वैयार** का यौवनावस्था में इच्छानुसार रूप–सौन्दर्य को ईश्वर को समर्पित कर देना, **पुनीदवती** का प्रभु साक्षात्कार, **केथेरिन** का सात वर्ष की आयु में सन्यास लेना हो या **रबिया** कि देह सूर्यवत् प्रकाशमान हो। यह सब एक अद्‌भुत चमत्कारों से भी ऊपर की घटनाएँ है, क्योंकि चमत्कार तो जादूगर भी दिखाते हैं लेकिन वह सन्त नहीं होते हैं अपितु लोगों को भ्रमित करते हैं। मिथ्या से इतर सत्यता में ही ईश्वर और जन सेवा में ही प्रभु भक्ति को पाना ही सभी सन्त नारियों का लक्ष्य रहा है तथा ये उनकी जीवनी से भी प्रकट होता है। सभी सन्त महिलाओं ने केवल मन्दिरों को ही अपना लक्ष्य नहीं बनाया अपितु दुःखों को सहन करते हुए प्रत्येक मानव में उस ईश्वर का साक्षात्कार किया तथा अपने हर क्षण को भगवत् तुल्य बना दिया। कहा जाता है कि अगर सामने भगवान की मूर्ति हो और दूसरी ओर उसका भक्त हो तो, आस्था को सार्थक करने वाले उस भक्त को ही सर्वप्रथम नमन किया जाता है और इसी आस्था को सन्त के रूप में नारियों ने अपने श्रेष्ठ जीवन से परिभाषित किया है।

---

1. मैमोयर्स ऑफ चाइल्डहुड एण्ड यूथ, पृष्ठ 91

# Domestic spaces : Renegotiating Patriarchy

**Shivali Kharbanda**

Women's writing has over the years reflected the continuing, inherent tension between tradition and modernity. Women have found themselves torn between patriarchy and convention on one hand and self-expression and individuality on the other. My paper is an attempt to look at images of women in the novels of three Indian English writers : Attia Hosain's *Sunlight on a broken Column,* Anita Nair's *Ladies Coupe* and Shashi Deshpande's *That Long Silence.* I wish to specifically explore how the home becomes a gendered space, a contest for gender and identity conflict. In this context I will show how the three novels with three different domestic spaces, the haveli, the bungalow and the apartment embody gender differences and gendered division of space.

Attia Hosain's *Sunlight on a broken Column* captures the haveli as the space where the patriarch holds supreme authority. The specific feature of the haveli is the central, open courtyard which is the focal point of the house. Since it is the space where women would get together to do their household work, no outsiders were permitted in this interior space. There were no private spaces and the women had to adjust their places after the men had selected theirs. With divisions of maleèfemale, publicèprivate, the haveli reinforces divisions on the basis of gender or hierarchy. The first sentence of the novel draws attention to the strict spatial rules in the haveli. " The day my aunt Abida moved from the zenana into the guest room off the corridor that led to the men's wing of the house … we knew Baba Jan had not much longer to live."(14) The description of the drawing room is also reflective of patriarchal control. The coloured panes restrict light and metaphorically restrict all freedom for women. The flickering of shadows in the room with no light is suggestive of broken, unfulfilled dreams. Abida in the novel has internalized the rules of the haveli-tradition and of women's place within the system. She derives her strength from a total commitment to the value system. However, the message that Attia Hosain seems to send is that

such firm beliefs in hierarchy and separate spheres for women and men must be attacked. Abida keeps adhering to an unchanging past. She is a prisoner of tradition and so death is the only alternative for her. It is Laila who comes close to the figure of the empowered woman in some sense. Her marriage is an attempt towards selfhood since she asserts her individual identity flouting the norms of the patriarchal set up. Laila's repeated questions about her difference from others also highlight her progress towards self realization. These questions are reflective of Laila's internal conflicts. There is a rebellious streak in Laila and her resistance to the patriarchal system is evident when she says, 'I won't be paired off like an animal."(29) Hosain also criticizes Zahra's sense of duty and religiosity. Her marriage is only a shift from one patriarchal order to another. Zahra's education only prepares her to fulfill the patriarchal niche of a woman. " She has read the Quran, she knows her religious duties, she can sew and cook, and at the Muslim School she learned a little English, which is what young men want now.

The bungalow, unlike the haveli symbolizes individuation and is associated with a Western way of life. The bungalow becomes a meeting point of Indian and Western values. Anita Nair's *Ladies Coupe* reveals the extent to which the bungalow or another such housing model has been superimposed upon the haveli in terms of continuity of social patterns. A moving train becomes the centre of this novel. The protagonist Akhila, undertakes a journey in search of answer to the question- Can a woman live alone and be happy? The bungalow is the space where boundaries and spaces are clearly demarcated between men and women. In this home, femaleèwifely surrender is the first condition of a happy family life. The home, a haveli or a bungalow is the space where one individual – the husband is empowered. It is his kingdom which he both rules and protects. Akhila's mother in *Ladies Coupe* teaches her the rules of wifehood. "First of all, no good wife could serve two masters- the masters being her father and her husband. A good wife learnt to put her husband's interests before anyone else's, even her father's. A good wife listened to her husband and did as he said. ' There is no such thing as an equal marriage' … ' It is best to accept that the wife is inferior to the husband. That way, there can be no strife, no disharmony…'" (106) Akhila refuses to conform to this traditional notion of wifehood and goes on a journey towards self discovery. In a ladies compartment, Akhila and the other women share their fears, marital life, children and lovers.

All of them are in search of their real selves. The word ‘escape’ is used many times in the novel. All the stories of these women deal with how they escape from or renegotiate their marital lives and how they liberate themselves from different levels of authority.

I move on to another domestic site of struggle, the urban apartment. The apartment also reinforces the social patterns seen in the haveli and the bungalow. The story of Jaya’s self discovery, the protagonist in Shashi Deshpande’s *That Long Silence* enfolds back in the suburban apartment. Jaya and Mohan, a ‘so called’ happily married couple with two children have a wide chasm of silence between them. It is in the apartment that Jaya re-evaluates herself as an individual, a wife and a writer. I quote from the novel. "A husband is a sheltering tree. Without the tree, you’re dangerously unprotected and vulnerable … And so you have to keep the tree alive and flourishing, even if you to water it with deceit and lies." (73) But as Jasbir Jain says, "Sheltering trees protect, insulate and isolate; they do not allow anything to grow beneath them; they act as a wall between the self and the world." (83)

The apartment has rigid and defined gender roles of wife and mother for her. Having shaped herself to the wishes of her husband, she has given up her space as a human being. After seventeen long years of suppression, Jaya realizes that she could spend the rest of her life in conformity but that would not be enough for her either as a wife or as writer. She begins to feel that institutions, systems and social structures tie women down. In order to realize herself completely, Jaya rejects the socially confining roles of wifehood.

Laila, Akhila and Jaya come close to the figure of the ‘new’ woman. The ‘new’ woman is emancipated, liberated, self-reliant, sexually expressive and intelligent. She has freedom of choices and refuses to be manipulated. Their empowerment lies in the fact that they move out to introspect and discover their true identities. They question the institution of marriage. Marriage doesn’t cater to all of an individual’s needs. It requires a lot of pretension and keeping up of appearances. Simone De Beauvoir, the French writer and feminist expressed her views on marriage as: " There is a unanimous agreement that getting a husband – or in some cases a ‘protector’ – is for her (woman) the most important of undertaking … She will free herself from the parental home, from her mother’s hold, she will open up her future not by active conquest but by delivering herself up, passive and docile, into the hands of new master…" (352)

The home, regardless of whether it is an apartment, a bungalow or a haveli is an essential step towards the construction of a future that will not allow any further silence and confinement. The emancipated women struggle against societal norms to acquire an identity and a voice of her own. Refusing to be considered merely as a commodity and an object, they challenge their victimization and renegotiate issues of gender, identity and power balance.

## Works Cited and Bibliography

Beauvoir, Simone De. *The Second Sex*. London: Four Square Books, 1961.

Das, Veena. *Critical Events*. Delhi: Oxford University Press, 1995.

Hosain, Attia. *Sunlight on a Broken Column*. (1961). Delhi: Arnold Heinemann, 1980.

Deshpande, Shashi. *That Long Silence*. New Delhi: Penguin, 1988.

Butalia, Urvashi. *The Other Side of Silence: Voices from the Partition of India*. New Delhi: Penguin, 1998

Eyal Ben-Ari and Smita Tewari Jassal. " Listening for Echoes : Partition in Three Contexts." Economic and Political Weekly 41.22 (2006) : 2213-220. *JSTOR*. 10 Nov 2013 < http:èèwww.jstor.orgèstableè4418294 >.

Frank Della. "Homeland."Frontiers : A Journal of Women Studies 23.2 (2002) : 97-98. *JSTOR*. 10 Nov 2013 < http:èèwww.jstor.orgèstableè3347394 >.

Jain, Jasbir. Gendered Realities, Human Spaces. The Writing of Shashi Deshpande. Jaipur: Rawat Publications, 2003.

Menon, Ritu and Kamla Bhasin. *Borders and Boundaries: Women in India's Partition*. New Delhi: Kali for Women, 1998.

Nair, Anita. Ladies Coupe. India: Penguin, 2001.

# कालिदासविरचिताभिज्ञानशाकुन्तलनाटके नारीणां प्राधन्यं महत्त्वञ्च

**रतनबारीकः**

महाकविकालिदासविरचित सप्ताङ्कं विशिष्टाभिज्ञानशाकुन्तलनाटके याः स्त्रीपात्राः सन्ति नटी, शकुन्तला, अनसूया, प्रियंवदा, गौतमी, प्रतिहारी, सानुमती, परभतृका, मधुरिका, चतुरिका, अदिति चानेन ज्ञायते प्राचीनकाले नार्य्याः अपि पुरुषवत् सामाजिकानुष्ठाने भागग्रहणं कर्तुं शक्नुवन्ति। प्रस्तावनायां सूत्रधारस्योक्ति द्वारा 'आर्ये! यदि नेपथ्यविधानं बसितम् इतस्तावत् आगम्यताम् अर्थात् नाटकप्रदर्शनात् पूर्वं या प्रस्तुति प्रयोजनमेतस्मिन् विषये नटेः ज्ञानं सम्यक् आसीत् अपि च सज्जाविषये अपि ज्ञानमासीत् इति ज्ञायते सूत्रधारेणोक्तं ग्रीष्मसमयाधिकृत्य गीयतां नट्या उक्तं 'ईषदीष च्चुम्बितानि भ्रमरै सुकुमार केशरशिखानी अवतंसयन्ति दयमानः प्रमदा शिरीष कुसुमानी'। गीतेन ज्ञायते तदानिन्तन् समये अपि नारीणां सङ्गीतविषये रुचि आसीत्। नाटकेऽस्मिन् आश्रमे स्थितानां बालिकानां दृष्ट्वा दुष्यन्तेनोक्तम् –

**शुद्धान्तदुर्लभमिदं वपुराश्रमवासिनो यदि जनस्य।**
**दूरीकृताः खलु गुणैरुद्यानलता वनलताभिः॥**

अपि च –

**सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं**
**मलिनमपि हिमांशेर्लक्ष्य लक्ष्मीं तनोति।**
**इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी**
**किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्॥**

श्लोकाभ्यां ज्ञायते प्राचीनभारते नार्याः अपि सौन्दर्यशास्त्रे निपुणाः आसन्। प्राकृतिकसंसाधनस्य व्यवहारमाध्यमेन ताषामायुर्वेदशास्त्रे ज्ञानमासीत् इति ज्ञायते। आश्रमे जलसेचनरतां शकुन्तलां दृष्ट्वा दुष्यन्तेन खेदितम्।

**इदं किलाव्याजमनोहरं वपु**
**स्तपः क्षमं साधयितुं य इच्छति।**
**ध्रुवं स नीलोत्पलपत्र धारया**
**शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति॥**

अनेन खेदोक्तिद्वारा ज्ञायते प्राचीनकाले नारीणां सम्मानं कथमासीत्, अर्थात् नारीणां कृते लघु-लघुकार्यं निर्धारितमासीत्। नार्याः अपि पुरुषवत् कार्ये भागग्रहणं कर्तुं शक्नुवन्ति। नाटके शकुन्तलायाः द्वौ मित्रे कालिदासेन वर्णिते यथा अनुसूया प्रियंवदा च। अनुसूयाशब्दस्य अर्थः नास्ति असूया इति, अपि च प्रियंवदति या सा। अनेन नामकरणमाध्यमेन एव तत्कालीनसमाजे नारीणां स्वभाव-प्रकृतिः कथमासीत् इति ज्ञायते।

तृतीयाङ्के काश्यपाश्रमे महर्षिकाश्यपस्य अनुपस्थिते सति शकुन्तलां प्रति यादृशं दायित्वमासीत् सा दायित्वं सम्यक्रूपेण पालितवती, अनेन माध्यमेन सामाजिकदायित्वमुपरि प्राचीनकालिकनारीणां गुरुत्वमासीत् कथयितुं शक्यते।

घटनापरम्परायां यदा शकुन्तला दुष्यन्तस्य प्रेमे मग्ना आसीत् कथं दुष्यन्तं प्रति एषा वार्ता प्रेषणीया इति समस्या समाधाने प्रियंवदा कथिता – **'एतस्मिन् शुकोदर सुकुमारे नलिनी पत्रे नखैः निक्षिप्त वर्ण कुरु'**। अनेन ज्ञायते तदान्तिनकाले नार्याः अपि शिक्षिता तथा प्रत्युत्पन्नमतित्वासन्।

घटनापरम्परायां दुष्यन्तेन सह शकुन्तलायाः गान्धर्वविधयनुसारे विवाहं सम्पन्नं जातमर्थात् यादृशी कामभावना शकुन्तलायाः मनसि समुद्भूता जाता सा तु मानवानां मूलप्रवृत्ति एव या तु जन्मना सह एव जायते सा मूलप्रवृत्ति शकुन्तलायाः मध्ये एव सम्यक्रूपेण कालिदासेन वर्णितम्।

चतुर्थाङ्कस्य प्रारम्भे शकुन्तलाविषये अनुसूया चिन्ता कृता सा अतीव तार्किक तथा युक्ति संगत। अनुसूया – **'अद्य स राजर्षिष्टिं परिसमाप्यर्षिभिविसर्जित् आत्मनो नगरं प्रविष्यन्त, पुर समागतं इतो गतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति चेत्'** तत् प्रत्युत्तरे प्रियंवदा कथिता **'न तदृशा आकृति विशेषा गुणविरोधिनी'** अनेन माध्यमेन ज्ञायते प्राचीनकाले नार्याः कथं चातुर्यता पूर्णं तथा बुद्धिमता आसन्। विवाहतुल्या कन्यां गुणवान पात्रैव प्रदेया एतत् नाटकेऽस्थित उक्ति द्वारा एव ज्ञायते तथा 'गुणवती कन्यका प्रतिपादनीयं तावत् प्रथम सङ्कल्पः' किन्तु कामपरवशं भूत्वा शकुन्तला दुष्यन्तेन सह विवाह सम्पन्नं कृतम्। यत् तु अनुचित एव यस्य शस्तिरूपेण कालिदासेन अत्यन्तनैपुण्यता सह दुर्वासा शापं संयोजितं यत् एवमासीत्–

**विचिन्त्यन्ती यमनन्यमानसा**
**तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।**
**स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन्**
**कथं प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव॥**

श्लोकेन एवं ज्ञायते तत्कालीन समाजे नारीणां कृते यथा सम्मानं स्नेहमासीत् तथैव काऽपि त्रुटि क्रियते चेत् शास्ति प्रदातव्या आसीत्। तत्कालीनसमाजे कन्यां प्रति पितृणां स्नेहं कथमासीत् तत् कश्यपस्योक्ति द्वारा एव ज्ञायते–

**यास्त्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्ठमुत्कण्ठया।**
**कण्ठः स्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम्॥**

नाटकेऽस्मिन् कालिदासेन अत्यन्तविचक्षणतया वर्णितं समाजस्य तथा परिवारस्य उन्नतैः निमित्तं नारीणां किं किं करणीयं कथमाचरणीयं, शकुन्तलायाः पतिगृहं गमनसमये कश्यपेनोक्तम्–

**शुश्रूषस्व गुरुन् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने**
**भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया सा स्म प्रतीपं गमः।**
**भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वजुत्सेकिनो**
**यान्त्येव गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः॥**

**अपि च यावत्पर्यन्तं कन्या गृहे स्थाष्यन्ति तावत् चिन्ता भवति एव एतत्तु अद्यतनीयसमाजे अपि दृश्यते एवमासीत्।**

**अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य संप्रेष्य परिग्रहीतुः।**
**जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा॥**

यद्यपि प्राचीनकाले पुरुषाधीनसमाज आसीत्। तथापि पुरुषं यदि काऽपि त्रुटि वा अपकर्मं करोति चेत् नार्याः अपि तिरस्कारः कर्तुं शक्नुवन्ति। तत् हंस पदिकाया उक्तं गीतेन ज्ञायते–

**अभिनवमधुलोलुपो भवांस्तथा परिचुम्ब्य चूतमञ्जीम्।**
**कमलवसतिमात्रनिर्वृत्तो मधुकर! विस्मृतोऽस्येनां कथम्॥**

एवं रूपेण घटनापरम्परायां दुष्यन्तेन शकुन्तला परित्यक्त्या अभवत्, अपि च सप्तमाङ्के मिलनमाधयमेन नाटकस्य समाप्तिमभवत्।

निष्कर्षरूपेण एवं कथयितुं शक्यते अभिज्ञानशाकुन्तलनाटकात् अद्यतनीय नारीसमाज अपि बहुविधज्ञानमर्जितुं शक्नुवन्ति। अपि च उत्तमकार्यं कर्तुमभिप्रेरणा प्राप्नुवन्ति। नारीं विना समाज तथा परिवारः व्यर्थ एव, तासामुन्नतिं विना समाजस्य उन्नतिं कदापि न सम्भवति। यथा दुष्यन्तस्य अभवत् तर्हि अस्माभिः नारीणां प्रति सम्मानं कुर्यात् यतोऽहि शास्त्रेण उच्यते 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'।

सन्दर्भसूची

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, श्रीकृष्णमणित्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी
2. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, डॉ. दिनेशप्रसादद्विवेदी, महाकाली प्रकाशन, शास्त्री नगर, कानपुर
3. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, डॉ. प्रभाकरशास्त्री, डॉ. रूपनारायणत्रिपाठी, पंचशील प्रकाशन, जयपुर

# भारतीय संस्कृति में स्त्री का महत्व तथा सशक्तिकरण

**डा. सुभाष चन्द्र मिश्र**

**''मातृदेवो भव[1]''। नास्ति मातृसमो गुरुः[2] ।**

भारतीय संस्कृति में माता को ईश्वर के तुल्य मान जाता है। महाभारत में नारी के विषय में कहा गया है[3] –

**''अर्धं भार्या मनुष्यस्य, भार्या श्रेष्ठतमः सखा ।**
**भार्या मूलं त्रिवर्गस्य, भार्या मूलं तरिष्यतिः ॥**
**भार्यावन्तः क्रियावन्तः, सभार्या गृहमेधिनः ।**
**भार्यावन्तः प्रमोदन्ते, भार्यावन्तः श्रियान्विताः॥**
**सखायः प्रविभक्तेषु, भवेत्येताः प्रियंवदाः ।**
**पितरौ धर्मकार्येषु, भवन्त्यार्तस्य मातरः ॥**
**कान्तारेष्वपि विश्रामो जनस्याधवनिकस्यवै ।**
**यः सदारः स सविश्वास्यस्तमाद् दारापरा गतिः ॥''**

पत्नी पति की अर्धाङ्गिनी है, वह उसकी सबसे अच्छी मित्र है । धर्म, अर्थ, काम, इस त्रिवर्ग की प्राप्ति में स्त्री की भूमिका बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । पत्नी के साथ होने से पति की शोभा बढ़ जाती है।

**नास्ति भार्यासमो बन्धुर्नास्ति भार्यासमा गतिः ।**
**नास्ति भार्यासमो लोके, सहायो धर्मसंग्रहे ॥[4]**

इस अलौकिक संसार में जहाँ–जहाँ भी नवनिर्माण पालनपोषण, संवर्धन विकास आदि से सम्बन्धित क्रियायें होती है, वह कोई भी क्रिया मातृशक्ति अर्थात् नारी के बिना सम्भव नहीं है । इन सभी कार्यकलापों में नारी की भूमिका बहुत ही महत्त्वपूर्ण है ।

इस व्याप्त संसार में ईश्वरीय दिव्यशक्ति भी मातृशक्ति है । जिसकों दैवीय शक्ति भी कहा जाता है । आज से लगभग 5000 वर्ष पहले सिन्धु सभ्यता में जिस धर्म का उदय हुआ था, वह

किसी न किसी रूप में आज भी भारतीय धर्म में निहित है । उस समय लोग मातृदेवी की मूर्ति बनाकर उसे पूजते थे । शक्ति की पूजा, जो आगे चलकर प्रचलित हुई वह मातृदेवी की पूजा की ही विकसित परम्परा प्रतीत होती है ।[5] इसमें सृष्टिकारिणी शक्ति को माता माना गया है।

अथर्ववेद में कहा गया है[6] –

**''इदं राष्ट्रं पिपृहि सौभगायं'' ।**

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार[7] –

**''यावद जायां न विन्दते नैव तावत प्रजायते।**
**असर्वो हि तावत भवति'' इति ।**

मनुस्मृतिनुसार[8] –

**''यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।।''**
**''संतुष्टो भार्यया भर्ता भर्त्रा भार्या तथैव च ।**
**यस्मिन्नैव कुले नित्यं कल्याणं तत्रवै ध्रुवम् ।।**

कालीदास के साहित्य में नारी चरित्र का वर्णन निम्न प्रकार हुआ है[9] – भारतीय समाज में नारी पत्नी के रुप में उपस्थित होकर पति के गृहस्थधर्म की साधना को पूरा करती हैं । भार्या के बिना गृहस्थ का घर अरण्य के समान है । पत्नी गृहस्थ के धर्म, अर्थ, काम की यात्रा में इस लोक में पति की सहगामिनी है। यथोक्तम्[10] – महाभारत शान्ति पर्व –

**नास्तिभार्यासमो बन्धुर्नास्ति दैवतं वा यथा पतिः ।**

दाम्पत्य जीवन की सफलता में नारी के महत्त्व का वर्णन महाभारत के अनुशासन पर्व में निम्न प्रकार से हुआ है –

**''पतिर्हि देवो नारीणां पतिर्बन्धुः पतिर्गतिः ।**
**पत्या समागतिर्नास्ति दैवतं वा यथा पतिः ।।''**

(महाभारत अनु. 146/55)

भारत में प्राचीनकाल में वैवाहिक प्रक्रिया का सर्वाधिक स्वरुप स्वयंवर का रहा है, पर उसमें पति को स्वयं वरने के स्थान पर मुख्यतः एक शर्त रहती थी, जिसे पूरा करने पर वर-वधू को प्राप्त करता था । इस प्रक्रिया में विजय की अनुभूति होती थी । तथा ''वधू'' मात्र एक वस्तु बनकर रह जाती थी । राम ने ''शिव धनुष'' को तोड़ने पर सीता को प्राप्त किया । परन्तु यदि इस वैदिक संस्कृति का अवलोकन करें तो ऐसा दृष्टिगोचर होता है कि, वहां पर स्त्री को स्वयं

वर चुनने की आजादी थी, अर्थात् प्राथमिकता स्त्री को दी गई है । ऋग्वेद (ग.27.12) में कहा गया है कि, वह भाग्यशाली वधू होती है, जो स्वयं अपने योग्य वर का चयन करती है। इस सम्बन्ध में ''सूर्या सावित्री'' का उदाहरण दिया जा सकता है । सूर्या सावित्री नामक महिला ऋषि ने विवाह जैसी महत्वपूर्ण संस्था का एक ठोस आधार खोजने का प्रयत्न किया है जिसका विवेचन ऋग्वेद (X.85.1.47) तथा अथर्ववेद (XIII.1.1.64) तथा (XIV.2.1.75) में मिलता है। सूर्या सूर्य की प्रभा के समान तेजस्विनी तथा सावित्री अर्थात् प्रेरणादायिनी थी । सूर्य की चमक का चन्द्रमा से, पृथ्वी का आकाश से, जो प्राकृतिक और स्थायी सम्बन्ध है, पृथ्वी में वे जो मिलन दृश्य दिखाई पड़ते है, इसी आधार पर स्त्री-पुरुष के निरन्तर सम्बन्धों की व्याख्या यहाँ स्त्री के दृष्टिकोण से उपलब्ध है । कह सकते है यह व्याख्या जरा भी एकाङ्गि नहीं हैं, बल्कि यह सम्बन्ध सहभागिता पर टिके हैं । सूर्या सावित्री ने इसी प्रेम भाव को महत्व दिया हैं तथा उसके यह मन्त्र करीब साढ़े तीन हजार सालों से भारतीय विवाह-संस्कार विधि में प्रयुक्त होते हैं । इसी आधार पर स्त्रियों की विशिष्टता परिलक्षित होती हैं ।[11]

**मुंशी प्रेमचन्द्र** के शब्दों में '' सुखमय दाम्पत्य की नींव अधिकार साम्य पर रखी जा सकती है।''

वैदिक संस्कृति की विशेषता रही है कि, यहाँ मातृदेवी की आराधना प्रारम्भ से होती रही है । एक और ऋग्वेद में देवों की माता ''अदिति'' है, जो सम्पूर्ण प्रकृति से समीकृत हुई है, तो अन्यत्र (अथर्ववेद) पृथ्वी को माँ कहकर पुकारता हैं, कहीं पर गो मातृरुप से बन्दित है, तो कहीं उषा देवी जो सूर्य को जन्म देती हैं । माँ का सन्तान से सम्बन्ध स्वार्थहीनता पर अवलम्बित रहता हैं क्योंकि माँ निर्मात्री होती है, सृजन करती हैं तथा हित की कामना करने वाली होती हैं ।

### विवाह कुटुम्ब संस्था तथा उत्तराधिकार[12] -

ऋग्वेद की कुटुम्ब संस्था पितृ प्रधान है । इस संस्था में पिता तथा पुत्र को माता या कन्या की अपेक्षा अधिक अधिकार प्राप्त है, परन्तु सामान्यतः कुटुम्ब संस्था में माता तथा पिता की प्रतिष्ठा समान मानी गई है । जैसे - ''पितरौ'' इस द्विवचन का प्रयोग माता तथा पिता दोनों का वाचक है । इससे दोनों की समान प्रतिष्ठा सूचित होती है । ऋग्वेद में भी जिस स्थान पर पिता तथा माता शब्दों का प्रयोग द्युलोक तथा पृथ्वी के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है, वहाँ इन दोनों की समान महिमा वर्णित है । ऋग्वेद संहिता (1/160) विश्व का कल्याण सत्य का धारण तथा रक्षण दोनों के द्वारा ही सम्भव है । ऋग्वेद यह भी कहता हैं कि, दोनों का पुत्र विश्व के भार को वहन करने में समर्थ, बुद्धिशाली तथा पवित्र शक्ति से संयुक्त है, और अपनी माया से वह भुवनों को पावन करता है । उनका पुत्र वास्तव में सूर्य है । यह रूपात्मक भाषा कुटुम्ब संस्था के सम्बन्धों तथा आकांक्षाओं को सूचित करती है । देवों का तथा समूचे विश्व का संसार चलाने वाले द्युलोक और पृथ्वी का यह युगल वेदों के अनुसार सब मानवी युगलों का आदर्श है । वैदिक संस्कृति का जीवन

सम्बन्धी दर्शन ही यह है कि विश्वरूप दिव्य शक्ति मानवीय व्यवहारों का मार्गदर्शन करती है । सूर्या सूक्तों में सूर्य तथा चन्द्रमा का विवाह वर्णित है । सूर्या का अर्थ है किरण लक्ष्मी (अर्थात् किरणों की शोभा) उससे चन्द्रमा का विवाह सम्पन्न हुआ चन्द्रमा सूर्य के जमाता है । सूर्य की प्रभा से चन्द्र का शाश्वत विवाह हुआ है, यही खगोलशास्त्र का सिद्धान्त है ।

**पुत्र प्राप्ति का विधान** –

बृहदारण्कोपनिषद् के पुत्रमन्थन–कर्म के अन्तर्गत शुक्ल वर्णपुत्र, पिङ्गल वर्ण पुत्र, श्याम वर्ण व लोहिताश्च पुत्र एवं पण्डित पुत्र के प्राप्त करने का विशद विवेचन मिलता है ।[11] यहाँ पर यह विशेषरूप से उल्लेखनीय है कि, इस उपनिषद में पहली बार ''दुहिता पण्डिता'' को प्राप्त करने का भी विधान है । जो पुरुष यह कामना करता है कि, मेरी पुत्री विदुषी और दीर्घायु वाली हो वह और उसकी पत्नी तिलौदान अर्थात् तिल और चावल की खिचड़ी बनाकर खायें । जिससे वह पण्डिता दुहिता को प्राप्त कर सकता हैं ।[13]

पुत्र के अभाव में पुत्री का अधिकार पुत्रवत माना जाता था, उसको पुत्रिका कहते थे । गृह संस्था में पत्नी के रुप में स्त्री की प्रतिष्ठा को प्रधानता दी जाती थी । मुख्य रूप से क्षत्रिय कुल में उत्पन्न नारियों को युद्ध में सारथ्य करने का भी अधिकार प्राप्त था। मुद्गल के साथ उनकी पत्नी मृद्गलानी युद्ध में सारथ्य करने के लिए  गयी थी । (ऋग्वेद संहिता 10/102) ।

बारहवीं शती में अपने पुत्र को गोद में लेकर नाईकि देवी ने चालुक्य सैन्य संचालन करके मुइजुद्दीन, मुहम्मद गोरी को परास्त करके गुर्जर–गौरव की रक्षा की । दुर्गावती लक्ष्मीबाई और चन्नम्मा नामक वीर रानियों ने स्वातन्त्र्य रक्षा के लिए युद्धभूमि में सैन्य संचालन किया है ।[14]

जहाँ एक तरफ विवाहित स्त्री पर पति का अधिकार माना जाता था, वहीं वह गृहस्वामिनी भी थी । यह परिकल्पना आज भी उसी रूप में स्वीकार्य है । विवाह के समय के मन्त्रों में यह कहा गया है कि, ''सास, ससुर, देवर, ननद आदि की तुम साम्राज्ञी बनो ।'' –

**''साम्राज्ञी श्वसुरे भव, साम्राज्ञी श्वश्रवां भव ।**
**ननान्दरि साम्राज्ञी भव, साम्राज्ञी अधिदेवृतु ॥''**

( Í Xon lfgrk 10-85-46) A

ऋग्वेदकालीन गृहसंस्था में स्त्री को स्त्री पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हो सकता था, उस समय लोगों की यह धारणा थी कि विवाह के उपरान्त जब स्त्री घर में प्रवेश करती है तब उसके कटाक्षों से ही घर का उत्कर्ष हो सकता है । यज्ञ में उसकी महत्ता पति के समान थी । आपस्तम्ब सूत्र में कहा गया है कि ''पति तथा पत्नी दोनों समान रूप से धन के स्वामी थे (2.29.3)। राष्ट्र में ''पुरन्धिार्योषा निर्माण हो'' पुरन्धि का अर्थ है गृहसंस्था के भार को वहन करने वाली 'स्त्री' ।

ऋग्वेद काल में कन्यादान की अपेक्षा उभयपक्षों में स्वयंवर पद्धति अधिक प्रचलित थी, **''भद्रा बधूर्भवति यत्शुपेशाः स्वयं सा मित्रं बनुते जने चित् ।''** (ऋग्वेद 10.27.12) के अनुसार वधू अपने मित्र या वर का चयन स्वयं करती थी ।

ऋग्वेद की ''आदित्य'' संज्ञा मातृ प्रधान अवस्थाओं की ओर संकेत करती है । अदिति कुछ बड़ों देवों की माता है, वरुण, मित्र, सविता, पूषन आदि के लिए ऋग्वेद में ''आदित्य'' विशेषण उपयोग किया गया है ।

ऋग्वेद की नारियों का स्तर स्मृतियों की नारियों के स्तर की तुलना में बहुत उच्चकोटि का है । इसके आधार पर मातृप्रधान कुटुम्ब संस्था को मानने वाले नाग आदि लोगों से जो विवाह सम्बन्ध वैदिकों ने जोड़ लिए उन्हें भली-भाँति समझा जा सकता है। ऋग्वेद की एक ऋचा का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा गया है कि, - न्यायसभा में अपने धन का दाय साधिकार प्राप्त करने वाली नारी दाक्षिणात्य रहा करती है । (निरुक्त 3/5) यास्क के मत में ऋग्वेद इस दाक्षिणात्य संस्था की स्त्री की ओर निर्देश करता है। दक्षिण देश की द्रविण संस्कृतियों में आज भी मातृप्रधान संस्था विद्यमान है ।

गृह में स्त्री का ऋग्वेद में निर्दिष्ट -''साम्राज्ञी'' पद और यजुर्वेद के अश्वमेध में राजा को आर्शीवाद देते हुए स्त्री को प्रदत्त 'पुरन्ध्रिपद'' ये दोनों ऋग्वेद के पूर्ववर्ती काल की मातृ प्रधानता के अवशेष हो । आपस्तम्ब धर्मसूत्र तथा जैमिनी की पूर्वमीमांसा (6/1/10/16) में स्त्री धन तथा यज्ञ दोनों का अधिकार मिला है ।

वैदिक तथा अवैदिक भारतीयों में स्त्रीप्रधान अथवा मातृप्रधान समाज संस्था भी विद्यमान थी । नागों की संस्था मातृ-प्रधान थी । मातृ-पूजा तथा देवी पूजा को हिन्दुओं के कुल धर्मो में बड़ा महत्त्व प्राप्त है । मातृपूजा की परम्परा प्राचीनकाल में चीन से लेकर यूरोप तक फैली हुई थी । भारत वर्ष में यह प्राचीनकाल से प्रचलित थी । मोहन जोदड़ो तथा हड़प्पा की सिन्धु संस्कृति में मातृ-पूजा के प्रतीक अर्थात् देवी की मूर्तियाँ पाई गई हैं । ईसाई धर्म में भी मातृ-पूजा मैरी की पूजा के रूप में दृढ़मूल हुई है । इस आधार पर कहा जा सकता है कि, कुटुम्ब संस्था में स्त्री की प्रधानता थी । आज भी भाई-बहनों के बीच बैर-शत्रुता तथा कलह का निवारण माता ही किया करती है ।

महाकवि कालिदास ने नारी के चरित्र का वर्णन अपने दोनों खण्डकाव्य ऋतुसंहार, तथा मेघदूत में एवं महाकाव्य कुमार संभव तथा रघुवंश में तथा तीनों नाटको मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम् एवं अभिज्ञानशाकुन्तलम् मे भी किया है । जिसमें नारी के महत्त्व तथा उसकी समाजोपयोगिता का विस्तृत विवेचन किया है । कुमारसम्भव में जैसा वर्णित है, यद्यपि हिमालय पुत्रवान थे, तथापि कन्या के रूप में पार्वती को प्राप्त कर वे आनन्दित हुए ।

**महीभृतः पुत्रवतोऽपि दृष्टिस्तस्मिन्नपत्ये न जगाम तृप्तिम् ।**
**अनन्तपुरुषस्य मधोर्हि चूते द्विरेफमाला सविशेषसङ्गा ॥**

(dekj lEHko 1@27) A

,0

**प्रभामहत्या शिखयेव दीपस्त्रिमार्गयेव त्रिदिवस्य मार्गः ।**
**संस्कारवत्येव गिरा मनीषी तथा स पूतश्च विभूषितश्च ॥**

(कुमारसम्भव 1/28) ।

**स्त्रियों का विद्याधिकार -**

सामान्यतः सुकुमारी स्त्रियों में अध्ययन के लिए अपेक्षित तपोमय जीवन का अभाव पाया जाता है । परन्तु वैदिक काल में वेद के अध्ययन में कुछ स्त्रियों की रुचि थी। जैसे वैदिक काल में वेदाध्ययन के लिए उन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं था । उस परस्थिति में लोपामुद्रा, विश्ववारा, आत्रेयी, अपाला, काक्षीवती, घोषा आदि ऋषिकाएँ हुई। उपनिषद युग में मैत्रेयी, गार्गी, आदि विदुषियों की चर्चा प्राप्त होती है । परवर्ती युग में स्त्रियों को शिल्प, कला, कामशास्त्र और गृहोपयोगी शिक्षा देने का विशेष प्रचलन हुआ।[15] शंकर तथा मण्डन मिश्र के विवाद में मिश्र की पत्नी निर्णायिका थीं । विक्रमाङ्कचरित के अनुसार कश्मीर की विदुषी स्त्रियां संस्कृत और प्राकृत बोलने में निष्णात थीं ।[16]

अमरकोष में स्त्री-शब्द की विविक्षा करते हुए दर्शाया गया है । नर-शब्दस्य नारी इति -

**स्त्री योषिदबला योषा नारी सीमन्तिनी बधूः ।**
**प्रतीपदर्शिनी वामा वनिता महिला तथा ॥**

स्त्री के सम्बन्ध में वर्णित ये सभी पर्यायवाची शब्द विविध सन्दर्भों में अपना महत्त्व प्रदर्शित करते हैं । शैशवावस्था में वह कन्या के रूप में पूजनीय है, यौवनावस्था में पत्नी के रूप में ग्रहणीय है तथा वृद्धावस्था में वह मातृस्वरूपा वन्दनीय तथा आदरणीय है ।

मनुस्मृति एवं वशिष्ठ धर्मशास्त्र 5/1,3 में जैसा वर्णित है -

**पिता रक्षति कौमारे, भर्ता रक्षति यौवने ।**
**रक्षन्ति स्थविरे पुत्राः न स्त्री स्वातन्त्रय मर्हति ॥** (मनु. 9/3) ।

अर्थात् पिता, पति तथा पुत्र क्रमानुसार अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं।

**ऋग्वेद के अनुसार -**

नारी इस संसार में राजराजेश्वरी है । सभी इष्ट को प्रदान करने वाली देवी है, विश्व में धरा के समान है, वीराङ्गना है, रत्न के सदृश्य है, वीरों को पैदा करने वाली है, प्रेरणा प्रदान करने वाली है, आपत्तियों को नाश करने में सहायक है, अधर्म को विनाश करने वाली है, आनन्ददायिनी है, कलावती है, शीलवती है एवं सत्यवती है । यमराज से भी पति की रक्षा करने में सक्षम है।

**धर्मशास्त्र के अनुसार -**

सर्वशक्तिमान, मधुमती, महासती, कल्याणमयी, तथा लक्ष्मी है । इसको गृहलक्ष्मी भी कहा जाता है ।

**कालिदास के अनुसार -**

कुल को पवित्र करने वाली, श्रद्धा से युक्त, सुदक्षिणा है ।

स्त्री कभी भी, अबला दुर्बला नहीं है, न थी, न रहेगी । यह राष्ट्र की रक्षिका है, इस विश्व में राजराजेश्वरी है ।

**साररूपेण -**

**नारीजातिसम्मानं हि विश्वकल्याणकारणम् !**
**ॐ शुचिर्देष्वर्पिता होत्रा मरुत्सु भारती ।**
**इला सरस्वती मही बर्हि सीदन्तु यज्ञियाः ॥**

(ऋग्वेद 1.142.9) ।

देव्यापराधक्षमास्तोत्र मे शंकराचार्य का उद्घोष है -

**कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति ।**
**एवं च** **न गृहं गृहमित्याहुर्गृहिणी गृहमुच्यते ।**
**गृहे तिष्ठति सा याक्तावत्तीथसमगृहम ॥**

(प्रजाप्रतिस्मृतौ - 55) ।

**सन्दर्भ सूची -**

1. वृहदारण्यकोपनिषद् - 1.4.3 ।
2. ऋग्वेद - 8.33.17 ।
3. महाभारत आदि पर्व - 74/41, 42, 43, 44 ।
4. महाभारत शान्ति पर्व - 144/16 ।
5. भारतीय संस्कृति का उत्थान, धार्मिक प्रवृत्ति, रामजी उपाध्याय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी ।

6. ऋग्वेद - 10.85.46 ।
7. अथर्ववेद - 7.35.1 ।
8. शतपथ ब्राह्मण - 5.2.1.10 ।
9. मनुस्मृति - 3/56, 3/60 ।
10. महाभारत शान्तिपर्व - 144/16 ।
11. वैदिक समाज संस्कृति एवं विज्ञान, विवाह संस्था, पृष्ठ - 84, S.P. Publishing House, Delhi, Dr. Pravesh Saxena.
12. वैदिक संस्कृति का विकास, पृष्ठ - 109, तर्कतीर्थ लक्ष्मणशास्त्री जोशी ।
13. बृहदारण्यकोपनिषद - 6.4, 14-18 ।
14. भारतीय संस्कृति का उत्थान - सामाजिक संस्थान - रामजी उपाध्याय चौखम्बा विद्याभवन ।
15. कुट्टनीमत - 122-124 ।
16. वि.च. - 18.6 ।

# वाल्मीकिरामायण में नारी की छवि और उसका सशक्तीकरण

संगीता

नारी समाज का महत्त्वपूर्ण अंग है तथा किसी भी काल में उसकी महत्ता पुरुष से कम नहीं रही है, हालाकि परिस्थितियों के प्रहार के कारण उसके कर्त्तव्यों, अधिकारों व सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी अथवा वृद्धि देखने को मिलती है। साहित्य तत्कालीन संस्कृति से प्रभावित होता है तथा उस युग की सामाजिक परिस्थितियों को वर्णित करता है। वाल्मीकि रामायण संस्कृत साहित्य का आदि काव्य है तथा तत्कालीन संस्कृति की झलक इसमें स्पष्ट दिखती है।

रामायण में कन्या उत्पत्ति को विशेष इच्छा नहीं दिखती परन्तु कन्या उत्पत्ति के प्रति दु:ख का कोई उदाहरण भी प्राप्त नहीं होता है। कन्या का लालन-पालन-पोषण तथा उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति सम्यक् पूर्वक होती थी[1]। कन्या शिशु को गोद भी लिया जाता था, सीता इसका मुख्य उदाहरण है, तथा दशरथ की पुत्री शान्ता को लोमपाद द्वारा गोद लिया गया था[2]। समाज में कन्या शिशु के प्रति सुरक्षा भावना भी प्राप्त है, यथा सरोवर का जल बढ़ने पर 'सरमा' की माता की ''सरो मा वर्धस्व''[3] यह प्रार्थना। कन्यादान श्रेष्ठ कार्य था[4], परन्तु किसी भी अयोग्य वर को कन्या दान नहीं की जाती थी।

रामायण में वर्णित कन्याएँ सदाचारिणी थी, तथा तपोमय जीवन का पालन करती थी[5] समाज भी कन्याओं से उच्च चरित्र की अपेक्षा रखता था। आश्रमों में कन्याओं के पढ़ने का ज्यादा प्रचलन न होने के कारण सम्भवत: शीलभङ्ग न होने देना होता था। परन्तु उन्हें उच्च ज्ञान से वञ्चित नहीं रखा जाता था। यथा 'वेदवती' मृगचर्म धारण करती थी[6]। उन्हें त्रिलोकज्ञता[7] व अपूर्व तेजस्विता[8] युक्त बताया गया है। अन्य उदाहरण रूप में 'स्वयंप्रभा (मेरुसावर्णि की कन्या) जो विन्धय पर्वत की एकान्तगुहा में तपस्या करती थी'।[9] शबरी ने भी अविवाहिता रह कर तपोबल-वृद्धि[10] व जितेन्द्रियता[11] अर्जित की। ऐसी सिद्धा सिद्धगणों से भी सम्मानित होती थी[12]।

बालकों की तरह उन्हें भी उद्यानों में खेलने की अनुमति थी[13] तथा वे नगरोत्सवों में भी जाती थी। विभिन्न माङ्गलिक कार्यों में उनका होना शुभ होता था[14]। कन्या का विवाह आज ही की तरह तब भी कठिन कार्य था परन्तु यह कठिनता दहेज के कारण नहीं, अपितु उचित वर की प्राप्ति करना पिता के लिए एक क्लिष्ट कार्य था[15]। उसका सम्भावित कारण यह था कि उच्च चारित्रिक दृढ़ता के कारण सामान्यत: कन्याएँ स्वयं पुरुष का वरण नहीं करती थी, अत: यह दायित्व पूर्णत: पिता का ही होता था। शुक्राचार्य ऋषि की कन्या की यह उक्ति कि 'मैं पिता की आज्ञा के अधीन रहने वाली कन्या हूँ' [16] भी यही स्पष्ट करती है। तथा यह इस बात का ही सूचक है कि सामान्यत:

पिता की इच्छा से कन्या का विवाह होता था, पिता भी अपनी जिम्मेदारी को सही से निभाते थे तथा पुत्री के सुख के लिए शुल्क (कैकेयी) अथवा कोई शर्त (सीता) रखते थे।

समाज कन्या से तो शीलधर्मा होने की अपेक्षा रखता था परन्तु अपहरण व बलात्कार जैसी समस्याओं से पुरुष वर्ग की शीलता पर संदेह होता है। रावण जैसा कामी राक्षस ही नहीं 'वायुदेव' तथा 'राजादण्ड' जैसे उच्च लोग भी कन्याओं का बलात्कार करते थे। परन्तु वेदवती के पुनर्जन्म द्वारा रावण का विनाश[17] व राजा दण्ड का राज्य व पुत्र समेत[18] विनाश हो जाना (शाप द्वारा) यह दर्शाता है कि समाज इस समस्या प्रति संवेदनशील था।

रामायण में पत्नी की स्थिति 'सहधर्मिणी' के रूप में प्रतिष्ठित थी तथा वह माता-पिता व पति के वंशों की कीर्ति का प्रसार करती थी[19] समाज व परिवार में स्त्री से 'पति' के साथ, 'सास' तथा 'परिवार' के अन्य सदस्यों के प्रति सम्मान व स्नेह की अपेक्षा की जाती थी।

पति के अनुपस्थिति में पत्नी के जो कार्य-अकार्य बताएँ है वह दर्शनीय है। यदि पति कहीं बाहर हो तो पत्नी असावधानी पूर्वक एक वेणी बना लेती थी तथा वह वेणी अवधि अधिक होने पर जटा में परिवर्तित हो जाती थी, परन्तु पति ही उस वेणी को खोलता था[20]। समाज में सदाचार बनाने तथा विवाह जैसी संस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए यह अत्यन्त सुन्दर व्यवस्था थी, रामायण में पत्नी के जो अधिकार कर्त्तव्य प्राप्त होते हैं उसी कारण पत्नी पति की अर्धाङ्गिणी ही नहीं 'आत्मा' भी कही गई है।

रामायण में असती स्त्री के लक्षणों को स्पष्ट रूप से बताया गया है-

**समस्थमनुरज्यन्ते विषमस्थं त्यजन्ति च**
**शतह्रदानां लोलत्वं शस्त्राणां तीक्ष्णतां तथा**
**गरुडानिलयोः शैधयमनुगच्छन्ति योषितः॥**[21]

पुत्र[22] तथा सामान्य जन[23] भी पतिव्रत धर्म का उपदेश देते थे। पति की इच्छा के विरुद्ध पत्नियाँ विरोध कर सकती थी। सीता ने राम के वन-गमन व स्वयं के अयोधया रुकने पर विरोध प्रकट किया था। यथा-

**यस्य पथ्यं चरामात्थ यस्य चार्थेऽवरुधयसे।**
**त्वं तस्य भव वश्यश्च विधेयश्च सदानघ॥**[24]

पति की महत्ता रामायण में कतिपय स्थानों पर निर्दिष्ट है। मेरे अनुसार पति की महत्ता का कारण निम्नलिखित होता होगा-

1. स्त्री का भरण-पोषण पति के द्वारा होता था।
2. समय-समय पर वह स्त्री को धार्मिक शिक्षा भी प्रदान करता था।
3. पुरुषों को अपेक्षा कृत विधिवत् अधययन के अवसर प्राप्त थे पति से उसे ज्ञान की प्राप्ति होती थी। उसे 'गुरु' भी कहा गया है[25]।

4. पति स्त्री की रक्षा करता था।

5. भौतिक सुविधाएँ मनोरञ्जनादि का सुख पति के साथ विधिवत् लिया जा सकता था।

बहुविवाह तथा स्त्री के प्रति समाज द्वारा अधिक अपेक्षाओं के कारण पत्नियाँ कभी-कभी उपेक्षित भी होती थी, दशरथ द्वारा 'कौशल्या[26] की उपेक्षा' तथा राम द्वारा 'सीता का निष्कासन' इसी का उदाहरण है। परन्तु सामान्यतः पत्नियाँ पति से पूर्ण सम्मान व सुख प्राप्त करती थी[27] (तारा, मन्दोदरी)। उन्हें राजनीति जैसे गम्भीर विषयों पर चर्चा करने का अधिकार था[28] इतने कठिन नियमों व कर्त्तव्यों के बाद रामायण में पत्नी के रूप में स्त्री की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा भी मिलती है[29]।

माता बनना समाज में प्रतिष्ठा का स्थान रखता था। विशेषतः पुत्र की माता बनना सम्मान सूचक माना जाता था। पुत्रेष्टि यज्ञ के कतिपय उदाहरण से इसकी पुष्टि होती है[30]। पुत्रप्राप्ति के लिए विवाहिता ही नहीं, विधवा व अविवाहिता[31] भी ऋषियों से याचना करती थी।

पति की मृत्यु के बाद सामाजिक तौर पर सती होने पर कोई जोर नहीं दिया जाता था। पति प्रेम अथवा भविष्य में होने वाले दुःखों के कारण स्त्रियाँ सती होने की इच्छा प्रकट करती थी। 'वेदवती की माता' जो कि अपने पति की आकस्मिक मृत्यु को सहन न करने के कारण सती हो गई थी[32] के अतिरिक्त सम्पूर्ण रामायण में सती की कोई घटना नहीं मिलती।

विधवा स्त्रियों की सामाजिक स्थिति खराब नहीं थी परन्तु पति की इतनी महत्ता स्थापित करने के बाद वैधव्य बुरा ही माना जाता था। रामायण में वैधव्य को सर्वत्र अवाञ्छनीय ही माना गया है[33] पति के प्रति अगाध श्रद्धा, अपार अन्धभक्ति का निर्देश करने के कारण रामायण की स्त्री पात्रों का वैधव्य से भयभीत होना सामान्य ही था। क्योंकि प्रथमतः तो उसका जीवन पति के प्रेम के बिना हो जाता था तथा द्वितीय उसके जीवन से भौतिक[34] सुविधाएँ तथा पति के साथ विहारादि करने का सौभाग्य भी समाप्त हो जाता था[35], तथा इस कष्ट से उसे जीवन पर्यन्त मुक्ति नहीं मिलती थी[36]।

परन्तु विधवा नारी अपने पुत्र से भरण-पोषण प्राप्त करती थी[37] तथा पति की मृत्यु के बाद पुत्र ही उनका आश्रय होता था[38] समाज विधवाओं के लिए उदारवादी था। यथा राजा दशरथ की विधवाएँ प्रतिष्ठा से युक्त थी तथा सभी माङ्गलिक कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देती थी[39]।

**सशक्तिकरण**

रामायण में स्त्री सशक्तिकरण के कई उदाहरण मिलते हैं - यह सत्य है कि रामायण में स्त्री की सामाजिक दृढ़ता व प्रतिष्ठा पुरुषों के समान नहीं थी, उसका कारण भी स्पष्ट है। समाज पुरुष प्रधान था तथा घर से बाहर के कार्यों पर पुरुष की सम्प्रभुता थी। परन्तु फिर समाज नारी मौलिक अधिकारों को देता भी था तथा उनका सम्मान भी करता था।

सर्वप्रथम तो कन्या के रूप में स्त्री को माता-पिता का सम्पूर्ण प्रेम प्राप्त था, सीता, अरजा, सरमा, शान्ता आदि सभी कन्याएँ अपने माता-पिता से स्नेह पाती थी। उनकी शिक्षा के लिए घर

अथवा आश्रमों में व्यवस्था की जाती थी। एक पुत्री के तौर पर उनकी नैतिकता उच्च होती थी, उन्हें धर्माधर्म का ज्ञान होता था। तथा वे उस पर स्वयं दृढ़ भी होती तथा अन्य अधर्म करने वाली व्यक्ति को भी धर्म का उपदेश करती थी।

हालाकि विवाह एक आवश्यक कार्य था परन्तु सोमदा, वेदवती, स्वयंप्रभा, शबरी के उदाहरणों से स्पष्ट है कि कन्याओं को ब्रह्मज्ञान व उच्चतम ज्ञान प्राप्ति के लिए समाज कों उनका अविवाहित रहना स्वीकार्य था। अत: उन्हें आत्मिक उत्थान करने का भी अधिकार था।

पत्नी के रूप में उनसे बहुत अपेक्षाएँ थी परन्तु वे पति की आत्मा रूप में स्थित थी। पत्नी धर्माचारिणी के रूप में प्रतिष्ठित हो, समय-समय पर पति को उपदेश भी दिया करती थी। रामायण में अवगुण्ठन था परन्तु सदाचार को वास्तविक पर्दा बतलाया गया था व कई स्थलों पर वह बिना पर्दे के भी जाया करती थी।

रामायण में स्त्री पात्र शिक्षित होते थे। कौसल्या का अग्निहोत्र करना, कैकेयी[40] व कौसल्या का शस्त्र ज्ञान[41], सीता का धर्मोपदेश आदि अनेक उदाहरण है जिनसे रामायणीय नारी का शिक्षित होना सिद्ध होता है। लङ्का में स्त्रियों के सैनिक प्रशिक्षण[42] का उदाहरण भी प्राप्त है। तत्कालीन समाज में पवित्रता अत्यन्तावश्यक थी परन्तु यदि किसी स्थिति वह भङ्ग हो जाए तो उसका निश्चित अवधि तक प्रायश्चित कर उन्हें (अहिल्या, अरजा) पुन: स्वीकार कर लिया जाता था। तथा स्त्री निन्दा के प्रसङ्ग में वह निन्दा सामान्य स्त्री के लिए न हो विशेष (व्यभिचारिणी) स्त्री की निन्दा होती थी। स्त्रियों को अवधय माना जाता था[43] तथा सती होने की इच्छुक स्त्रियों को हतोत्साहित किया जाता था। स्त्रियों के समक्ष क्रोध प्रदर्शन करना शिष्टाचार के विरुद्ध था।

निष्कर्षत: हम यह कह सकते हैं कि रामायण में नारी कन्या, पत्नी, माता, बहन, भाभी के रूप में पोषित हुई हैं। सामाजिक बन्धनों के बाद भी उसका पल्लवन-पुष्पन समुचित तौर पर होता था। वालमीकि ने रामायणीय पात्रों के मुख से ही व्यभिचारिणी स्त्री की निन्दा तथा सती स्त्री की प्रशंसा करवाई है। अगर पुरुष पात्र स्वयं अन्याय कर रहे हैं तो आदिकवि ने अपनी लेखनी से किसी अन्य पुरुष, समाज अथवा स्वयं उस स्त्री के मुख से इस अन्याय का प्रखर विरोध करवाया है। तथा स्त्री की कई गलतियों पर प्रायश्चित कर उदारवादी समाज से उस स्त्री को पुन: स्वयं में समाहित कर लिया है। अत: वाल्मीकिरामायण में स्त्रियों की स्थिति सुदृढ़ प्रतीत होती है।

संदर्भ-

1. वाल्मीकिरामायण 1/67/23
2. वाल्मीकिरामायण 1/9/5
3. वाल्मीकिरामायण 7/12/26-27
4. वाल्मीकिरामायण 1/72/15
5. वाल्मीकिरामायण 2/17/5
6. वाल्मीकिरामायण 7/17/1-2
7. वाल्मीकिरामायण 7/17/19

8. वाल्मीकिरामायण 7/17/13
9. वाल्मीकिरामायण 4/50/40
10. वाल्मीकिरामायण 3/74/9-10
11. वाल्मीकिरामायण 3/74/8
12. वाल्मीकिरामायण 3/74/10
13. वाल्मीकिरामायण 2/67/17
14. वाल्मीकिरामायण 2/16/11, 2/46/15
15. वाल्मीकिरामायण 3/2/23-24
16. वाल्मीकिरामायण 7/80/9,11
17. वाल्मीकिरामायण 7/17/30-34
18. वाल्मीकिरामायण 7/81/7
19. वाल्मीकिरामायण 7/8/8
20. वाल्मीकिरामायण 2/108/8
21. वाल्मीकिरामायण 3/13/5-6
22. वाल्मीकिरामायण 2/24/1213,21
23. वाल्मीकिरामायण 2/35/8
24. वाल्मीकिरामायण 2/30/9
25. वाल्मीकिरामायण 2/118/2
26. वाल्मीकिरामायण 2/12/68
27. वाल्मीकिरामायण 14/6/100-101, 6/35/17
28. वाल्मीकिरामायण 4/28/6, 6/33/10
29. वाल्मीकिरामायण 2/30/2-4, 3/65/3, 5/32/32, 102/7/42, 102/72/5
30. वाल्मीकिरामायण 1/34/1-3, 1/15/2, 1/16/31
31. वाल्मीकिरामायण 1/33/16
32. वाल्मीकिरामायण 7/17/15
33. वाल्मीकिरामायण 2/10/11
34. वाल्मीकिरामायण 4/23/9
35. वाल्मीकिरामायण 6/111/30-33
36. वाल्मीकिरामायण 6/111/59
37. वाल्मीकिरामायण 2/77/7
38. वाल्मीकिरामायण 2/66/20
39. वाल्मीकिरामायण 6/128/17-18, 7/91/24, 7/63/16-17
40. वाल्मीकिरामायण 2/9/12,15,16
41. वाल्मीकिरामायण 1/14/33
42. वाल्मीकिरामायण 5/42/15
43. वाल्मीकिरामायण 4/33/36

# वैदिककालीन सशक्त-नारी

**दीपक कुमार कोठारी**

वेदों में वर्णित वर्णन के अनुसार पुरुष पहले एकाकी था। अकेला था। उसने **'एकोऽहं बहुस्याम'** की कामना की और वह एक से अनेक पुरुष एवं स्त्री दो भागों में विभक्त हो गया। उसी पुरुष के दूसरे भाग को हम नारी के रूप में जानते हैं। मेरा विषय वैदिककालीन नारी का क्या रूप है? किस रूप में वैदिक वाङ्मय में नारी की स्थिति थी? इसका वर्णन करना है। वैदिक वाङ्मय का विश्लेषण करने पर हम पाते हैं कि वैदिक काल में ही नारी अपनी सर्वोच्च महिमा में स्थित थी। सर्वोच्च महिमा से मेरा तात्पर्य उसका ब्रह्मवादिनी होने से है। ध्यातव्य है कि भारतीय दर्शनानुसार प्राणीमात्र का परम पुरुषार्थ मोक्षप्राप्ति ही है। इसीलिये पुरुषार्थ चतुष्टय में अन्तिम पुरुषार्थ के रूप में मोक्ष की ही गणना की जाती है। एवं वह मोक्ष ब्रह्मैक्य बोध से ही सिद्ध होता है–**'ब्रह्मैक्यबोधेन विना विमुक्तिर्न सिध्यति जन्म शतान्तरेण।**[1] जैसा कि भगवान् शङ्कर द्वारा कहा भी गया है। एवं वैदिक साहित्य का परिशीलन करने जब हम चलते हैं तो पाते हैं कि एक नहीं अपितु अनेक नारियाँ इस अनुभूति को प्राप्त कर इसके विषय में वर्णन करने में समर्थ थी। उनमें अन्यतमा एक हैं **'गार्गी'**। 'गार्गी' वैदिवाङ्मयोल्लिखित एक ऐसा नाम है जो न केवल अपरा विद्या में ही प्रवीण थी अपितु वैसा ही अधिकार उसका पराविद्या (ब्रह्मविद्या) में भी था। श्रीमद्भगवद्गीता की यह उक्ति उस पर सटीक बैठती है–**'ज्ञानविज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्मस्वभावजम्'**।[2] अर्थात् वह ज्ञान (अपराविद्या) एवं विज्ञान (परा, ब्रह्मविद्या) में निपुण थी। तभी तो वह ब्रह्मविदों में वरिष्ठ ऋषि जिसके बारे में श्रुति – **'प्राणो ह्येषः सर्वभूतैर्विभाति विजानन् विद्वान् भवते नातिवादी आत्मरतिः आत्मक्रीडः क्रियावान् एष ब्रह्मविदां वरिष्ठः'**[3] कहती है को ब्रह्मवाद (शास्त्रार्थ) के लिये ललकारती है। प्रसङ्ग राजा जनक की सभा का है। एक बार राजा जनक ने कौन ऋषि ब्रह्मवेत्ताओं में सर्वश्रेष्ठ हैं, यह जानने के लिए एक सभा का आयोजन किया एवं पुरस्कार स्वरूप जिनके सींग सोने से मढे हुए थे ऐसी एक लाख गौओं को रख दिया एवं सभा में उपस्थित समस्त ऋषियों को उद्देश्य कर कहा कि आप में जो ब्रह्मवेत्ताओं में वरिष्ठ हो वे इन गौओं को हाँक ले जावें, किन्तु किसी भी ऋषि को गौएँ हाँकने का साहस नहीं हुआ, तब ऋषि याज्ञवल्क्य अपने शिष्यों को आदेश देते हैं कि हे शिष्य इन गौओं को हाँक लो। तब पूछे जाने पर कि क्या आप अपने को ब्रह्मविदों में वरिष्ठ समझते हैं? तो ऋषि याज्ञवल्क्य बड़ी ही विनम्रता से उत्तर देते हैं– 'ब्रह्मवेत्ताओं को तो हम नमस्कार करते हैं। हम तो गौओं की इच्छा वाले हैं'। इस पर अन्य ऋषि उनको शास्त्रार्थ के लिए ललकारते हैं, एवं ऋषि याज्ञवल्क्य उन सभी को एक-एक कर शास्त्रार्थ में पराजित करते जाते हैं। इस प्रकार अन्त में सभी ऋषि उनसे शास्त्रार्थ में पराजित हो जाते हैं। तब अन्त में वाचक्नवी गार्गी उनको ब्रह्मवाद के लिए आहूत करती है। ऋषि याज्ञवल्क्य

उसके सभी प्रश्नों का समुचित उत्तर देते हैं एवं वाचक्नवी गार्गी उनके उत्तरों से सन्तुष्ट हो जाती है, एवं उनको ब्रह्मविदों में वरिष्ठ घोषित करती है, उसके बाद किसी भी अन्य ऋषि को उनसे शास्त्रार्थ करने का साहस नहीं होता। एवं ऋषि याज्ञवल्क्य गौएँ लेकर चले जाते हैं। यह वर्णन बृहदारण्यकोपनिषद् में **जनक-याज्ञवल्क्य संवाद** के नाम से वर्णित है। उसी के अन्तर्गत गार्गी याज्ञवल्क्य का संवाद भी है। तो यह थी हमारी वैदिक नारी की स्थिति जिसमें न केवल उसने उस सर्वोच्च सत्ता का ज्ञान ही प्राप्त किया था अपितु वह उसके वर्णन में भी समर्थ थी। इसी प्रकार का एक अन्य उपाख्यान भी हमें बृहदारण्यकोपनिषद् में प्राप्त होता है, जो याज्ञवल्क्य मैत्रेयी संवाद के रूप में है। इसका वर्णन इस प्रकार है।

ऋषि याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ हैं, कात्यायनी एवं मैत्रेयी। ऋषि याज्ञवल्क्य संन्यास लेना चाहते हैं एवं अपनी दोनों पत्नियों को कहते हैं कि अब मैं संन्यास लेना चाहता हूँ एवं अपनी समस्त सम्पत्ति को तुम दोनों में बाँटना चाहता हूँ। तुम्हारी जो कुछ इच्छा हो वह मुझसे कहो। तब मैत्रेयी जो बात उनसे कहती है वह प्राणिमात्र का पाथेय है। वह कहती है कि क्या आपकी इस सम्पत्ति से मैं अमर हो जाऊँगी। तब ऋषि याज्ञवल्क्य कहते हैं कि अरी मैत्रेयी! यह सम्पत्ति क्या अगर विश्व का समस्त धन भी तुझे मिल जाये तो भी तू अमरता की प्राप्ति नहीं कर सकती क्योंकि वित्त से (धन से) अमरत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती।[4] तब मैत्रेयी कहती हैं कि हे प्रभो! यदि धन से अमरत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती तो मैं धन प्राप्त करके क्या करुँगी, मुझे तो वह उपाय बताइये जिससे अमरत्व की प्राप्ति हो सके तब ऋषि याज्ञवल्क्य आत्मज्ञान को ही अमरत्व की प्राप्ति का साधन बताते हैं एवं मैत्रेयी को आत्मा के दर्शन, श्रवण एवं मनन का उपदेश देते हैं।[5]

यह है वैदिक वाङमयोल्लिखित नारी के चरित्र का दूसरा उदाहरण। इसमें मैत्रेयी समस्त धनादि पदार्थों को तुच्छ समझकर आत्मज्ञान का मार्ग ऋषि याज्ञवल्क्य से पूछती है।

इन दो उदाहरणों को देखकर यह स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि वैदिक काल में नारियों के लिये भी समान शिक्षा की व्यवस्था थी। पुरुषों के ही समान अथवा बालकों के ही समान बालिकाओं को भी गुरुकुलों में समान रूप से शिक्षा दी जाती थी। बालकों के ही समान बालिकाओं के लिए भी ब्रह्मचर्यादि व्रतों के पालन की अनिवार्यता थी। एवं बालिकाएँ संयमपूर्वक विद्याधयन के उपरान्त उचित वर की प्राप्ति करती थी–

**'ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्'**[6]

वैदिक काल में सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करने के लिये नेता के रूप में भी नारी की पहचान थी एवं ऐसी ही एक नारी थी ऊषादेवी। प्रसङ्ग राजा हरिश्चन्द्र के काल का है। राजा हरिश्चन्द्र को वरुण देव की कृपा से एक पुत्र की प्राप्ति हुई, किन्तु पुत्र प्राप्ति का वरदान देते समय वरुणदेव ने उस पुत्र की यज्ञ में बलि देने की शर्त राजा के सामने रखी। पुत्र प्राप्ति के बाद पुत्रमोहवशात् राजा उसकी बलि न दे सका एवं जब रोहित बड़ा हो गया तो युवावस्था में उसने स्वयं ही अपनी बलि देने का निषेध कर दिया एवं जंगल को चला गया। इधर राजा जलोदर रोग

से पीड़ित हो गया। सभी ने इसको वरुणदेव की अप्रसन्नता का दुष्परिणाम जाना जब यह बात रोहित को ज्ञात हुई तो उसने सोचा की नरबलि न देने के कारण ही यह समस्या उत्पन्न हुई है अतः उसने अपने बराबर धन देकर एक युवा शुनः शेप नामक युवक को खरीद लिया। जब शुनः शेप को यज्ञ में बलि के लिये सजाया जा रहा था तो उसने इस अनैतिक कार्य का विरोध किया, एवं उपस्थित समाज से अपने प्राणों की रक्षा की भीख माँगी, किन्तु कोई भी उस रूढ़िप्रथा के विरोध में नहीं बोला। तब वह देवताओं की शरण में गया, वह क्रमशः अग्नि, इन्द्र, वरुण, विश्वदेव, सविता, अश्विन आदि देवताओं की शरण में गया, किन्तु इस नरबलि की पुरानी प्रथा के विरोध में बोलने का साहस किसी को भी न हुआ। सबने एक दूसरे के ऊपर बात को टाल दिया। अन्त में वह अत्यन्त निराश हुआ ऊषादेवी के पास जाता है एवं अत्यन्त करुण स्वर में उससे कहता है – हे देवि! किसी निर्दोष निरपराध मनुष्य का वध करना यह कौन सा धर्म है? क्या तुम भी मेरी रक्षा नहीं करोगी? उषादेवी उसकी करुण पुकार से द्रवित हो उठती है, एवं नरबलि की इस अमानवीय क्रूर प्रथा से उसको वितृष्णा हो जाती है। तदनन्तर ऊषादेवी एक नेत्री के रूप में समाज को जागृत करती है, एवं अपने मित्र अश्विनी की सहायता से राजा के रोग का भी निवारण कर देती है। राजा के रोगमुक्त हो जाने पर सारी रूढिवादिता का ढोंग सबके सामने आ जाता है एवं शुनः शेप को ऋषिपद की प्राप्ति होती है। इस प्रकार समाज में व्याप्त इस दुष्प्रवृत्ति को दूर करने में ऊषादेवी ने समाज को एक समर्थ नेतृत्व प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त ब्रह्मवादिनी ऋषिकाओं में ऋषि कक्षीवान् की पत्नी घोषा का नाम भी महत्त्वपूर्ण है। घोषा ऋग्वेद के दशममण्डल के उन्तालीसवें एवं चालीसवें सूत्र की ऋषिका है। एक अन्य ऋषिका लोपामुद्रा है, जिसने अपने पति के साथ ऋचाओं का दर्शन किया था। ऋचाओं के प्रणयन में एक महत्त्वपूर्ण नाम अपाला का भी माना जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य नाम जो ऋग्वैदिक ऋचाओं से सम्बन्धित है उनमें सविता की पुत्री सूर्या, इन्द्राणी, जुहू, श्रद्धा, सर्पराज्ञी, यमी, उर्वशी आदि का प्रमुख स्थान है।

उपर्युक्त उदाहरणों को देखकर स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि वैदिक काल में नारियाँ अपनी सशक्ततम अवस्था में थी, एवं आज के परिप्रेक्ष्य में यदि उसी पद्धति को पुनः लागू किया जाये तो नारी सशक्तीकरण अत्यन्त ही सहज हो जायेगा।

**सन्दर्भ**

1 विवेकचूडामणि
2 श्रीमद्भगवद्गीता 18/92
3 मुण्डकोपनिषद् 3/3/1/4
4 बृहदारण्यकोपनिषद् 2/4/3
5 आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिधयासितव्यः। बृहदारण्यकोपनिषद् 2/4/5
6 अथर्ववेद 11/5/18

# महाकविभवभूतिनाटकेषु नारी

**शमशेरसिंहः**

श्रीकण्ठपदलाञ्छनोपाधयलङ्कृत पद्मपुरवासीमहाकविभवभूतेः महावीरचरितं, मालतीमाधवम् उत्तररामचरितञ्चेति नाट्यकृतिस्त्रयम्। तत्र आद्यद्वयं रघुकुलशिरोमणिभगवतः रामचन्द्रस्य जीवनवृत्तमुपस्थापयति। दशाङ्कोपनिबद्धं श्रृगांरसान्वितं मालतीमाधवं प्रकरणमिदं महाकवेः प्रतिभोद्भवम्। परं तथापि अत्र महाकवेः नारीविषयकवर्णनमेव अभीष्टम्।

महाकविभवभूतिना स्वनाट्येषु नाटय्यै महनीयं स्थानं दत्तम्। तत्र तस्याः कन्या–पत्नी–मातृरूपत्रयस्य विशदचित्रणं प्रस्तौति। सानैकपरिस्थितिषु मनोदशासु विपन्नास्वपि स्वीयम् उदात्तचरित्रं न विजहाति।

**'कन्यायाश्च ते परार्थतैव मता'॥**[1]

कन्यां कोऽपि जनः याचितुं शक्यते। समर्थास्तु अवश्यमेव। यथा–

**'साधारणनिरातङ्ककन्यामन्योऽपि याचते।**
**किं पुनर्जगतां जेता प्रपौत्रः परमेष्ठिनः॥**[2]

कन्यादानं स्नेहसूत्रस्य संस्थापकः। कन्यादानेन बृहत्प्रतिष्ठितजनैस्सह मैत्री सम्बन्धश्च जायते। कन्यादानस्य अधिकारी पितैव भवति। भवभूतेः कन्या अतीव सुशीला, सा समग्रदुःखसागरं पारयितुं समर्था परं स्वपित्रोः कष्टं सौढुमशक्या। तेषां सन्तापमवेक्ष्य सा विकला जायते।[3]

तत्र कौमार्यावस्थायां परपुरुषसम्बन्धसंस्थापनमतीव हेयमवगम्यते तस्यै। ताः अतीव–सुकोमलाः, सहनशीला कुसुमसदृशसुकुमाराश्च भवन्ति। महाकवेः स्त्रीजातिं प्रति अतीव सम्मानमासीत्, निम्नसिद्धान्तवाक्येन तदनुनीयते। यथा–

**'गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः:।'**[4]

स्त्रियाः पत्नीरूपम् अपि भवभूतिना अतीव मनोरमं प्रोज्जवलरूपेण वर्णनं प्रदर्शितम्। सा गृहलक्ष्मी भवति। पत्युः आन्नदायिनी कण्ठे च शिशिरम सृणमौक्तिकमालेव भाति। यथा–

**'इयं गेहे लक्ष्मीरियममृतवर्तिनयनयो–**
**रसावस्याः स्पर्शो वपुषि बहुलश्चन्दनरसः।**

**अयं बाहुः कण्ठे शिशिरमसृणो मौक्तिकसरः,**
**किमस्याः न प्रेयो यदि परमसह्यस्तु विरहः॥**[5]

राजर्षिजनकोऽपि कौशल्यां दशरथराज्ञः गृहलक्ष्मीमेव मनुते–

**'आसीदियं दशरथस्य गृहे यथाश्रीः ॥**[6]

स्त्रीं विना संसारमिदं जीर्णारण्यमिव जायते। तत् नीरसं निस्सारञ्च जायते।–

**'जगज्जीर्णारण्यं च भवति कलत्रे ह्युपरते।**
**कुकूलानां राशौ तदनु हृदयं पच्यत इव॥**[7]

rFkk pµ

**शून्यमधुना जीर्णारव्यं जगत्। असारः संसारः।**
**काष्ठप्रायं शरीरम्॥**[8]

L=kh LoiR;% thou] ân; u;u;k% dkenh fo|rA ;Fkk&

**'त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्।**
**त्वं कौमुदी नयनयोरमृतं त्वमङ्गे॥**[9]

दम्पत्तिः परस्परं मित्रं, बन्धुः एतादृशी उदात्त कल्पना, आदर्शभावना महाकवेः कृतिषु एव दृश्यते। दाम्पत्य–सम्बन्धस्य एतावती उदात्तकल्पना, उच्चादर्शश्च अन्यत्र दुर्लभमस्ति।–

**'प्रेयो मित्रं बन्धुता वा समग्रता, सर्वे कामा शेवधिर्जीवितं वा।**
**स्त्रीणां भर्ता धर्मदाराश्च पुंसमित्यन्योन्यं, वत्सयोर्ज्ञातमस्तु॥**[10]

स्त्री स्वपत्युः सहधर्मचारिणी तु भवत्येव सहैव दैनन्दिनकार्येषु परामर्शदात्री अपि भवति। जटिल–उचित–अनुचित कार्येषु सा स्वपतये सत्परामर्शमपि ददाति।

मन्दोदरी रावणाय पुनर्पुनः हितावहकार्याण्युपदिशति। सा स्वपतिं धर्मस्खलितं न द्रष्टुमिच्छति। यथा–

**'दिष्टया अपरिहीनधर्मः स राजा।'**[11]

सा सर्वास्वस्थासु सुख–दुःखेषु, भोग–विलासेषु, सम्पत्ति–विपत्तिषु चापि स्वनाथस्य छाया भूत्वा विचरति परं धार्मिककृत्येषु तस्याः सर्वाधिक–उपयुक्तता भवति। श्रुति वचस्वपि इदमेव उच्यते–

**'अर्धो वा एष आत्मनो यज्जाया।.....यावज्जायां न विन्दते असर्वो हि तावत् भवति॥'**[12]

अर्थात्- स्त्री पुरुषस्य अर्धाङ्गी। स्त्रीप्राप्तिं विना पुरुष असम्पूर्णो विद्यते। ऐतरेय-आरण्यकेऽपि इदमेव व्याचष्टे-

**'पुरुषो जायां वित्त्वा कृत्स्नतरमिवात्मनः मन्यते।।'**[13]

इदमेव आदर्शभावमनुश्रित्य भवभूतेः प्रधानपात्ररामचन्द्रो धार्मिककृत्यस्य सम्पूर्त्तये हिरण्यमयी सीतायाः प्रतिष्ठापनं कुर्वते। यथा-

**'नियोजय यथाधर्मं प्रियां त्वं धर्मचारिणीम्।**
**हिरण्यमय्याः प्रतिकृतेः पुण्यां प्रकृतिमधवरे।।**[14]

महाकवेः नाटकेषु चरितनारी सहधर्मचारिणी अस्ति। सा स्वपतयौ प्राणशक्तेः सञ्चारिणी। तस्याः मधुरवचांसि क्लिन्न-परिश्रान्त-म्लानजीवन-कुसुमस्य विकासकानि अखिलेन्द्रियगणस्य मोहनानि, कर्णयोरमृततुल्यानि। यथा-

**'म्लानस्य जीवनकुसुमस्य विकासनानि,**
**सन्तपर्णानि सकलेन्द्रियमोहनानि।**
**एतानि ते सुवचनानि सरोरूहाक्षि,**
**कर्णामृतानि मनसश्च रसायनानि।।**[15]

स्त्रियाः सर्वाधिककष्टमयी-अवस्था स्वपत्युः वियोगः। विप्रयोगे तस्याः समग्रसुखस्वप्नाः धवसायन्ते, असह्यदुःखसागरे निमज्जते तज्जीवनमखिलम्। सीतायाः समग्रजीवनं वियोगस्य एव। वस्तुतः उत्तररामचरितन्तु वियोगपीडायाः एव कथा अस्ति। करुणाऽश्रितकरुणरससिक्त-नाटकेऽत्र विरहिणी वैदेह्याः अनैकशः उपस्थापनं कृतम्। दृश्यते-

**'किसलयमिव मुग्धं बन्धनाद्विप्रलूनं,**
**हृदयकमलशोषी दारुणो दीर्घशोकः।**
**ग्लपयति परिपाण्डुक्षाममस्याः शरीरं,**
**शरदिज इव धर्मः केतकीगर्भपत्रम्।।**[16]

परं दीर्घकालिकविरहस्य अनन्तरं स्वप्रियस्य दर्शने सति दुखानुभूतिं विस्मृत्य आह्लादितमनसि अनैकभावाः जायन्ते। तत्र स्त्रीविषयकभावशबलता दर्शनीया-

**'तटस्थं नैराश्यादपि च कलुषं विप्रियवशा-**
**द्वियोगे दीर्घेऽस्मिञ्झटिति घटनात्स्तम्भितमिव।**
**प्रसन्नं सौजन्यात् दयितकरुणैर्गाढकरुणं,**
**द्रवीभूतं प्रेम्णा तव हृदयमस्मिन् क्षण इव।।**[17]

महाकवेः नारीपात्रेषु क्रोधभावमपि दृश्यते। कपालकुण्ठला सूर्पणखा च एतादृशौ एव नारीपात्रौ स्तः, परं एतौ भवभूतेरादर्श पात्रौ न। निरपराधसीतापरित्यागात् वासन्ती रामं प्रति स्व क्रौधरुपं प्रकटयन्नुपालम्भं करोति। यथा–

**अयि कठोर! यशः किल ते प्रियं किमयशो ननु घोरमतः।**
**परम्! किमभवद्विपिने हरिणीदृशः कथय नाथ कथं बत मन्यसे॥**[18]

तदा सीता वदति किमर्थं वासन्ती स्वयं दारुणं प्रदीप्तार्मपुत्रं समधिकं प्रदीपयति–

**'त्वमेव सखि वासन्ति, दारुणा कठोरा च यैवमार्यपुत्रं प्रदीप्तं प्रदीपयसि'।**[19]

महाकवेः नाटकेषु चरितनारी शिक्षिता, सर्वशास्त्रविचक्षणा, कलाभिज्ञा, कामकलानिष्णाता, कर्त्तव्यपरायणा सुसंस्कृता च विद्यते। कामन्दकी सर्वशास्त्रेषु निष्णाता, सा अधययनाय बहिर्याति। साधुस्त्रियः दूरस्थानं गत्वा पठन्ति स्म। सहशिक्षायाः व्यवस्थाऽपि आसीत्। कामन्दकीभूरिवसू सहैव ज्ञानर्जनं कुरुतः। यद्यपि बालिकानामुन्मुक्त शिक्षणस्य कोऽपि अपरः सङ्केतस्तु न प्राप्यते परं ताः गृहेष्वेव सङ्गीत–ललित कलादयः शिक्षाः शिक्षयन्ति स्म।

स्वयं मालतीचित्रकलानिपुणा आसीत्। सा स्वमनोविनोदाय विरहवेदनापरिशान्तये च माधवस्य चित्रं निर्ममे।[20]

एकत्र कामन्दकी नीतीः नैकधा उपदिशति, अपरत्र धर्मशास्त्रस्य निर्देशमपि यच्छति।

तत्रत्याः नारी कामकलायामपि प्रवीणा मालत्या अभिन्नसखी लवङ्गिका। तत्हृदये माधवं प्रति अनुरागोत्पादने तस्याः विशिष्टमवदानम्। तदायासेनैव तयोरनुरागं चरमपरिणतिं विन्दते।

महाकवेः नारीपात्रेषु कर्त्तव्यपरायणस्य भावना दृढा। कामन्दकी मालतीमाधवप्रणयरूपमित्रकार्यं सम्पादयितुं स्वप्राणैः तपोभिश्चापि बद्धकरा वर्तते। यथा–

'यन्मां विधेयविषये सभवान्निमुङ्क्ते,
**स्नेहस्य तत्कलमसौ प्रणयस्य सारः।**
**प्राणैस्तपोभिरथ वाभिमतं मदीयैः,**
**कृत्यं घटेत् सुहृदो यदि तत्कृतं स्यात्॥**[21]

मालती अपि स्वपरिवारं प्रति कर्त्तव्येषु प्रेम्ण अन्तद्वन्द्वेषु संलग्ना दृश्यते।

सन्ततिसुखाय अपि भवभूतेः नारीपात्राणि चिन्तितानि सन्ति। अपत्यमेव पित्रोः हृदयग्रन्थिं दृढ़तया बधनाति। यथा–

**अन्तः करणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।**
**आनन्दग्रन्थिरेकोऽयमपत्यमिति बधयते॥**[22]

भवभूतेः नारी पात्रेषु स्वाभिमानं विलसति। लोकपरिभवं न स्वीकुर्वन्ति ताः। उच्यते सीतया– **'नयतु मामात्मनोऽङ्कें निलयम्बा न सहिष्यामीदृशं जीवलोकय परिभवमनु-भवितुम्॥'**[23]

तत्रत्याः नारी स्वसन्ततिं प्रति करुणासिक्ता। भगवती वसुन्धरागङ्गे सीताविषयकसुखकल्याणविषये सदैव चिन्तिते स्तः।

पशु–पक्षी–तृण–गुल्मादीः प्रति नारी स्वापल्यसम्बन्धं स्थापयति, तत्सुखसौविधयमपि विचारयति।[24] यथा–

**यत्र द्रुमा अपि मृगा अपि बन्धवो मे,**
**यानि प्रियासहचरश्चिरमधयवात्सम्।**[25]

वार्धक्ये तस्यां करुणा वर्धत एव। कौशल्या–अरुन्धती बालमङ्गलसम्पादनाय सर्वदैव प्रयासरतौ स्तः।

भवभूतेः नारी स्वयन्तु पावना विद्यत एव अन्यान्पि शुद्धं विद्धाति। तयैव लोकाऽयं सनाथः। परं विधेः विडम्बनेयं यत् लोकनिन्दावशतः गर्भपूर्णभराक्रान्ता सा दुखभाजनं जायते। सीतायाः अग्निपरीक्षा तु वस्तुतः प्रदर्शमात्रमेव आसीत् तदावश्यकता एव नाऽसीत्। यतोहि–

**'उत्पत्तिपरिपूतायाः किमस्याः पावनान्तरैः।**
**तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः॥**[26]

परमपावनीसीतानिन्दका एव पापिनः। सीतया तु जगदिदं सनाथः पुण्यात्मा अस्ति।

**'त्वया जगन्ति पुण्यानि त्वय्पूण्या जनोक्तयः।**
**नाथवन्तस्त्वया लोकास्त्वमनाथा विपत्स्यसे॥**[27]

स्वं महाकविभवभूतिविरचितग्रन्थत्रयस्यावलोकनेन स्पष्टयते यत् स्त्रीः प्रति तद्दृष्टिकोणं स्वस्थं सहानुभूतिपूर्णञ्चाऽसीत्। तत्र स्त्रीणां चरित्रं पुरुष सापेक्षमेव विद्यते। तत्रत्याः नारिषु यत्र यावत् समर्पणं, दया, सहानुभूतिः, कर्त्तव्यनिष्ठता, वात्सल्यं, शास्त्रज्ञा, अधययन जिज्ञासा विराजते, तत्रैव स्वानुगुणतेजमपि प्रदर्शयते।

**संदर्भ–**


1 (महावीर. 01/30)
2 (महावीर 1/31)
3 द्रष्टव्य मालतीमाधावम्- अङ्क-2
4 (उत्तरा. 04/11)
5 (उत्तरा. – 1/38)
6 (उत्तरा. – 4/6)
7 (उत्तरा. – 6/51)

8 (उत्तरा. - 1/46-47)
9 (उत्तरा. - 3/26)
10 (मालतीमा. 6/8)
11 (उत्तरा. - 3/7-8)
12 (शतपथब्राह्मण- 5/2/1/10)
13 (ऐ.आ.- 1/3/5)
14 (उत्तरा. - 7/20)
15 (उत्तरा. - 1/36)
16 (उत्तरा. - 3/5)
17 (उत्तरा. - 3/13)
18 (उत्तरा. - 3/27)
19 (उत्तरा., पृ.-190, अंक- 3)
20 मा. मा. प्रथमाङ्क, पृ.-75
21 (मा.मा. 1/09)
22 (उत्तरा. - 3/17)
23 (उत्तरा./अङ्क-07, पृ.-427)
24 उ.रा.-3/18
25 (उत्तरा. - 3/8 पूर्वार्द्धः)
26 (उत्तरा. - 1/16)
27 (उत्तरा. - 1/43)

# मीराबाई के काव्य में स्त्री प्रतिरोध का स्वरूप

**दीप कुमार मित्तल**

मीराबाई (1498–1546 ई.) हिंदी की प्रमुख मध्यकालीन कवयित्री हैं। यद्यपि हिंदी के साहित्येतिहासों में भक्तिकाल के संदर्भ में उनका उल्लेख किया जाता है, किन्तु इससे मीराबाई के जीवन और साहित्य के संदर्भ में कोई सकारात्मक धारणा नहीं बनती है। इस विवेचन की परिधि भी अत्यन्त सीमित है। वस्तुतः हिंदी साहित्येतिहास लेखन और आलोचना ने स्त्री और दलित रचनाकारों के प्रति उपेक्षित रवैया अपनाया है। इनमें दलित रचनाकारों पर तो बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में बहस की शुरूआत हो गई। लेकिन मीराबाई, सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा जैसे स्त्री रचनाकार लम्बे समय तक हाशिए पर रहीं। पिछले दो–तीन दशकों में वंचित समाज की चर्चा के साथ ही जब से स्त्री, दलित और आदिवासी समाज की अस्मिताओं पर बहसें शुरू हुई, तब से स्त्री आंदोलन और विचार के केन्द्र में मध्यकालीन कवयित्री मीराबाई और आधुनिक काल की महादेवी वर्मा बहस के केन्द्र में आ गई। इसके परिणामस्वरूप एक ओर मीराबाई का स्त्री विमर्श के संदर्भ में अध्ययन होने लगा है, वहीं दूसरी ओर उनके जीवन से संबद्ध पक्षों और काव्य की प्रमाणिकता की खोजबीन को भी बढ़ावा मिला है।

मीराबाई का व्यक्तित्व और कृतित्व बने बनाए खांचों को तोड़ता है। हिंदी साहित्य में वे पहली रचनाकार हैं जिनके साहित्य में संभवतः पहली बार स्त्री जीवन की छटपटाहट सुनाई देती है। व्यवस्था द्वारा स्थापित किए गए मानदण्डों के खिलाफ उन्होंने जीवन–भर संघर्ष किया, यह उनके जीवन का एक ऐसा पहलू है जो उन्हें समकालीन स्त्री चेतना से जोड़ता है। मीराबाई के बाद चार शताब्दियां गुजर चुकी हैं, किन्तु स्त्रियों की हालत में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं आया है। राष्ट्रीय स्वतंत्रता मिलने के पश्चात् भी देश में वर्णव्यवस्था और पितृसत्ता का वर्चस्व नहीं टूटा है। आज भी अधिकांश महिलाओं का जीवन पितृसत्ता और पुरुषसत्ता के बंधन में जकड़ा हुआ है। देश–विदेश में हो रहे अनेक संघर्षों के बावजूद लोगों के मन में दहेज और पुत्र–प्राप्ति की चाहत में कोई कमी नहीं आई है। इस स्थिति में मध्यकालीन कवयित्री मीराबाई के संघर्ष पर विचार करना आवश्यक लगता है। मीराबाई के संघर्ष को देखकर आश्चर्य होता है कि कैसे लम्बे समय तक बिना किसी की मदद लिए स्त्री विरोधी सत्ताओं को चुनौती देती रहीं ? उनका संघर्ष व्यक्तिगत होते हुए भी मानव मुक्ति के संघर्ष से अलग नहीं है।

मीराबाई का काव्य उनके जीवन संघर्ष से कटा हुआ नहीं है। उनके काव्य में तुलसी और जायसी की सी प्रबंधात्मकता का अभाव है, किन्तु समाज में दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर स्त्री की स्थिति का गहरा अहसास है, जो उन्हें अन्य भक्तिकालीन रचनाकारों से अलगाता है। यह अलगाव उनके स्त्री होने के कारण आया। मनुष्य जिस वर्ग और परिस्थिति में जीता है, उसकी वास्तविकता की अनुभूति दूसरे वर्ग का व्यक्ति नहीं कर सकता है। प्राचीन काल से पूरी दुनिया की स्त्रियों को पुरुष समाज अपने से निचले तबके का मानता आया है। इस कारण मीराबाई की कविता में स्त्री जीवन का जो दर्द उभरता है, वह वर्णवादी व्यवस्था के हितैषी तुलसीदास और साधना में स्त्री का रूप धारण करने वाले कबीर की कविता में नहीं आता है। अन्य पुरुष रचनाकारों के भी इसी तरह स्त्रियों के बारे में उलझे हुए विचार हैं।

दरअसल मीराबाई जिस सामाजिक धरातल पर खड़ी थीं, वह पूरी तरह स्त्री विरोधी था। ऐसे समाज में जन्म लेते ही स्त्री की स्थिति परिवार में दोयम दर्जे की हो जाती थी, परिवार की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर होती थी। मध्यकालीन समाज में राजपूत शासक वर्ग अपने राज्य के विस्तार और उसे सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए बड़े शासकों और महाराणाओं के साथ अपनी बेटियों का विवाह करता था। विवाह के बाद स्त्री को अपनी सास, ननद, श्वसुर के साथ पति के अनुशासन में रहना पड़ता था। इस व्यवस्था में जन्म से लेकर मृत्यु तक स्त्री को अपनी मर्जी से कोई कार्य करने की छूट नहीं थी। इस शोषण को मीराबाई ने केवल देखा ही नहीं अपितु भोगा भी था। इस भौतिक पहलू के कारण मीराबाई स्त्रियों के शोषण की प्रत्येक दशा को गंभीरता से चित्रित कर पाती हैं।

पितृसत्ता स्त्री शोषण का मुख्य कारण है। इस व्यवस्था में स्त्री की स्थिति पुरुष से कमतर आंकी जाती है। पुरुषों की मनमर्जी के अनुसार स्त्रियों को जीना पड़ता है। पुरुषों द्वारा थोपे गए मूल्यों को जीवन–भर ढोना पड़ता है। स्त्रियों के लिए उनका पति ही परमेश्वर होता है। लेकिन मीराबाई इस व्यवस्था को अस्वीकार करने का जोखिम उठाती हैं। वे पुरुषसत्ता द्वारा स्थापित नियमों को नकारते हुए अपनी स्वाधीनता की घोषणा करती हुई कहती हैं :

**म्हाराँ री गिरधर गोपाल दूसराँ णाँ कूयाँ**
**दूसराँ णाँ कूयाँ साधाँ सकल लोक जूयाँ**
**भाया छाँड्याँ, बंधा छाँड्याँ सगाँ सूयाँ।**
**साधाँ ढिंग बैठ बैठ, लोक लाज खूयाँ।**[1]

गिरधर के वरण की घोषणा करते हुए मीराबाई स्त्री के मूलभूत अधिकारों की मांग करती हैं। स्त्री को पिता और पति के घर पुरुषों के अधीन ही रहना पड़ता है। वह आजीवन पुरुषों पर आश्रित रहती हैं। इस पद के माध्यम से संपूर्ण स्त्री–समाज की वास्तविक स्थिति उद्घाटित होती है। मीराबाई असमानता का पोषण करने वाली और भेदभाव को बढ़ावा देने वाली ऐसी विषमता मूलक व्यवथा को नकारती हैं। इस व्यवस्था में हर स्थिति में स्त्री का शोषण ही होता है।

मीराबाई की कविता में पितृसत्ता और पतिसत्ता के अत्याचारों की गहरी अभिव्यक्ति है। पितृसत्तात्मक समाज में पति ही वह माध्यम होता है, जिसके द्वारा पूरी व्यवस्था स्त्री का शोषण करती है। पितृसत्तात्मक समाज में असमानता, अन्याय, अमानवीयता का पोषण करने वाली प्रथाओं का बड़े स्तर पर प्रचलन होता है। इन कुरीतियों को नैतिकता और मर्यादा के आवरण में इस प्रकार लागू किया जाता है कि अकेला मनुष्य चाहते हुए भी इस स्थिति को नहीं बदल सकता है। यह समाज को विभिन्न स्तरों में बांट देती है। इससे गिने-चुने लोगों के हाथ में समाज को संचालित करने की ताकत आ जाती है और शोषित तबका स्तरीकृत होकर अपने शोषण को चिरस्थाई बनाता है। परिवार, कुल, जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र आदि की दीवारें उन्हें एकजुट होने से रोकती हैं। मीराबाई की कविता में स्त्री शोषण को जन्म देने वाली पितृसत्ता की सभी दशाओं का निरूपण हुआ है।

मीराबाई की कविता पति की सत्ता पर गहरा आघात करती है। उनकी कविता में पति शोषक की मुख्य भूमिका में आता है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था में पुरूष पति के रूप में स्त्री विरोधी नियमों को लागू करने का दायित्व निभाता है। वे पति के प्रभुत्व को चुनौती देते हुए कहती हैं :

**राणाजी थे क्याँने राखो म्हाँसूँ बैर।**
**थें तो राणाजी म्हाँने इसड़ा, लागो ज्यों ब्रच्छन में कैर।**
**महल अटारी हम सब त्यागे, त्याग्यो थारो बसनो सहर।**
**काजल टीकी राणा हम सब त्याग्या भगवीं चादर पहर।**
**मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, इमरित कर दियो जहर।**[2]

पति के द्वारा दिए जाने वाले 'सौभाग्य चिह्नों' को त्यागते हुए मीराबाई मूलतः पति की सत्ता का विरोध करती हैं। इस पद के अलावा वे अन्य पदों में भी रेशमी साड़ी, हार-सिंगार और हाथ की चूड़ियों के त्यागने की बात करती हैं। वस्तुतः विवाहिता स्त्रियों को अपने पति के मंगल के लिए चुने हुए परिधान और आभूषणों को शरीर पर लादना पड़ता है। अपनी इच्छा से वे इनमें हेर-फेर नहीं कर सकती हैं। लेकिन मीराबाई न केवल पति के वर्चस्व को नकारती हैं, अपितु पति के वर्चस्व की पुष्टि करने वाले 'सौभाग्य चिह्नों' को भी त्यागती हैं। अजीब विडम्बना है कि पुरुषों के लिए इस प्रकार की कोई बाध्यता नहीं है। इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी ये कुरीतियां समाज में प्रचलित हैं।

पति और कुल की प्रतिष्ठा के कारण मध्यकालीन स्त्री को घर की चारदीवारी लांघने का अधिकार नहीं था और घर के भीतर सास-ननद अनेक प्रकार से बहू और भाभी का शोषण करती थीं। वस्तुतः परिवार का गठन स्त्री शोषण की नींव पर ही होता है। पितृसत्तात्मक परिवार के ढांचे में स्त्री को शक्तिहीन बनाने का उपक्रम निरंतर चलता रहता है। इस प्रक्रिया में स्त्री ही स्त्री की शत्रु बन जाती है। पतोहू पर अत्याचार करते समय सास पितृसत्ता की साजिश का ही शिकार होती है। किन्तु वह इसे अपनी स्वतंत्रता का प्रतीक समझ लेती है। भारतीय स्त्री की इस विडम्बना के संदर्भ में विश्वनाथ त्रिपाठी लिखते हैं 'भारतीय समाज की स्त्रियों के पीड़न में स्त्रियों का भी

योगदान होता है। सासु–पतोहू, ननद–भौजाई का कलह भारतीय स्त्री समाज की बहुत बड़ी विशेषता है।'[3] इस शोषण का शिकार मीराबाई को भी होना पड़ा। परिवार की मर्यादा का 'डंके की चोट' पर अवहेलना करने वाली बहू के कार्यो से राणा सांगा की पत्नियों का नाराज होना स्वाभाविक था। वे न केवल मीराबाई की रीति से अप्रसन्न हुई, अपितु उन्होंने मीराबाई को सताने के अनेक तरीके अपनाए। इनका वर्णन करते हुए मीराबाई कहती हैं:

**हेली म्हांसूँ हरि बिनि रह्यो न जाय।**
**सास लड़े मेरी ननद खिजावै, राणा रह्या रिसाय।**
**पहरो भी रख्यो चौकी बिठार्‌यों, ताला दियो जड़ाय।**
**पूर्व जनम की प्रीत पुराणी, सो क्यूँ छोड़ी जाय।**[4]

इन प्रयत्नों के बावजूद जब मीराबाई के व्यवहार में बदलाव नहीं आता है, तब सासुओं का क्रोध सारी सीमाएं पार कर जाता है :

**कुंजगली में म्हाँनें मोहन मिलिया, किस विध फिरूं अपूठी।।**
**सास बुरी म्हारी ननद हठीली, जलबल होय जाय अँगीठी।**[5]

फिर भी मीराबाई को इसकी कोई परवाह नहीं रहती। उनका गिरधर के प्रति समर्पण दिन–प्रतिदिन बढ़ता जाता है। वे अपने ईश्वर से प्रेम करते हुए स्त्रियों की स्वतंत्रता की मांग करती हैं। समर्पण की भावना के विरुस्त्री आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग करती हैं और एक सीमा तक कृष्ण को अपना पति चुनकर जीवित पति के प्रति पूर्ण समर्पण की राजपूत रीति को ठुकराती भी हैं। लेकिन इससे उन पर हो रहे अत्याचारों में वृस्त्रिी हो जाती है। परिवार के सभी सदस्य इस मांग के विरुस्त्राी एकजुट हो जाते हैं।

मध्यकालीन समाज में परिवार के संयुक्त स्वरूप का अस्तित्व था। ऐसे परिवार में स्त्री की स्थिति अत्यन्त खराब हो जाती है। उसके शोषण का दायरा बढ़ जाता है। सास–श्वसुर, जेठ, देवर और ननद, के साथ पति अपनी स्त्री पर अनेक जुल्म करता है। ऐसे परिवार में नारी अधिकारहीन होती है। इस संदर्भ में रामविलास शर्मा बताते हैं 'पुराना परिवार मोटे तौर से संयुक्त परिवार है और संयुक्त परिवार में स्त्री की स्थिति लगभग वही है जो सामंती समाज में जमींदार के नीचे काम करने वाले किसान की होती है।'[6] उस समय राजपूत राजकुल तो आवश्यक रूप से संयुक्त परिवार के ढांचे में बंधे हुए थे। परिवार के इस स्वरूप के कारण स्त्रियों को एक साथ कई स्तरों पर शोषण का शिकार बनना पड़ता था। मध्यकालीन परिवार की इस जटिलता का मीराबाई के काव्य में बारीकी के साथ चित्रण हुआ है मीराबाई के तौर–तरीके न सास–ननद को पसंद हैं, न पति और श्वसुर को पूरा परिवार उनके जीने के ढंग से पूरी तरह नाराज दिखलाई देता है। वह मीराबाई के आचरण में बदलाव लाने के लिए अनेक हथकंडे अपनाता है। इसका वर्णन करते हुए मीराबाई कहती हैं :

**हांजी थांनै सइयां बरजै सारी**
**राजा बरजै राणी बरजै, बरजै सब परिवारी।**
**कुँवर पाटवी सो भी बरजै, औ सहेल्यां सारी।**[7]

मूलतः पितृसत्तात्मक परिवार की निर्मिति ही इस प्रकार होती है, जहां स्त्री–स्वतंत्रता की किसी भी किरण का जीवित रहना संभव नहीं है। मीराबाई की कविता में जो समस्याएं हैं, उनका परिवार के इस ढांचे से सीधा संबंध है। वे अपनी कविता में परिवार के ताने–बाने में निहित स्त्री–शोषण के तरीकों को सीधी–सादी भाषा और सरल बिम्बों में प्रस्तुत कर देती हैं। वह केवल इस शोषण का वर्णन ही नहीं करती हैं, बल्कि कड़े शब्दों में इसका प्रतिवाद भी करती हैं। उन्हें परिवार और कुल की मर्यादा से कोई लगाव नहीं है।

मीराबाई जिस राजपूत परिवार की बहू थीं उसमें स्त्री को किसी प्रकार की स्वतंत्रता नहीं थी। स्त्रियों को अनेक कुरीतियों के माध्यम से गुलाम बनाकर रखा जाता था। तात्कालिक राजस्थान में स्त्रियों का दमन सबसे अधिक चित्तौड़ में होता था। इस विषय में आलमशाह खान का मानना है 'एक प्रकार से छत्तीसों राजकुलों और पूरी राजपूती प्रथाओं की खिचड़ी मेवाड़ के अन्तःपुर में होती थी। प्राचीन राज्य–परंपरा, जातीय गौरव और मर्यादा को बनाए रखने के लिए वहाँ कुछ मर्यादाएँ विकसित हो गई थीं जिनमें उच्च–भावना, कुल–गौरव, जातीय–श्रेष्ठता, उच्च–चरित्र, नारियों का नियंत्रण में रहना, पर्दा–पालन आदि पर दुराग्रह की सीमा तक आग्रह रहता था। राजरानियों बल्कि दावड़ियों के लिए भी सती होना गौरव की बात मानी जाती थी।ह[8] राजा के कुपित होने पर रानियों के 'कांसे' में कटौती करना, उनकी सुविधाएं बंद कर देना, दर्जा उतार देना आदि का प्रचलन था। इन नियमों को अत्यन्त कठोरता से लागू किया जाता था। ऐसे विपरीत वातावरण में भी मीराबाई परिवार की मर्यादा और कुल की परंपरा का उल्लंघन करने में हिचकती नहीं हैं। वे न आदर्श पत्नी का स्थान प्राप्त करती हैं और न ही पवित्र विधवा का। पति की मृत्यु के बाद केवल सती होने से ही इंकार नहीं करती हैं, बल्कि वैधव्य के नियमों को मानने से भी स्पष्ट इंकार कर देती हैं। उन्हें स्त्री की स्वतंत्रता को सीमित कर देने वाली किसी भी मान्यता के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। पति, परिवार और कुल के गौरव की उपेक्षा करते वे कहती हैं :

**राणोजी थें जहर दियो म्हें जाणी।**
**जैसे कंचन दहत अगिन में, निकसत बाराँवाणी।**
**लोकलाज कुल काण जगत की, दइ बहाय जस पाणी।**
**अपने घर का परदा करले, मैं अबला बौराणी।**
**तरकस तीर लग्यो मेरे हियरे, गरक गयो सनकाणी।**
**सब संतन पर तन मन वारों, चरण कँवल लपटाणी।**[9]

संतों की संगति और गिरधर की भक्ति के आगे मीराबाई को पारिवारिक रूढ़ियों का पालन करना निरर्थक और सारहीन लगता है।

मीराबाई वंश–परिवार की इज्जत, भौतिक विवाह और कुल से जुड़ाव का ही विरोध नहीं करती हैं, बल्कि तात्कालिक शासन सत्ता के वर्चस्व को भी मानने से इंकार कर देती हैं। वे सामान्य परिवार की महिला नहीं थीं। उनका जन्म मेड़ता के राजकुल में और विवाह मेवाड़ के शासक राणा सांगा के पुत्रा भोजराज के साथ हुआ। उनका विद्रोह परिवार अथवा कुल की मर्यादा के उल्लंघन तक ही सीमित नहीं था, बल्कि शासन की अवज्ञा से भी जुड़ा था। इसलिए मीरा का संघर्ष बहुस्तरीय और बहुआयामी था। एक तरु अकेली मीराबाई थीं और दूसरी तरु पति, परिवार और शासन की ताकत एक साथ उपस्थित थी। लेकिन वे किसी भी ताकत के सम्मुख नतमस्तक नहीं होती हैं। वे जिस ढंग से पति और परिवार के वर्चस्व को तोड़ती है, उसी विरोधी तेवर के साथ राजसत्ता के खिलाफ़ भी प्रतिरोध करती हैं। वह राणा को साफ–साफ शब्दों में कहती हैं:

**नहिं सुख भावै थारो देसलड़ो रँगरूड़ो।**
**थाँरे देसाँ में राणा साध नहीं छै, लोग बसै सब कूड़ो।**[10]
**हकाहूकी मैं बरजी नाहिं रहूँ।**
**जो कोई मोकूं एक कहै, मैं एक की लाख कहूँ।**[11]

एक आत्मभिमानी मनुष्य के समान मीराबाई अपने जीवन में किसी के आयाचित हस्तक्षेप का समर्थन नहीं करतीं। वह अपना जीवन अपने ढंग से जीना चाहती हैं। वह प्रत्येक ऐसी संस्था का विरोध करती हैं, जो स्त्रियों के जीवन को नियंत्रित करती है। इस कारण उनका संघर्ष एक परिवार अथवा कुल तक सीमित न रहकर उस समूचे सामाजिक ढांचे के खिलाफ़ बदल जाता है, जिससे ये सभी संस्थाएं संचालित होती हैं। मीराबाई के संघर्ष की दिशाओं को स्पष्ट करते हुए मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं 'मीरा का विद्रोह एक विकल्पहीन व्यवस्था में अपनी स्वतंत्रता के लिए विकल्प की खोज का संघर्ष है।'[12]

एक तरु भारतीय शास्त्रीय परंपराएं वर्णव्यवस्था और पितृसत्ता के गठजोड़ को सुदृढ़ता प्रदान करती हैं, दूसरी तरु लोक भी अंधविश्वास और अज्ञान के वश होकर पितृसत्ता के शोषण को बढ़ावा देता है। स्त्री और दलित के लिए दोनों ही जगह कोई स्थान नहीं है। वस्तुतः लोक और शास्त्र समाज के दो रूप हैं। इन रूपों पर सामाजिक संरचना की गहरी छाप होती है। अतः समाज के दबे–कुचले और उत्पीड़ित समुदाय को दोनों जगह अत्याचारों को सहना पड़ता है। कभी–कभी लोक–रीतियां अधिक घातक होती हैं। मैनेजर पाण्डेय के अनुसार 'स्त्रियों की पराधीनता और दमन के प्रसंग में शास्त्रा उतना दमनकारी नहीं होता जितना लोक होता है। एक स्त्री का जीना, मरना, मुसकुराना, हँसना, रोना, प्रेम करना सबकुछ प्रेम के प्रसंग में यह कहा जाता है कि ये ऐसा करेगी या वैसा करेगी तो लोग क्या कहेंगे ?'[13] मीराबाई की कविता से भी लोक के उत्पीड़न की आवाज सुनाई देती है। उनका विरोध केवल राणा–परिवार और राठौड़–परिवार ने ही नहीं किया, बल्कि आम आदमी को भी उनके आचरण पर आपत्ति थी। मीराबाई जब भी राणा–परिवार के कष्टों का वर्णन करती हैं, तब लोक निंदा की शिकायत भी करती हैं। लेकिन वह शास्त्र के साथ लोक की

वर्जनाओं का भी तिरस्कार करती हैं। वे बार-बार लोक की मर्यादा को तोड़ते हुए कहती हैं:

**माई साँवरे रँग राँची।**
**साज सिंगार बाँध पग घूँघर, लोकलाज तज णाँची।**
**गयाँ कुमत लयाँ साधाँ संगत स्याम प्रीत जग साँची।**[14]
**हसाँवरी सी किसोर मूरत, कछुक टोनो कर्यो।**
**लोक लाज बिसारि डारी, तबहीं काज सर्यो।**[15]
**णाच णाच म्हाँ रसिक रिझावाँ, प्रीत पुरातणा जाँच्या री।**
**स्याम प्रीत री बाँध घूँघर्याँ मोहण म्हारो साँच्याँ री।**
**लोक लाज कुलरा मरजादाँ, जगमाँ णेक सा राख्याँ री।**[16]

लोकनिंदा के भय को त्यागते हुए वे अपनी इच्छा के अनुसार कार्य करती हैं। मीराबाई की कविता की विशेषता है कि वह परिवार, कुल, राजसत्ता और लोक की मर्यादाओं को एक साथ जोड़कर देखती है। इन सभी संस्थाओं का बहिष्कार एक साथ करती हैं। वास्तव में इन सत्ताओं का अस्वीकार किए बगैर स्त्री मुक्ति का स्वप्न अधूरा है।

दरअसल मीराबाई केवल भक्ति के लिए सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करती हैं,बल्कि कृष्णोपासना की अवधि में भी पारिवारिक परंपराओं, धार्मिक नियमों और शासकीय नीतियों की व्यर्थता का वर्णन करते हुए उनका विरोध करती हैं। वे साफ-साथ शब्दों में कृष्ण के आगे परिवार, कुल और राज्य की सत्ता को बौना बताते हुए कहती हैं-

**सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हाँरा काँई करलेसी।**
**म्हें तो गुण गोविन्द का गास्याँ, हो माई।**
**राणोजी रूठ्याँ बाँरो देस रखासीं।**
**हरि रूठ्याँ कुम्हलास्याँ, हो माई।**
**लोकलाज की काण न मानूँ।**
**निरभै निसाणाँ धुरास्याँ हो माई।**[17]

वस्तुतः मीराबाई की भक्ति उतनी एकांतिक नहीं है जितनी हिंदी आलोचना में समझी गई। जहां-जहां मीराबाई का आत्मनिवेदन है, वहां-वहां उनका सामाजिक संघर्ष भी है। अन्य भक्त कवियों की रचनाओं में भी यह प्रवृत्ति दिखलाई देती है।

वास्तव में भक्तिकालीन रचनाकारों ने भक्ति के माध्यम से भौतिक जगत् की समस्याओं पर विचार किया है। जहां कबीर ने जीव और ब्रह्म, माया और जगत की चर्चा करते हुए तात्कालिक सामाजिक समस्याओं का वर्णन किया है और इन समस्याओं को जन्म देने वाली वर्ण-व्यवस्था का विरोध किया है, वहीं तुलसीदास ने रामकथा का वर्णन करते हुए कलियुग के प्रभाव का वर्णन किया है। फिर भी, इन कवियों को हिंदी आलोचना भक्ति में खोए कवि के रूप में चिन्हित नहीं

करती है। विद्वानों के लिए कबीर और तुलसीदास की भक्ति सामाजिक भूमिका का निर्वहन करने वाली ताकत बन जाती है। इसी आधार पर आचार्य शुक्ल तुलसीदास के साहित्य को लोकमंगल की भावना से पूरित बताते हैं और हजारीप्रसाद द्विवेदी कबीर को क्रांतिकारी कवि के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं। अगर समकालीन आलोचना मीराबाई की भक्ति का उनके सामाजिक-संघर्ष के संदर्भ में मूल्यांकन करती है तो इसमें आश्चर्य करने जैसा कुछ नहीं है। इससे एक बात अवश्य सामने आती है कि समकालीन आलोचना से पूर्व मीराबाई की कविता का व्यवस्थित रूप से अध्ययन नहीं किया गया। आलोचकों ने पूर्व स्थापित मान्यताओं की जांच-पड़ताल किए बगैर उन्हें यथावत् अपना लिया।

समकालीन आलोचना ने जहां एक ओर मीराबाई की भक्ति को नया अर्थ दिया, वहीं दूसरी ओर उसकी सीमाओं को भी रेखांकित किया है। इस संदर्भ में अनामिका और रोहिणी अग्रवाल का मानना हैं कि मीराबाई पितृसत्ता का विरोध करते हुए भी अन्ततः पितृसत्ता को ही अपनाती है। ऐसा वे कृष्ण भक्ति के जरिए करती हैं। अनामिका के शब्दों में 'मीरा जैसी भक्त कवियों की एक समस्या है-पितृसत्तात्मक षड्यंत्रों का एक घेरा तो वे लांघ लेती हैं, स्वयंवरा हो जाती हैं पर पितृसत्तात्मकता का हल्का अभ्यंतरण उनमें भी होता है तभी तो वही दास्य भक्ति आरोपित कर देती है अपने 'कृष्ण' पर भी, जिसे काटकर वे आगे बढ़ी थीं। जो शुरू में एक 'सखा' की तरह, वर्ग-जाति आदि कृत्रिम विभेदों के ऊपर उठे एक 'दोस्त' की तरह उन्हें आकर्षित करता था-उससे भी एक दोस्त की भाषा में वे बात नहीं कर पातीं।'[18] मीराबाई की भक्ति के संदर्भ में यह प्रश्न सबसे पहले 1990 में कुमकुम संगारी ने अपने लेख 'The spiritual economy of Bhaki' में उठाया। उन्होंने इस विषय में लिखा 'अधीनता मीरा की भक्ति में इंद्रयातीत अनुभवों की साकार अभिव्यक्ति के रूप में आयी है। यह सेवा, दासता, गुलामी और प्रभुत्व जैसी विविध अर्थावली के रूप में प्रकट हुई है तथा एक विशेष हलचल उत्पन्न करती है।'[19] यह एक उलझा हुआ विषय है, जिस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वास्तव में मीराबाई भक्ति के माध्यम से ही पारिवारिक प्रतिबंधों और सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देती हैं। राणा, सास, ननद के नियंत्रण को नकारते समय गिरधर का सहारा लेती हैं। लेकिन यह गिरधर उनका अपना है, जो पुरुष के रूप में केवल स्त्री का शोषण करने वाला न होकर सहायक, मित्र और प्रेमी है। वे न तो सूर और तुलसी की तरह किसी संप्रदाय से दीक्षा लेती हैं और न ही सिर्फ गिरधर तक ही सीमित रहती हैं। उन्होंने अपने आराध्य को निर्गुण शब्दावली में भी पुकारा है। उनका गिरधर जनता को स्वावलम्बी बनाता है और रूढ़ियों को तोड़ने का साहस देता है। वह लोगों को बांधता नहीं, बल्कि मुक्त करता है। भौतिक धरातल पर समस्याओं से जूझने की ताकत देता है।

मीराबाई की भक्ति समकालीन रचनाकारों से पूरी तरह भिन्न है। 'दासि मीरा लाल गिरधर' कहने के बावजूद वे दास्य भक्ति के प्रतिमानों को खारिज करती हैं उनके और गिरधर के मध्य

सेवक और स्वामी का संबंध दिखलाई नहीं देता है। उनकी कविता में गिरधर एक ऐसे सहयोगी चरित्र के रूप में आता है, जिससे बेझिझक अपनी बात कह सकती हैं तथा उसके अनुचित व्यवहार पर नाराजगी जता सकती हैं। वे कहती हैं :

**होजी हरि कित गये णेह लगाय।।**
**णेह लगाय म्हारो हर लीयो, रस भरी टेर सुनाय।**
**म्हारे मण में ऐसी आवै, मरूँ जहर बिस खाय।**
**छाड़ि गये विश्वासघात करि, णेह केरी नाव चढ़ाय।**
**मीराँ के प्रभु कब रे मिलोगे, रहे मधुपुरी छाय।।**[20]

विरह में व्याकुल मीराबाई कृष्ण के उपेक्षित व्यवहार को अपनी नियति मानकर नजरंदाज नहीं करती हैं। उनका मानना है कि इस प्रेम की शुरूआत कृष्ण ने की और जीवनपर्यन्त इसे निभाने का विश्वास दिलाया। लेकिन जब यह प्रेम अपनी चरम स्थिति में पहुंचा, तब कृष्ण पीठ में छुरा घोंपकर नजरों से ओझल हो गए। मीराबाई कृष्ण के इस रवैये की भर्त्सना करते हुए उन्हें एक धोखेबाज व्यक्ति के रूप में चित्रित करती हैं। उक्त पद में मीराबाई और कृष्ण के मध्य जो संबंध उभरता है, वह भक्त और भगवान के परंपरागत खांचे में नहीं समाता है। इस प्रकार का व्यवहार एक ऐसे प्रेमी युगल के बीच हो सकता है, जिनके मध्य प्रेम के अतिरिक्त किसी अन्य सत्ता का हस्तक्षेप न हो। ऐसे प्रेम में स्त्री–पुरुष का कल्पित भेद अर्थहीन हो जाता है।

कहना न होगा कि मीराबाई भक्ति के जरिए प्रेम के जिस रूप का वर्णन करती हैं, तात्कालिक समाज में उसका नितांत अभाव था। मध्यकालीन समाज में प्रेम के वास्तविक रूप का अस्तित्व नहीं था। स्त्री और पुरुष के लिए प्रेम के अलग–अलग मानदण्ड थे। स्त्री के लिए बिना किसी दुराव–छिपाव के तन और मन से पुरुष के प्रति समर्पित होना जरूरी था, किन्तु यह समर्पण एकतरफा था। पुरुष के लिए स्त्री के प्रति समर्पित होने की जरूरत नहीं थी। वस्तुतः मध्यकालीन समाज में प्रेम के नाम प्रचलित यह संबंध पितृसत्ता और वर्णव्यवस्था द्वारा नियंत्रित था, जिसका प्रेम से दूर–दूर तक कोई रिश्ता नहीं था। इस दृष्टिकोण के कारण भोगवादी प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला। पुरुष के लिए प्रेम का अर्थ स्त्री की देह तक सीमित हो गया। मीराबाई इस भोगवादी प्रवृत्ति के विरुद्ध विशुस्त्री प्रेम का आदर्श प्रस्तुत करती हैं।

उल्लेखनीय है कि मीराबाई की भक्ति स्त्री स्वाधीनता के संघर्ष में बाधक नहीं बनती है। उनका अपने आराध्य गिरधर से जो संबंध है, उसका अलौकिक जगत् की अपेक्षा वास्तविक धरातल से अधिक संबंध है। उनकी कविता में अंकित गिरधर के मानवीय रूप की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। दोनों के मध्य दासी और स्वामी के संबंध की अपेक्षा परस्पर सहयोगी मनुष्यों का रिश्ता उभरता है। यह रिश्ता किसी सामंती नियम से परिचालित न होकर प्रेमजन्य तरीके से आगे बढ़ता है।

दरअसल मीराबाई भक्ति के भी परंपरागत रूप को नहीं अपनाती हैं। वे अपने आराध्य को मनुष्य के रूप में भौतिक धरातल पर प्रतिष्ठित करती हैं और उसे गिरधर का नाम देती हैं। गिरधर न तो मीराबाई को संसार त्यागने की प्रेरणा देता है और न ही सामाजिक रूढ़ियों को अपनाने के लिए बाध्य करता है, बल्कि सामाजिक विरोध के बावजूद 'डंके के चोट' पर 'चौड़े' में भक्ति करने का साहस देता है। प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार मीराबाई सामाजिक प्रतिकूलताओं से घबराकर जंगलों और कंदराओं की ओर नहीं गईं। भले ही उन्हें पारिवारिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मजबूरी में बार-बार स्थान बदलने पड़े, किन्तु उन्होंने सामंती शासन के आगे घुटने नहीं टेके और न ही उन्होंने निर्णय से कोई समझौता किया। उन्होंने हमेशा सामंती नियमों का तिरस्कार करते हुए कहा :

**माई री म्हा लियाँ गोविन्दाँ मोल।**
**थें कह्याँ छाणे म्हाँ काचोड़े, लियाँ बजन्ता ढोल।**
**थें कह्याँ मुँहौधो म्हाँ कह्याँ सुस्तो, लियो री तराजाँ तोल।**
**तण वाराँ म्हाँ जीवन वाराँ, वाराँ अमोलक मोल।**
**मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जणम को कोल।**[21]

गोविन्द को मोल लेने की घोषणा का आध्यात्मिक के साथ-साथ सामाजिक अभिप्राय भी है। इस घोषणा में सामंती व्यवस्था में कैद की गई महिला की मुक्ति का स्वर भी सन्निहित है।

इस विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि मीराबाई के जीवन और साहित्य के प्रति हिंदी आलोचना ने लम्बे समय तक उपेक्षित रुख अपनाया। मीराबाई को कृष्ण भक्ति में डूबी स्त्री के रूप में देखा गया। जहां मीराबाई के प्रति यह भाव शुरूआती आलोचना में मुंशी देवीप्रसाद, मिश्रबंधु, आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने दर्शाया, वहीं परवर्ती काल में बच्चन सिंह और विश्वनाथ त्रिपाठी जैसे आलोचकों ने भी इस दृष्टिकोण को अपनाया। इस कारण हिंदी आलोचना में मीराबाई के जीवन से जुड़े पक्षों और साहित्यिक पहलुओं को समझने पर ध्यान नहीं दिया गया। मीराबाई के प्रति यही रवैया उनके समकालीन रचनाकारों ने भी अपनाया। मध्यकालीन ऐतिहासिक सामग्री से भी मीराबाई के जीवन को समझने में कोई मदद नहीं मिलती है।

दीर्घ अवधि तक ऐतिहासिक, साहित्यिक और धार्मिक स्रोतों में मीराबाई का उल्लेख न मिलने के कारण वर्तमान में मीराबाई के जीवन और काव्य के विषय में अनेक भ्रांतियां उत्पन्न हो गई हैं। हिंदी आलोचना के परंपरागत मूल्यांकन ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। लेकिन हिंदी में पिछले दो-तीन दशकों में वंचित समाज की चर्चा के साथ ही जब से स्त्री, दलित और आदिवासी अस्मिताओं पर विचार होने लगा, तब से स्त्री आंदालेन और विचार के प्रसंग में हिंदी की मध्यकालीन कवयित्री मीराबाई का नए ढंग से मूल्यांकन होने लगा है। समकालीन आलोचना ने पहली बार मीराबाई के जीवन और काव्य से जुड़े विवादों को व्यवस्थित तरीके से सुलझाने का प्रयत्न किया है। जहां एक ओर समकालीन आलोचना ने मीराबाई के आराध्य, पति

और गुरू से जुड़े प्रश्नों को उपलब्ध ऐतिहासिक, साहित्यिक सामग्री और मीराबाई की कविता के आधार पर हल करने की कोशिश की है, वहीं दूसरी ओर मीराबाई की सामाजिक चेतना के आधार पर काव्य की प्रमाणिकता के प्रश्न पर भी विचार किया है।

## संदर्भ

1 आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ.100
2 वही, पृ. 106
3 विश्वनाथ त्रिपाठी, मीरा का काव्य, पृ. 59
4 आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ. 108-109
5 हरिनारायण पुरोहित (सं.), मीरां बृहत्पदावली भाग-1, पृ. 106
6 रामविलास शर्मा, 'भारतीय परिवार और नारी', आलोक सिंह (सं.), स्त्री मुक्ति के प्रश्न, पृ. 50
7 हरिनारायण पुरोहित (सं.), मीरां बृहत्पदावली भाग-1, पृ. 9
8 आलमशाह खान, 'मीरा : पारिवारिक परिवेश', अरुण चतुर्वेदी (सं.), 2006, मीरा एक मूल्यांकन, श्याम प्रकाशन, जयपुर, पृ. 12
9 आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ. 107
10 वही, पृ. 105
11 हरिनारायण पुरोहित (सं.), मीरां बृहत्पदावली भाग-1, पृ. 45
12 मैनेजर पाण्डेय, भक्ति आंदोलन और सूरदास काव्य, पृ. 43
13 मैनेजर पाण्डेय, 'मीरां : स्त्री-स्वतंत्रता और संघर्ष का काव्य' कथा, पृ. 51
14 आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ. 100
15 वही, पृ. 146
16 वही, पृ. 99
17 परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ. 106
18 अनामिका, 'कंकरीट की सड़कें और मीराबाई', पल्लव (सं.), मीरा : एक पुनर्मूल्यांकन, पृ. 347-48
19 कुमकुम संगारी, मीराबाई और भक्ति की आध्यात्मिक अर्थनीति, पृ. 69
20 आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (सं.), मीराँबाई की पदावली, पृ. 148
21 वही पृ. 101

# महाभारत में स्त्री के उज्ज्वल पहलु

**प्रतिभा गौतम**

स्त्री सृष्टि रचयिता की एक अनोखी रचना है क्योंकि यदि रचयिता स्त्री की रचना न करता तो ब्रह्माण्ड में विकास की प्रक्रिया प्रारम्भ ही नहीं होती। विकास प्रक्रिया में अनन्य योगदान देने के कारण ही हमारे तपोवनी ऋषियों, मुनियों, स्मृतिकारों और धर्मशास्त्रकारों ने स्त्री को पूजनीया माना है। महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली तो स्त्री को अलौकिक शक्तियों का प्रतीक मात्र है। शक्ति की इस महादेवी का प्राचीन भारत में सर्वत्र सम्मान था। कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर ऐसा एक भी उदाहरण नहीं दिखाई देता जहाँ नारी का अपमान हुआ हो।

सत्यवतीनन्दन वेदव्यास की लेखनी से लिखी गयी महाभारत में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति पर व्यापक प्रकाश डाला गया है। वेदव्यास ने साधवी स्त्रियों की पग-पग पर प्रशंसा की है। स्त्रियों को गृहस्थाश्रम की आधारशिला माना है। स्त्रियों की शिक्षा, राजनीति का ज्ञान, विवाह, विधवा की स्थिति, एकपत्नी व्रत, एकपतिव्रत, पातिव्रत्य धर्म, तथा स्त्रियों के अनेक सामाजिक पहलुओं पर जैसा यथार्थ चित्रण महाभारत में मिलता है वह अतुलनीय है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष भारतीय संस्कृति के चार पुरुषार्थ है जिनकी प्राप्ति पुरुष स्त्री के सहयोग के बिना नहीं कर सकता, जब तक इस देश ने नारी के मातृत्व और सतीत्व का आदर किया और जब तक यह देश नारी की अप्रमेय शक्ति और तेज से प्रेरणा ग्रहण करता रहा, वह उन्नति के शिखर पर आरूढ होता रहा, किन्तु जिस दिन से मनुष्य ने नारी की अद्‌भुत शक्ति को भूलकर उसकी ममता, मातृत्व और सतीत्व की अवहेलना की, उसी दिन से उसके पतन का मार्ग प्रशस्त हो गया। ऐसे और भी कई पहलुओं पर महर्षि वेदव्यास ने अपनी लेखनी चलाई है उनको मैंने अपने लेख में निबद्ध करने का प्रयत्न किया है।

### गृहस्थाश्रम की आधारशिला-स्त्री-

गृहस्थाश्रम का पालन करना प्रत्येक मानव के लिए अनिवार्य बताया गया है जिसकी रीढ है स्त्री। यही भाव महाभारत में व्यक्त करते हुए कहा गया है-

**न गृहं गृहमित्याहुः  गृहिणी मृहमुच्यते।**
**गृहं तु गृहिणीहीनं अरण्यसदृशं भवेत्।।**[1]

अर्थात् वास्तव में ईंट–पत्थर का घर, घर नहीं हाता, गृहिणी ही यथार्थ रूप में घर होता है। जिस घर में गृहिणी का निवास नहीं होता हे वह तो जंगल है।

स्त्रियों का सत्कार और दुलार सदैव करना चाहिए जहाँ स्त्रियों का आदर और सम्मान किया जाता है वहाँ देवता प्रसन्न होकर निवास करते है। जहाँ स्त्रियों का अपमान किया जाता है वहाँ सभी कार्य असफल हो जाते है। जहाँ किसी कुल की बहू–बेटियाँ दुखी रहती है तब उस कुल का नाश हो जाता है । वे दुःखी होकर जिन घरों को शाप देती है वे घर उजड़ जाते हे। ऐसे श्री हीन घरों की न शोभा होती है और न ही उनकी वृद्धि होती है। यही बात वेदव्यास ने इन श्लोकों में व्यक्त की है–

**पूज्या लालयितव्याश्च स्त्रियो नित्यं जनाधिप।**
**स्त्रियो यत्र च पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता॥**
**अपूजिताश्च यत्रैताः सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।**
**तदा चैतत् कुलं नास्ति तदा शोचन्ति जामयः॥**
**जामीशप्तानि गेहानि निकृतानीव कृत्यया।**
**नैव भान्ति न वर्धन्ते श्रिया हीनानि पार्थिव॥**[2]

स्त्रियाँ ही घर की लक्ष्मी है अपनी उन्नति चाहने वाले पुरुष को स्त्रियों का आदर करना चाहिए। अपने वश में रखकर उनका पालन करने से स्त्री लक्ष्मी का रूप बन जाती है। कहा भी है–

**श्रित एताः स्त्रियो नाम सत्कार्या भूतिमिच्छिता।**
**पालिता निगृहिता च श्रीः स्त्री भवति भारत॥**[3]

महाभारत में कहा है कि स्त्रियाँ ही सफलता का साधन है इसलिए पुरुषों के रति, भोग, सेवा और सम्मान स्त्रियों के ही अधीन रहेगा।

**स्त्री प्रत्ययो हि वै धर्मो रति भोगाश्च केवलाः।**
**परिचर्या नमस्कारास्तदायत्ता भवन्तुवः॥**[4]

**विवाह**– वर चुनने में कन्या की स्वतन्त्रता के बारे में महाभारत का समाज पर्याप्त उदार था। अपने लिए योग्य पति का चुनाव कन्या स्वयंवर में करती थी। कुन्ती स्वयंवर, द्रौपदी स्वयंवर, दमयन्ती स्वयंवर[5] आदि इसके उदाहरण है। शकुन्तला ने गान्धर्व विवाह किया।[6] जब पिता द्वारा इच्छित व्यक्ति से कन्या का विवाह नहीं किया जाता था तब कन्या द्वारा चाहे गये पुरुष द्वारा कन्या का हरण भी कर लिया जाता था। रुक्मणी हरण, सुभद्रा हरण, देवकी हरण[7] आदि इसी बात को इंगित करते है कि कन्या की इच्छा सर्वोपरि है।

**स्त्रियों का पातिव्रत्य धर्म–**

महाभारत में पतिव्रता स्त्री के जिस महत्त्व को उपनिबद्ध किया है वह अत्यन्त सूक्ष्म, धर्मसम्मत और यथार्थ है। महात्मा व्यास के अनुसार इस संसार में स्त्री के लिए किसी यज्ञकर्म, श्राद्ध और उपवास की आवश्यकता नहीं है, मात्र पतिसेवा के द्वारा ही स्त्री स्वर्ग पर विजय प्राप्त कर लेती है।

**नैव यज्ञक्रियाः काश्चिन्न श्राद्धं नोपवासकम्।**
**या तु भर्तरि शुश्रूषा तया स्वर्गं जयत्युत।।**[8]

द्रौपदी पातिव्रत्य धर्म को सत्यभामा को बताती हुई कहती है कि ‘‘मेरा यह निश्चित मत है कि पति के आश्रय में रहना ही स्त्री का सनातन धर्म है। पति ही उसका देवता है पति ही उसकी गति है। ऐसे पति देवता का कौन स्त्री अप्रिय करना चाहेगी।

**पत्याश्रयो हि मे धर्मो मतः स्त्रीणां सनातनः।**
**स देवः सा गतिर्नान्या तस्य का विप्रिय चरेत्।।**[9]

पतिव्रता स्त्रियाँ चन्द्रमा की चाँदनी के समान अपना शीतल प्रकाश विखेरती हैं। उनकी शोभा अपूर्व होती है यही बात पराशरनन्दन वेदव्यास ने शान्तिपर्व में शाण्डिली देवी और केकयराजपुत्री सुमना के सम्वाद में अभिव्यक्त की है।

सावित्री का पातिव्रत्य धर्म तो पूरे ब्रह्माण्ड में गुंजायमान है। वह कहती है कि बिना पति के मैं कोई सुख नहीं चाहती कोई ऐश्वर्य और भोग भी नहीं चाहती। पति के बिना मैं स्वर्गलोक की भी कामना नहीं रखती। पति के बिना मुझे धन–सम्पति से कोई प्रयोजन नहीं और पति से रहित जीवन भी मेरे लिए अभिशाप है।

**न कामये भर्तृविनाकृता सुखम् न कामये भर्तृविनाकृता दिवम्।**
**न कामये भर्तृविनाकृता श्रियं न भर्तृहीना व्यवसामि जीवितम्।।**[10]

सावित्री की इसी पातिव्रत्य धर्म से प्रसन्न होकर सूर्यपुत्र यमराज ने उसके पति को जीवनदान दिया।

महर्षि व्यास ने नारी शक्ति को पतिव्रत धर्म में प्रतिष्ठित मानकर नारी के सामान्य पालने करने योग्य धर्मो का अनेकधा विवेचन किया है। भारतीय नारी ही नहीं सम्पूर्ण विश्व की नारी जाति को वे एक ‘शीलवती ललना’ के रूप में देखना चाहते है। वे कहते है कि जो अपने हृदय के अनुराग के कारण सदा स्वामी के अधीन रहती है, गृह परिचर्या में निरत और सुन्दर वेष–भूषा से सुसज्जित रहती है, स्वामी के कठोर वचन कहने या क्रोध पूर्ण नेत्रों से देखने पर भी जिसके हृदय का भाव विकृत नहीं होता सदा प्रसन्न मुख रहने वाली साधवी नारी ही पतिव्रता के पद को

अलंकृत करती है।

**परुषाण्यपि चोक्ता या दृष्टा दुष्टेन चक्षुषा।**
**सुप्रसन्नमुखी भर्तुः या नारी सा पतिव्रता।।**[11]

**स्त्री शिक्षा**- महाभारत में जितनी प्रसिद्ध स्त्रियों की चर्चा है वे सभी कन्यावस्था से ही विदुषी थीं। द्रौपदी को राजनीति का बहुत ज्ञान था। पंडिता (प्रिया च दर्शनीया च पण्डिता च पतिव्रता[12]), धर्मज्ञा, धर्मदर्शिनी (लालिता सततं राज्ञा धर्मदर्शिनी[13]) आदि विशेषणों से उनके पाण्डित्य का पता चलता है। द्वैतवन में युधिष्ठिर के साथ उसके कथोपकथन से पता चलता है कि वह अनेकों पौराणिक उपाख्यानों एवं राजधर्म को भली-भाँति जानती थी।[14]कृष्ण के दूतरूप में कुरूसभा में जाने से पहले उसने जो कुछ कहा था उससे भी उसके राजनीतिक ज्ञान का परिचय मिलता है।[15]

विचित्रवीर्य की अकालमृत्यु के बाद सत्यवती ने ही अपने बुद्धि बल से कुरु राजवंश को बचाया था इससे उसके शैक्षिक ज्ञान का पता चलता है। विराट की कन्या उत्तरा गीत, नृत्य, वाद्य आदि में पारंगत थी। अरून्धती इतनी विदुषी थी कि ऋषि और देवता लोग भी उसके पास धर्म का रहस्य सुनने आते थे।[16] सुलभा ने समाधि, मोक्ष आदि पर वाद-विवाद में राजा जनक को हराया था। इससे उसके दार्शनिक ज्ञान का परिचय मिलता है।[17] विदुला के पुत्रानुशासन अधयाय को पढने से अकर्मण्य पुरुष भी कर्म में प्रवृत्त हो जाएगा।[18]

इनके अलावा गान्धारी, कुन्ती, शकुन्तला, दमयन्ती, सावित्री आदि के उच्चस्तरीय बुद्धि चातुर्य और ज्ञान का परिचय महाभारत में मिलता है।

**विधवा का जीवन-**

महाभारत में विधवाओं की स्थिति सम्मानजनक थी। राजा शान्तनु की मृत्यु के बाद सत्यवती ही राज-काज के निर्णय लेती थी। सभी उसका सम्मान करते थे। विधवा होने पर भी कुन्ती का बहुत सम्मान किया जाता था। वह बहुमूल्य शय्या पर सोया करती थी। सभी शुभ कार्यों में वह उपस्थित होती थी।[19] पांडव बड़े यत्न से अपनी माता कुन्ती का भरण-पोषण करते थे।

यौन दुराचार का शिकार हुई स्त्री को स्वीकार करने की बात भी व्यास जी ने कही है-

**स्त्रियस्त्वाशङ्किता पापा नोपगम्या विजानता।**
**रसजा ता विशुधयन्ते भस्मना भाजनं यथा।।**[20]

अथात् यदि स्त्री (कन्या) यौन दुराचार की शिकार हुई हो तो बुद्धिमान पुरुष को रजस्वला होने तक उसके साथ समागम नहीं करना चाहिए। मासिक धर्म के बाद स्त्री उसी प्रकार शुद्ध हो जाती है जैसे राख से मांजा हुआ बर्तन साफ हो जाता है।

महाभारत में व्यभिचार की सर्वत्र निन्दा की गई है। परायी स्त्रियों का स्पर्श पाप कर्म है। इससे मन हटा लेना चाहिए।

**निवर्तय मनः पापात् परदाराभिमर्शनात्।।**[21]

महाभारत ने मनुस्मृति का अनुसरण करते हुए कहा गया है कि पर स्त्री का संसर्ग मनुष्य की आयु, धर्म तथा कीर्ति का क्षय करने वाला होता है।[22]

जहाँ भी महाभारत में यह कहा गया है कि स्त्री से दूर रहना चाहिए स्त्री विनाश का मार्ग है। स्त्री पर आसक्त होने वाले पुरुष के लिए वह स्त्री विपदायें लेकर आती है। ऐसा पर स्त्री के सन्दर्भ में ही कहा गया है क्योंकि किसी निष्कलंक कन्या या पर स्त्री का सतीत्व भंग करने के लिए किया गया प्रयत्न तो विनाश के मार्ग पर ढकेलेगा ही।

महाभारत में कदम-कदम पर स्त्री के सम्मान, मानमर्यादा की रक्षा की बात की गई है। जहाँ कही भी नारी के शील व ममता का अपमान किया गया है उसका विनाश अवश्य हुआ है इसी का ज्वलंत उदाहरण कुरुराज की वह सभा है जहाँ द्रौपदी के सतीत्व को अपमानित किया गया। और उस घोर अपमान का फल शीघ्र ही अपमानकर्ताओं को अपने महाविनाश के रूप में देखना पड़ा। द्रौपदी की इस गाथा ने मानों सम्पूर्ण विश्व में दुन्दुभी बजाकर यह घोषणा कर दी कि जो समाज नारी शक्ति की पूजा करता रहेगा वह रघुवंश की तरह फलता- फूलता रहेगा और जो समाज नारीत्व का अपमान करेगा वह कुरुवंश की तरह जड़मूल से उखड़ जाएगा।

आज का समाज महाभारत के इन प्रेरक प्रसंगों से प्रेरणा ग्रहण कर सकता है। क्योंकि आज की नारी में जो भी जागरुकता, स्वावलम्बन और शिक्षा दिखाई देती है वह ऊपर की कलई मात्र है। नारी आज भी भीतर से टूटी हुई और असहाय ही है। इसका कारण है भारतीय संस्कृति से दुराव, उसकी अवहेलना। इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हमारा पुरुष प्रधान समाज है जो नारी को अपने कल्याण का मार्ग न मानकर एक वस्तु मानता है। और वह यदि उस वस्तु को प्राप्त नहीं कर सकता तो उसके चेहरे पर तेजाब डालकर उसको समाप्त ही कर देना चाहता है।

अतः हमारे तपोवनी ऋषियों द्वारा बताये गये पातिव्रत्य धर्म और पत्निव्रत धर्म का पालन यदि हमारा समाज कर पाया यदि हम जड़ से उखड़ते नैतिक मूल्यों को पुनः स्थापित कर पाये तो हम एक बेहतर सभ्य समाज का निर्माण कर पायेगें। स्त्री का खोया हुआ गौरव उसे पुनः लौटा सकेंगे।

**संदर्भ-**

1 महाभारत/शन्तिपर्व/144/6
2 महाभारत/अनुशासनपर्व/46/5-7
3 महाभारत/अनुशासनपर्व/46/15
4 महाभारत/अनुशासनपर्व/46/10

5 महाभारत 3/57/27
6 महाभारत/आदिपर्व/73/27
7 महाभारत/आदिपर्व/219/6-8
8 महाभारत/वनपर्व/205/22
9 महाभारत/वनपर्व/233/31
10 महाभारत/वनपर्व/297/53
11 महाभारत/अनुशासनपर्व/146/42
12 महाभारत/3/27/2
13 महाभारत/3/12/144
14 महाभारत/3/28 वाँ अध्याय
15 महाभारत/5/82वाँ अध्याय
16 महाभारत/अनुशासनपर्व/अध्याय-130
17 महाभारत/12/320वाँ अध्याय
18 महाभारत/5/अध्याय-134-136
19 महाभारत/आदिपर्व/अध्याय-198
20 महाभारत/शान्तिपर्व/35/30
21 महाभारत/5/12/4
22 महाभारत/5/33/65

# ikfy xUFk FkjhxkFkk e of.kr óh l'kähddj.k dh i;kykpuk

**fookLflag**

**lkjk'k &** bl 'kkèk i= d ekè;e l ikfy xUFk FkjhxkFkk e of.kr óh l'kähddj.k dh i;kykpuk dh tk;xhA FkjhxkFkk ikfy&f=fiVd e lÙkfiVd d [kídfudk; dk xUFk gA fd lh Hkh lekt d fodkl dk vkdyu fL=;k dh fLFkfr ij fuHkj gkrk gA çk- vxu yky d vulkj] ßle)'kkyh vkj vkn'k lekt ogh ekuk tk ldrk g ftl e L=h vkj i:"k dk thou d çR;d {k= e mUufr dju dk leku volj çkIr gkAÞ

Hkxoku c) u d#.kk d o'khHkr txr e 0;kIr fofHkUu tjk ej.kkfn n%[kk d uk'k dk ekx [kkt dj] ekuo thou d fy; mIdk min'k fn;kA mud min'kk dk ludj vud i#"k ,o fL=;k l?k e çoftr gk x; rFkk mUgku vgr in dk çkIr fd;kA c) u fL=;k dk l?k e ço'k ndj fo'o bfrgkl e loçFke yfxd lekurk dk vnHkr mnkgj.k i'k fd;kA

ftl le; Hkkjr e ck) èke çfrf"Br Fkk] ml le; fHk{k.kh l?kk dh Hkjekj FkhA bu fHk{k.kh l?kk e çfo"V gk tku ij ,d L=h ,d Lor= 0;fä cu tkrh Fkh] og fdlh i#"k dh fiN&yXxh ek= ugh jgrh FkhA M,- ch- vkj- vEcMdj dk ekuuk g fd rFkkxr }kjk fL=;k dk çnku dh xb Lor=rk [kk[kyh Lor=rk ugh Fkh] oju ,lh Lokèkhurk Fkh ftldk xkjo fL=;k vuHko dj ldrh FkhA leÙkk lkèkeÙkkfEg dk mn?kk"k dj eÙkk Fkjh Lo; eä thou dk mn?kkj djrh gA iVkpkjk d min'k l çHkkfor gk fHkD[k.kh cuh pUnk Fkjh Lo; dk rhuk fo|kvk vFkkr c)] èkEe rFkk l?k e fui.k ekur g, leLr fpÙkeyk l foeä gku dh if"V djrh gA

çdr 'kkèk&i= e óh l'kähdj.k dk nk Hkkxk e n[ku dk ç;kl fd;k x;k g& firlÙkk d n%[kk l efä rFkk vkè;kfRed :i l efäA bu fcUnvk dk eÙkk] leÙkk] fc'kk[kk] iVkpkjk] mÙkjk] egkçtkofr] xkreh bR;kfn fofHkUu Fkjh;k d vuHkok rFkk mn?kkjk d vkèkkj ij foofpr fd;k x;k gA

*ßfdlh Hkh lekt d fodkl dk ekin.M fL=;k dh fLFkfr ij fuHkj gA le)'kkyh vkj vkn'k lekt ogh ekuk tk ldrk g] ftl e L=h vkj i#"k dk thou d çR;d {k=*

*e mÙufr dju dk leku volj çkIr gkA[1]þ* && çk- vxu yky

vkèkfud Hkkjr e fL=;k dh fLFkfr dk lèkkju rFkk mud l'käh dj.k d fy, Hkkjrh; ljdkj] lko tfud miØe rFkk vU; xj&ljdkjh lxBuk }kjk fofHkUu ç;kl fd, tk jg gA fgUn mÙkjkfèkdkj vfèkfu;e] ngt fu"kèk vfèkfu;e] ?kjy fglk l cpko vfèkfu;e bR;kfn dkuu cukdj ljdkj u viuh tckongh dk ifjp; fn;k gA vkt o'ohdj.k d ;x e u doy jktuhfr d {k= e] vfir vkfFkd] lkekftd rFkk èkkfed {k= e Hkh efgykvk dk volj çkIr g, g] ftll o vkRe fuHkj cu jgh gA

NBoh 'krkCnh blk io c) u fL=;k dk l?k e ço'k ndj fo'o bfrgkl e yfxd lekurk dk loçFke mnkgj.k i'k fd;kA ftl le; Hkkjr e ck) èke çfrf"Br Fkk] ml le; fHkD[k.kh l?kk dh Hkjekj FkhA bu fHkD[k.kh l?kk e çfo"V gk tku ij ,d L=h ,d Lor= 0;fä cu tkrh FkhA og fdlh i#"k dh vupj ek= cudj ugh jgrh FkhA[2] M,- vEc³dj dk ekuuk g fd rFkkxr }kjk fL=;k dk çnku dh xb Lor=rk [kk[kyh Lor=rk ugh Fkh] vfir ,lh Lokèkhurk Fkh ftldk xkjo fL=;k vuHko dj ldrh FkhA[3]

fo'o bfrgkl e FkjhxkFkk ukjh efä dk o.ku dju okyk çFke nLrkot gA ;g ikfy f=fiVd&lkfgR; e lÙkfiVd d [kídfudk; dk ,d xFk gA ble 522 xkFkkvk d ekè;e l 73 fHkD[kf.k;k u viu vuHko dk lxhrkRed rFkk vkRekfHkO;Œtukred xhfr 'kyh e vfHkO;ä fd;k gA FkjhxkFkk e vfHkO;ä ukjh efä d çkphu Hkkjrh; lkLdfrd vknkyu dk fuEu nk fcUnvk e lefdr fd;k tk ldrk &

1- firlÙkk d nq[kk l efä rFkk

2- vkè;kfRed :i l efä

**firlÙkk d nq[kk l efä&**

firlÙkkRed 0;oLFkk dk vk'k; ifjokj e i#"k dk doy ef[k;k gkuk ugh gA ;fn bldk vFk bruk gh gkrk] rk bld cèku l fL=;k dc dh eä gk pdh gkrh\ firlÙkk d <kp dh jpuk èkrrk vkj pkykdh d lkFk dh xb g] ftl vkt Hkh Lodfr çkIr gA vkfFkd] èkkfed] jktuhfrd] dkuuh] lkLdfrd eY;k] lLdkjk] vkn'kk rFkk fpru d fofHkUu :ik] fopkjèkkjkvk ,o xfrfofèk;k d tfj, cM l{e <x l bl jpk&cuk x;k gA bu lcd tfj, firlÙkk i#"k dk L=h dh ryuk e J"B LFkkfir dju dk 0;g jprh g vkj mldk çpkfjr djrh gA

Hkkjrh; ifjç{; e firlÙkk dh nf"kr ofÙk ij çgkj 2500 o"k io xkre c) u fd;k FkkA c) d opuk l çHkkfor gkdj] Lor= :i l bl Økfrdkjh vknkyu dk çfrufèkRo

eÙkk] i..kk] feÙkk] frLlk] èkhjk] folk[kk] leuk] èkEek] lexyekrk] fpÙkk] efÙkdk] lDdk] lkek] Hkíkdkfiykuh] lUnjhuUnk] iVkpkjk] pUnk] [kek] mÙkjk] lhlipkyk] fdlkxkreh] vEcikyh] bflnklh] leèkk bR;kfn vud ck) Fkfj;k u fd;kA

firlÙkk ij pkV djr g, eÙkk Fkjh viu mnxkj vfHkO;ä djrh g fd og vPNh çdkj l eä gk xb gA rhu V<h oLrvk l ml vPNh rjg foefä fey xb gA rhu oLr, g& vk[kyh] ely vkj dc³k ifrA vk[kyh rFkk ely L=h thou d ek= ?kjy dk;k rd lhfer jgu d çrhd gA dcM ifr l efä l èofur gkrk g fd rRdkyhu le; e fL=;k dk fookg mudh bPNk d çfrdy fd;k tkrk gkxk rFkk fookgkijkr L=h dk ifr tcjnLrh ije'oj ekuuk i³rk FkkA firlÙkk l vfèkd cMh efä eÙkk vkè;kfRed efä dk Lohdkj djrh gA lklkfjd r".kkvk ij fot; çkIr dj mlu tjk&ej.k l Hkh efä çkIr dhA[4] eÙkk dh Hkkfr gh viu mnxkjk dk vfHkO;ä djr g, lexyekrk Fkjh dgrh g&

**vgks! eSa eqä gksdj gh gwaA**
**esjh eqfä fdruh /kU; gSA**
**igys eSa ewly ysdj /kku dwVk djrh Fkh]**
**vkt eSa mlls eqä gks xbZ gwaA**
**esjh nfjæko LFkk ds os NksVs&NksVs crZu!**
**ftuds chp esa eSa xanh o xan xh Hkkjs ckrkoj.k esa cSBh jgrh Fkh]**
**vkSj esjk ykTtkghu ifr eq>s mu Nkrksa ls Hkh gh u le>rk Fkk]**
**ftUgsa og viuh vkthfodk ds fy, cukrk FkkA**
**vc ml thou ch vkl fä;ksa rFkk eyksa ds**
**eSa us R;kx fn;k gSA**
**vkt eSa isM+ksa ds uhps è;ku djrh gwaA**
vgks! vc eSa fdruh lq[kh gwaA[5]

FkjhxkFkk d vè;;u l irk pyrk g fd çkphudky e vfèkdk'k fL=;k lrku fo'k"kdj i= dh eR; d 'kkd l ifjrIr gkdj jk;k djrh Fkh] ftll dgh u dgh o i#"kokn dh ekufld çofÙk l cèkh gb FkhA ck) fHkD[kf.k;k u loçFke blds frjLdkj fd;kA mUgku lR; d igy dk tku fy;kA mudk ekuuk Fkk fd eu"; dk ftl :i e tUe gkrk g] mlh :i e ej.k Hkh gkrk gA rc 'kkd djuk O;Fk gA[6]

KkuçkfIr d i'pkr fHkD[k.kh egkç tkorh xkreh ftlu c) dk cky;dky e ikyu&ik"k.k fd;k Fkk] u 'kCn'k% pkj vk;lR;k d fun'ku dju dh if"V dh gA n%[k dh lÙkk fo|eku g] vr% mUg nj fd;k tk ldrk gA n%[kk d ey gr r".kk dk u"V dj n%[kk dk mPNn lHko gA n%[kk dk fu#) dju d fy, vk; v"Vkfxd ekx dk fl)kr gA[7]

vkèkfud dky e ukjhokn dh voèkkj.kk u ^lDl* rFkk ^tUMj* d Hkn dk LFkkfir fd;k gA lDl 'kCn L=h ,o i#"k d eè; e tfod Hkn dk çnf'kr djrk g] tcfd tUMj 'kCn L=h vkj i#"k d chp lkekftd HkknHkko dk çnf'kr djrk gA tUMj 'kCn bl ckr dh vkj ldr djrk g fd tfod Hkn d vfrfjä ftru Hkh Hkn fn[kr g] o çkdfrd u gkdj lekt }kjk cuk, x, gA ;fn ; Hkn fufer fd, x, g] rk bUg nj Hkh fd;k tk ldrk gA

lekt e fL=;k d lkFk gku oky HkknHkko d ihN ijh lektdj.k[8] dh çfØ;k g] ftl d rgr cpiu l gh ckyd&ckfydk dk vyx&vyx <x l ikyu&i"k.k fd;k tkrk g vkj ;g vrj dkb Hkh viu vkl ikl n[k ldrk gA lkekU;r% yMfd;k dk ?kj d vUnj dk dkedkt vPNh rjg fl[kk;k tkrk g] tcfd yMdk dk ckgj dkA y³fd;k dk n;ky] dkey] lokHkko j[ku okyh vkj ?kjy le>k tkrk g vkj yMdk dk etcr] rkdroj] l[r vkj ohj le>k tkrk gA ;|fi oreku nkj e fLFkfr lèkj jgh g] fdUr çR;d LFkku vkj çR;d Lrj ij ughA

tsUMj&vkèkkfjr HksnHkko dh çkphu O;oLFkk esa fL=;ksa dks nks"k v;ksX;h&ek=cqf)[9] dkyh dgk tkrk FkkA[10] ekj dks Q.Vdkjrs gq, lksek Fksjh dgrh gS fd fpÙk dks vPNh rjg lekfèkLFk djus] orZeku Kku dks çkIr djus rFkk çKk ds }kjk lE;d~ èkeZ dk n'kZu djus ij L=hRo D;k djsxk\ Lo;a dh dke&dkluk dks lewy u"V djrs gq, eSaus çkf.k;ksa dk var djus okys rq>s iwjh rjg u"V dj fn;k gS vFkkZr~ dke ij fot; çkIr dh gSA[11]

**vk/;kfRed :i ls eqfä**

c) l io fL=;k vkè;kfRed :i l ijr= FkhA ifr d vèkhu jgdj] mlI gh ijekRek Lohdkj djuk mudh e tcjh Fkh] D;kfd opkfjd :i l efä dh ckr mUgku dHkh lkph Hkh ugh FkhA 'kkLrk xkre c) d opuk dk ludj o Hkh mUeä gk xbA c) u eÙkk Fkjh dk lckfèkr djr g, dgk fd tl jkg d xg.k l pUæek eä gk tkrk g] o l gh n%[kk d cèkuk l og Hkh eä gk tk,A foefä çkIr fpÙk l gh lekt d Hkktu dk xg.k djA[12] i..kk Fkjh dk i.kek lh d pUæek dh Hkkfr blh thou e çKk dh i.krk l vèkdkj dk u"V dju dk min'k fn;kA[13]

frLlk Fksjh dks cq)us dky ds egÙo dks tkudj dY;k.kdkjh èkEe dks Lohdkj djus dks dgk gSA[14] èkhjk Fksjh dks leLr laKkvksa dh 'kkUr;Lo:ik fujksèk lekfèk dk ikyu djus dk Kku nsrs gq, fuokZ.k dh vkjkèkuk djus dks dgk gS] D;ksafd fuokZ.k vuqÙkj gS rFkk lHkh çdkj ds nq%[kksa dk ç'keu djus okyk gSA[15] çozftr gqbZ feÙkk[16] rFkk Hknzk[17] dks eS=h Hkkouk esa jr

jgrs gq, 'kkLrkus cq)'kyèkeksaZ dks vH;kl ls fudkZ.k çkfIr dk mins'k fn;k gSA vkè;kfRed foeqfä ij mÙkjkFkh jhd s mn~xkj æ'VO; gSa&

**,dfu'B gksdj eSaus viuh dk;k] eu rFkk dk.kh dks la;r fd;k gSA**
**mUurj Lo;a dh r`".kk dks lewy u'V dj fn;k gSA**
**vkt eSa iwjh rjg 'kkar gks xbZ gw¡A**
**fudkZ.k dks çkIr dj fy;k gSA**
**fudkZ.k dh ije 'kkfUr dks eSaus vuqHko dj fy;k gSA**[18]

lyk Fkjh u viu eukfodkjk ij fot; çkIr dhA ekj }kjk dke&Hkkx d çykHku nu ij lyk u dgk] ßvj ikih ekj! dke&Hkkx dk l[k rk e> Hkky d çgkj d leku gh bl uk'k'khy ng dk fouk'k dju okyk yxrk gA ftl r fo"k;k dk l[k dg jgk g] og rk ?k.kkLin gA eu viuh dkeklfä dk lc rjQ l nfer dj fy;k gA eu rjk Hkh vUr dj fn;kA[19]

iVkpkjk Fkjh dk;dkj.k fl)kr d vèkkj ij dgrh g fd d"kd gy l Hkfe dk tkrdj mle cht ckr g] ftl l mikftr èku l o viu L=h&i=kfn dk ikyu&ik"k.k djr gA rc ml tlh 'khylEiUuk] 'kkLrk d min'k dk ekuu okyh] vçekfnuh] ppyrk l jfgr rFkk fouhr lkfèkdk fuok.k dh çkfIr D;k ugh dj ldrh\[20]

lkfgR;dkj¨ u fL=;k d 'kkjhfjd lkUn;Z dk c<k&p<kdj o.ku fd;k g] ftl l o 'kjhj d lkUn;Z l foeä u gk ik,A thod d ljE; vkeou l xtjrh gbZ lHkk Fkjh d jkLr dk jkdr g, ,d dfVy rFkk n'pfj= i#"k ml dke;kpuk dju yxkA og ml yHkku d fy, ml d lkUn;Z dk fofHkUu <x l eukgkjh fp=.k dju yxkA lHkk u ml dgk fd ftl 'kjhj dk n[kdj og bruk eU=eXèk gk jgk g] og ek lkfn xnxh dk cuk gvk 'koek= rFkk {k.kHkxj gA[21] ,lk gh min'k bflnklh Fkjh u Hkh fn;k gA og dgrh g fd eu"; dk 'kjhj vfLFk;k rFkk eklŸif'k;k dk leg ek= gA ;g lc çdkj dh xnfx;k l vki.k gA ;g xUn ekl rFkk jä dk leg ek= gA Fkd] dQ bR;kfn xnfx;k bl l lkfor gkrh jgrh gA fdUr e[k tu fQj Hkh ble vklä gkr gA[22]

ß; fHkD[kf.k;k èkEekinf'kdk Hkh FkhA iVkpkjk u pUnk bR;kfn vud fHkD[kf.k;k dk çofTr fd;kA pUnk u rk dgk g] n;ke;h fHkD[k.kh iVkpkjk u d#.kko'kkr e> çofTr fd;kA ml d èkEekin'k dk Jo.k djd e> ijekFk vFkkr fuok.k dh çkfIr gbAp[23] oï u viuh Fkjh ekrk d opuk l çHkkfor gkdj fuok.k dh çkfIr dhA oï dgrk g fd vudEike;h ekrk d èkEekin'k l ludj] mlu fuok.k dh çkfIr dh g rFkk inkFkk l fojfä ikb gA[24]

FkjhxkFkk d vè; ;u d i'pkr ;g dgk tk ldrk g fd u doy Hkkjrh; bfrgkl e vfir l i.k fo'o bfrgkl e ukjh efä dk ç'u loçFke xkre c) }kjk mBk;k x;k] ft ldk lekèkku mUgku fL=;k dk l?k e ço'k ndj fd;kA èkEe dh nh{kk ikdj fL=;k ,d Lor= 0;fä cu tkrh FkhA c) d bl lkL—frd vknkyu l rRle; fofHkUu fL=;k u Lo; dk tkMk rFkk ^vÙk nhik Hko* d mn?kk"k d vkèkkj ij Lo; dh efä dk vulèkku fd;kA ;g [kkt egt iVkpkjk] èkEefnUuk] leèkk vFkok bflnklh bR;kfn fdlh ,d L=h dh efä rd lhfer u gkdj lklkfjd d#.kk l ifjifjr FkhA fHkD[k.kh cudj dkb Hkh ukjh Lo; dh efä d vykok vU; L=h o i#"kk dk Hkh efä dk min'k nrh FkhA èkEepØ fujrj xfr'khy gA M,- vKkr d 'kCnk e dgk tk, rk vfr';kfä ugh gkxh fd c) d opuk dk ekudj ;fn Hkkjrh;k u L=h&i#"k dh lekurk d fl)kr dk 0;ogkfjd eku fy;k gkrk rk fL=;k dk i<u&fy[ku] 'kL=&'kkL= lh[ku vkj viuh lUrfr dk l;kX; o cf)oknh cuku rFkk vèkfo'oklk l nj j[ku d volj çkIr gkr] ft l l Hkkjr e ckf)d t ³rk d LFkku ij ckf)d xfr'khyrk vkrh vkj Hkkjr fo'o e jpukRed {k= e egÙoi.k LFkku çkIr djrkA[25]

vr e c) dh ok.kh d vkèkkj ij ;g dgk tk ldrk g fd lkj dk lkj vkj fu%lkj dk fu%lkj tkudj lE;d fpru dju oky 0;fä lkj dk çkIr dj yr gA tk fu%lkj dk lkj vkj lkj dk fu%lkj le>r g] ,l xyr fpru e yx g, 0;fä ;k dk lkj çkIr ugh gkrkA[26]

## lUnHkZ&xzaFk lwph

*èkEeinikfy]* 'kkL=h] Lokeh }kfjdknkl ¼l- o vu-@] okjk.klh% ck)Hkkjrh] 2002-

*FkjhxkFkk]* foeydhfr] ub fnYyh% lE;d çdk'ku] rrh; lLdj.k] 2008-

LkkdR;k;u] jkgy] *ikfy lkfgR; dk bfrgkl] y[kuÅ%* fgUnh lfefr xFkekyk&79] fgUnh lfefr] 1973-

ujl] ih- y{eh] *nh ,lUl v,Q c)hTe ¼ck) èke dk lkj@]* HknUr vkuUn dkSY;k;u ¼fg- vu-@] ukxij% cí Hkfe çdk'ku] f}rh; lLdj.k] 1997-

vEcMdj] ch- vkj-] *fgUn ukjh dk mRFkku vkj iru]* fnYyh% xkre cd lUVj] çFke vkofÙk] 2009-

vKkr] ljUæ] *c)èkEe] cf)okn o vkcMdj*] ub fnYyh% lE;d çdk'ku] çFke lLdj.k] 2010-

yky] vxu] *lLdr ck) lkfgR; e bfrgkl vkj lLdfr]* y[kuÅ% mÙkj çn'k fgUnh lLFkku] çFke lLdj.k] 2006-

Willis, Janice D. "Nuns and Benefactresses: The Role of Women in the Development of Buddhism," in *Women, Religion, and Social Change*, ed. by Yvonne Yazbeck Haddad & Ellison Banks Findly. Albany, New York: State University of New York Press. 1985.

Law, Bimala Churn, *Women in Buddhist Literature*, Ceylon: W.E. Bastian & Co., 1927, reprint from Taiwan: The Corporate Body of The Buddha Educational Foundation.

Norman, K.R. (trans.) *The Verses of the Elders – Therigatha*, Oxford: UK. 1991.

Davids, Mrs. Rhys, *Psalms of the Early Buddhists*, London: Pali Text Society,

Reprint by Henry Frowde, OUP, 1909.

**(Footnotes)**

1 *lLdr ck) lkfgR; e bfrgkl vkj lLdfr*] i- 186-

2 *nh , lUl v*,Q c)hTe ¼ck) èke dk lkj@] i- 102

3 fgUn ukjh dk mRFkku vkj iru] i- 15

4 ^^leÙkk lkèkeÙkkfEg] rhfg [kTtefg efÙk;kA mnD[kyu elyu] ifruk [kTthdu pA eÙkkfEg tkfrej.kk] HkoufÙk legrk**frAA Fkjhxkfkk] 11

5 lefÙkdk lefÙkdk] lefÙkd lefÙkdk] lkèkefÙkdkfEg elyLlA vfgfjdk e NÙkd ok fi] mD[kfydk e nìHk ok frAA ^^jkxŒpe vg nklŒpd] fpfPpfV fp fPpVhfr fogukfeA lk #D[keyeixEe] vgk l[kfUr l[krk >k;keh**frAA ogh] 23&24

6 irk euLl : iu] lljUrk xfeLlfrA ;Fkkxrk rFkk xrk] dk rRFk ifjnoukAA Fkjhxkfkk] 130

7 lCcnD[k ifjŒŒkkr] grr.gk folkflrkA Hkkfork vëf³xdk] Hkkforëf³xdk eXxk] fujkèkk Qflrk e;kAA ogh] 158

8 lkekftd lEid d dkj.k gh 0;fä lekt d jhfr&fjokt k] çFkkvk] eY;k] fo'okl k] lL—fr ,o lkekftd x.kk dk lh[kdj mUg xg.k djrk gA bl çfØ;k dk lekthdj.k dgr gA lekthdj.k }kjk cPpk lkekftd çfrekuk dk lh[kdj mud vu : i vkpj.k djrk g] ftll lekt e fu;=.k cuk jgrk gA

9 fL=;k ckY;dky l gh pkoy idkuk çkjHk djrh g] fdUr Hkkr d idu dk fu.k; nk&,d pkoy mBkdj vxfy;k l nckdj gh djrh gA vr% mudh çKk dk nk vxyh ek= dgk tkrk gA

10 ^^; r blhfg iÙkCc] Bku njfHklEHkoA u r }³xyiŒŒkk;] lDdko ilikrfefRFk;k**AA थेरीगाथा, 61

11 ^^bfRFkHkkok uk fd df;jk] fpÙkfEg llekfgrAŒkk.kfEg oÙkekufEg] lEek èkEe foiLlrkAA^^lCcRFk fogrk uUnh] rek[kUèkk inkfyrkA ,o tkukfg ikfie] fugrk Roefl vUrdk**frAA *FkjhxkFkk*] 62&63

12 ^^eÙk ePpnLl ;kxfg] pUnk jkgXxgk boA folieÙku fpÙku] vu.kk HkŒt fi.Md**fUrAA ogh] 2

13 ^^i..k ijLl èkEefg] pUnk iUunjlfjoA ifji..kk; iŒŒkk;] rek[kUèk inky;k**frAAogh]

14 ^^frLl ;ŒtLl èkEefg] [k.kk r ek miPp xkA [k.kkrhrk fg lkpfÙr] fuj;fEg leflirk**frAA ogh] 5

15 ^^èkhj fujkèk Qlfg] lkŒŒkoile l[kA
vkjkèk;kfg fuCcku] ;kxD[keeuÙkj**fÙrAA ogh] 6

16 ^^l)k; iCcftRoku] feÙk feÙkjrk HkoA Hkkofg dly èkEe] ;kxD[keLl ifÙk;k**frAA ogh] 8

17 ^^l)k; iCcftRoku] Hkæ Hkæjrk HkoA Hkkofg dly èkEe] ;kxD[keeuÙkj**fÙrAA ogh] 9

18 ^^dk;u lork vkfl] okpk; mn prlkA ley r.geCc¸g] lhfrHkrkfEg fuCcrk**frAA
*FkjhxkFkk* 15 ^^lCcRFk fogrk uÙnh] rek[kÙèkk inkfyrkA ,o tkukfg ikfie] fugrk Roefl vÙrdk**frAA ogh] 57&59

20 u³xyfg dl [kÙk] ch tkfu ioi NekA iÙknkjkfu ikIUrk] èku foÙnfÙr ek.kokAA
fdeg lhylEiÙukn] lRFklklsudkfjdkA fuCcku ukfèkxPNkfe] vdlhrk vu) rkAAogh] 112&13

21 fd r bèk lkjlEer] d.kiijfEg llkuoïuA HknuèkEe dGoj] ; fnLok foeuk mfnD[kflAA ogh] 382

22 vT>kflrk vlkj] dGoj vfëÙgk#l³?kkrA [kGLlPpkujLlo] ifji..k ifrdk;fEgAA वही, 472

23 lk p e vudEik;] iCcktfl iVkpkjkA rrk e vkofnRoku] ijeRFk fu;ktf;AA*FkjhxkFkk*] 126

24 rLlkg opu lRok] vuflfë tufÙk;kA èkEelox ekikfn] ;kxD[keLl ifÙk;kAAogh] 211

25 *c)èkEe] cf)okn o vkcMdj*] i-182-

26 lkjŒp lkjrk ŒkRok] vlkjŒp vlkjrkA r lkj vfèkxPNfr] lEekl³dlixkpjkAA
*èkEein*&;edoXxk] 12 vlkj lkjefruk] lkj pklkjnfLlukA r lkj ukfèkxPNfÙr] fePNkl³dlixkpjkAA ogh] 11

# कतिपय हिन्दी कहानियों में नारी के विशिष्ट रूप

**हर्षवर्धन वशिष्ठ**

मनुष्य के व्यक्तित्व में पर्यावरण यानि परिवेश का महत्वपूर्ण स्थान है । परिवेश पर ही सम्बन्ध, अर्थ, विचार आधारित होते है । रूप की दृष्टि से कहानी छोटी विधा है । उसमें खण्डगत अनुभूति, कल्पना, विचार, घटना, भाव, अनुभव आदि ही आते है । उसमें ऐसी कहानियॉं भी सामने आती है, जहॉं कहानीकार परिवेश को केन्द्र में रखकर पात्रों का चित्रण करता है । स्वतन्त्रता पूर्व की कहानियों में भी परिवेश का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, किन्तु ऐसी कहानियॉं अधिक नही है । जहॉं पात्रों के व्यक्तित्व चित्रण में परिवेश महत्वपूर्ण है । परिवेश व्यक्तित्व को कई तरह से प्रभावित करता है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद की कतिपय कहानियों में नारी के कुछ विशिष्ट रूप उभरे है । उन रूपों की विशिष्टता के पीछे वैयक्तिक और सामाजिक दोनों कारण रहे है। कभी परिस्थितियों के कारण और कभी वैयक्तिक कारणों से मनुष्य का विशिष्ट रूप बनता है । यह विशिष्टता उसे सामान्य से विशेष बनाती है । यह विशिष्टता ही कहानी के मूल रूप में निहित है जिसको यहॉं उद्घाटित किया गया है । स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद वैसे तो कई कहानियॉं लिखी गई है जिनकी अपनी विशिष्टता है, किन्तु कुछ कहानियॉं ऐसी भी आई है जिनके पात्र सामान्य से विशिष्ट हो गये है । इनमें प्रमुख रूप से चार कहानियों को लिया गया है । मोहन राकेश की 'मिस पाल', धर्मवीर भारती की 'सावित्री नम्बर दो' नरेश मेहता की 'एक समर्पित महिला' और शैलेश मटियानी की 'सुहागिनी' । इन कहानियों में नारी के रूपों की विशिष्टता को कहानियों के विश्लेषण के माध्यम से उद्घाटित किया गया है ।

### मिस पाल की मिस पाल-वैयक्तिक अन्तर्विरोधों एवं विसंगतियों की शिकार

मोहन राकेश की **मिस पॉल** नौकरी पेशा और शिक्षित नारी है । कभी-कभी मनुष्य का अपना स्वभाव, अपने विचार और व्यवहार विशिष्टता प्रदान करते है। इस विशिष्टता के पीछे सामाजिक कारण न होकर वैयक्तिक कारण अधिक होते है। जब मनुष्य किसी वस्तु को अपनी इच्छा के अनुरूप नहीं पा पाता तो वह अपना व्यवहार बदल देता है। **मिस पाल** अपनी नौकरी स्वच्छन्द करना चाहती है, किन्तु ऑफिस का खराब वातावरण और लोगों के खराब कमेंट कसने कि वजह से वह वहाँ से भागना चाहती है। इसलिए वह कहती है कि वह ऐसे लोगों के बीच काम नहीं कर सकती। अपनी जिन्दगी को ऐसी जगह बरबाद करने के ख्याल से वह किसी खूबसूरत पहाड़ी इलाके में जाकर संगीत और चित्रकला का ठीक से अभ्यास करने का मन बना

लेती है। ''जहाँ बुरे ख्यालों कि गन्दगी न हो, सुकून भरा वातारण हो और जिन्दगी महसूस भी हो''[1] अपने ऑफिस सहयोगी को ऐसी बातें कहते हुए वह अपनी ख्यालों के कुछ पन्नों को कुरेद देती है। सहयोगी के मना करने पर भी वह नौकरी छोड़ कर चली जाती है।[2]

बचपन से संगीत और नृत्य को अपने सपनों में जीती, लेकिन उसके जीने का यह सपना माँ–बाप को पसन्द नही आया। माँ ने उसे गर्भ में तो जगह दी लेकिन दिल में नही। भाइयों का थोड़ा–बहुत प्यार भाभियों के प्यार में मिल कर खत्म हो गया। अकेलेपन में अपनी पवित्रता को बचाते हुए **मिस पाल** का जीवन मुश्किल होता जाता है[3] क्योंकि वह जहाँ नौकरी छोड़ कर जाती है वहाँ भी वह अपने आस–पास के परिवेश में जी नहीं पाती और परेशान हो जाती है। **मिस पाल** अपने वैयक्तिक विशिष्टताओं के कारण विशिष्ट है और लोगों के लिए सामान्य नारी न होकर विशिष्ट नारी बन जाती है। अपने इच्छानुरूप जीवन न जी पाना और कला की भूख की संतुष्टि वह नही कर पाती । यदि करना चाहती है तो लोग कमेंट कर देते है। इन सब वैयक्तिक एवं परिवेशजन्य के कारण से **मिस पाल** विशिष्ट पात्र है।

### 'एक समर्पित महिला' की श्रीमती शैला–कला के प्रति समर्पित जीवन

नरेश मेहता की 'एक समर्पित महिला' **श्रीमती शैला** का चरित्र और व्यक्तित्व भी मिस पाल की भाँति अनेक अन्तर्विरोधों और विसंगतियों का शिकार हो जाता है। अपने परिवेश में अपनी ही खोज के कारण लोगों की दृष्टि में सामान्य नारी न होकर विशिष्ट नारी बन जाती है। **श्रीमती शैला** शिक्षित, अति आधुनिक और साहित्य प्रेमी के साथ–साथ पाश्चात्य साहित्य के प्रमुख पात्रों जैसे अन्ना केरेनिना, नटाशा, बावेरी से काफी प्रभावित है। चित्रकला की अच्छी कलाकार, कला प्रेमी, तथा हिन्दू धर्म में घृणा के कारण अपने श्रीमती शीला में आकर्षण न देखकर **शैला** में अधिक आकर्षण देखती है। सांस्कृतिक जगत में एक चर्चित कलाकार होने के कारण दूसरे कलाकार भी उसे अधिक महत्व देते है। वह गोष्ठियों में भाषण भी देती है। समीर से अच्छी मित्रता के कारण वह समीर से साहित्यिक–असाहित्यिक मसलों के अतिरिक्त अन्य गम्भीर विषयों पर भी चर्चा करती है। अति आधुनिक होने पर भी समीर से प्रश्नों के इस भंवर में मृत्यु और उसकी वास्तविकता तथा भोग जैसे बिन्दुओं पर की गई चर्चा ही **श्रीमती शैला** को विशिष्ट बनाता है।

उसके लिए लोंगों के साथ उठना–बैठना, घूमना–फिरना, बातचीत करना अधिक महत्वपूर्ण नही रह जाता। किन्तु पुरुष वर्ग ने सदा इन्हीं बातों को महत्व दिया है। इसलिए कोई उसे दोस्त के रूप में देखता है कोई प्रेयसी तो कुछ पुरुष तो किसी और ही रूप में कल्पना करते है। वह जहाँ रहती है वहाँ से अचानक एक दिन गायब हो जाती है।

अपने जाने का कारण एक पत्र के रूप में वह छोड़ कर कहती है कि ''प्रत्येक कथानक का एक समापन होता है......बरसों से में अपना कथानक नही, समापन खोज रही थी.....मुझे विश्वास है कि इस बर्फ और हिमांधियों के पार एक मठ जरूर है। एक ऐसा एकान्त जहाँ एक

शब्द बोला ही नहीं गया है''।[4]

**श्रीमती शैला** के पात्र में त्याग और समर्पित होने कि बात छिपी है अपनी विशिष्टता के कारण ही **श्रीमती शैला** विशिष्ट है।

## 'सावित्री नम्बर दो' की सावित्री-असाध्य रोग और उपेक्षित जीवन में अस्तित्व बोध एवं पति को प्रताड़ित करना

इस कहानी में **सावित्री** असाध्य रोग से पीड़ित है। विवाह के कुछ समय बाद रोग के कारण उसकी हड्डियाँ गल जाती है। पति द्वारा बहुत इलाज करवाने पर भी वह ठीक नही हो पाती और पति उसे मायके छोड़ आता है। जब तक व्यक्ति स्वस्थ रहता है चाहे स्त्री हो या पुरुष तब तक सभी उसे पसन्द करते है और जब वह अस्वस्थ हो जाता है तब दूसरे कुछ सीमा के बाद उससे पीछा छुड़ाने लगते है। इससे अस्वस्थ व्यक्ति की मानसिक स्थिति असामान्य हो जाती है। **सावित्री** भी इसी मानसिकता से ग्रस्त हो जाती है। ''वह सोचती है कि हम स्त्रियाँ चाहे सुन्दर हो या न हो, लेकिन पति का प्यार, उनकी बातें हमें कितना भर देती है। हमारे पास चाहें कुछ न हो परन्तु एक तृप्ति, एक उल्लास, एक भराव जो केवल हम अपने शरीर से अर्पित कर सकते है''[5] वह बीमारी के कारण घर में एक अलग कमरें में पड़ी रहती है। माता-पिता, बहन,पति सभी हाल-चाल पूछ कर दवाई देकर चले जाते है। सावित्री अपने पति का प्यार और मौत का इंतजार करने के कारण चिड़चिड़ी हो जाती है। अपने मन की कुंठा को गलत शब्दों के रूप में वह अपने पति को कहकर खुद ही उसे आसुओं से साफ करने की नाकाम कोशिश करती है।[6]

इन सब भावनाओं से प्रेरित होकर वह नौकर राजाराम से प्रेम भाव को बढ़ाने लगती है। लेकिन यह रहस्य खुलने के बाद पति का भी आना बन्द हो जाता है। धीरे-धीरे सावित्री का साथ उन परिस्थितियों से जुड़ जाता है जिसे कोई पशु के लिए भी नही चाहता। जिस सावित्री के सम्बन्ध जीवित इंसानों से होते थे आज उसकी जगह एक बेजान कमरा, एक चीखने वाली खमोशी, अंधेरा, और उसकी जिंदगी के टूटेपन ने ले ली थी। सावित्री की यही मानसिकता ही उसे विशिष्ट बनाती है। यह स्थिति किसी के साथ भी हो सकती है जो बने-बनाये सम्बन्धों से अलग है, इसलिये यह विशिष्ट नारी है।

## सुहागिनी की पद्मावती-कुरूपता, अंधविशवास, आर्थिक अभाव के परिणामस्वरूप अविवाहित जीवन एवं भावनाओं का उदातीकृत रूप

शैलेश मटियानी की 'सुहागिनी' की **पद्मावती** की विशिष्टता के पीछे कुरूपता बहुत बड़ा कारण है। यदि नारी कुरूप होती है तब कोई पुरुष उससे शादी नहीं करना चाहता। स्थिति और भी गम्भीर हो उठती है यदि वह गरीब भी हो। एक तो गरीबी और उस पर कुरूपता। इन्हीं दोनों बातों के कारण उसे अविवाहित रहना पड़ता है। अपनी बहन की शादी के लिए भाई सारी उम्र कोशिश करता है कि उसकी शादी हो जाए, किन्तु उसकी कहीं भी शादी नहीं हो पाती। अन्त

समय में उसका भाई बहन से वचन लेता है कि वह तांबे के कलश भगवान रामचन्द्र को ही अपना **सुहाग** मान ले। वह अपने भाई की बात मानकर तांबे के कलश को ही अपना पति और भावना का केन्द्र बना लेती है। वह अपनी इच्छाओं, उमंगों की पूर्ति तांबे के कलश से ही करती है। अपनी विवशताओं से वह मन की भावनाओं को ढक लेती है जैसे धूप ज्यादा बढ़ती है पर छाया छोटी होती चली जाती है।[7] कुंठित इच्छाओं का उपहास उसकी अपनी भाभियों से शुरू होकर मोहल्ले तक सुनाई देता है। ''लली सुहाग साथ देता हुआ शोभा देता है, तुलसी के कनस्तर के पास नहीं''।[8]

**पद्मावती** कलश को ही अपना स्वामी मानकर सुहागिन के सारे कर्तव्य श्रद्धा से करती है। तांबे के कलश के प्रति उसकी प्रगाढ़ आस्था का पता तब और भी अधिक चलता जब वह कलश गिर कर मुड़ जाता है और वह जोर-जोर से रोने लगती है। पड़ोसी उस पर हँसने लगते है। भाभी उसे कहती है कि ठीक करवा देगे लेकिन **पद्मावती** कलश पर हथौड़े कि चोट सोच कर ही सिहर उठती है।[9]

'सुहागिनी' की **पद्मावती** ऐसी नारी है, जिसकी भावनाओं, इच्छाओं, और उमंगों का रूप तांबे का कलश धारण कर लेता है। इससे उसकी गहरी व्यथा और पीड़ा छलकती है दूसरों के लिए वह केवल मजाक बन कर रह जाती है। किन्तु वास्तविकता में वह **पद्मावती** की भावनाओं की उच्चतम पराकाष्ठा है। इसी कारण वह सामान्य से विशिष्ट रूप धारण करती है। इसमें परिस्थितियाँ कारण स्वरूप है शेष संघर्ष उसका वैयक्तिक है।

**निष्कर्ष** - पर्यावरण का भी नारी के व्यक्तित्व के साथ गहरा और संश्लिष्ट सम्बन्ध है। पर्यावरण में जहाँ एक ओर वर्ग भावना निहित रहती है वहाँ परिस्थितियों से प्रभावित रूपों का भी समावेश हो जाता है। इसमें वंश और जाति का भी प्रभाव रहता है। उसी से मनुष्य के संस्कार और मानसिकता का निर्माण होता है। मनुष्य का समुचा परिवेश, जिसमें सम्बन्ध, अर्थ एवं विचार का आधार भी निहित है ही उसके व्यक्तित्व को निर्धारित करता है। अत: यह कहा जा सकता है कि हिन्दी कहानियों में नारी के विशिष्ट रूपों को चित्रित किया है।

**संदर्भ-**

1. मोहन राकेश - एक-एक दुनिया, पृष्ठ 14-15 ।
2. मोहन राकेश - एक-एक दुनिया, पृष्ठ 15 ।
3. मोहन राकेश - एक-एक दुनिया, पृष्ठ 30-31 ।
4. नरेश मेहता - एक समर्पित महिला, पृष्ठ 25-26-27 ।
5. धर्मवीर भारती-बन्द गली का आखिरी मकान, पृष्ठ 45 ।
6. धर्मवीर भारती-बन्द गली का आखिरी मकान, पृष्ठ 48 ।
7. शैलेश मटियानी -सुहागिनी तथा अन्य कहानियाँ, पृष्ठ 109 ।
8. शैलेश मटियानी -सुहागिनी तथा अन्य कहानियाँ, पृष्ठ 113 ।
9. शैलेश मटियानी -सुहागिनी तथा अन्य कहानियाँ, पृष्ठ 116 ।

# ब्राह्मणग्रन्थों में प्रतिबिम्बित परिवार एवं नारी

**मायाराम उनियाल**

प्रत्येक राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान महत्वपूर्ण होता है। यही कारण है कि प्रत्येक युग अथवा राष्ट्र की सामाजिक व्यवस्था एवं तत्सम्बन्धी दृष्टिकोण का वास्तविक मूल्यांकन नारियों की स्थिति एवं उनके विषय में प्रचलित धारणाओं के ज्ञान के बिना अपूर्ण है। इस दृष्टि से नारी की स्थिति को संस्कृति का मापदण्ड माना गया है।

समाज और राष्ट्र की संरचना में परिवार एक लघु इकाई के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। परिवार जितना अधिक संगठित, सुदृढ़ और शान्तिमय होगा राष्ट्र भी उतना ही प्रगति की ओर अग्रसर होगा। परिवारों की रचना के मूल में पति–पत्नी का पारस्परिक सम्बन्ध है। इनके सम्बन्धों की मधुरता पर ही पारिवारिक जीवन की सफलता निर्भर है

बृहदारण्यकोपनिषद् में विदुषी गार्गी की चर्चा है जिसने याज्ञवल्क्य से अनेक दर्शनविषयक प्रश्न किये थे। याज्ञवल्क्य की मैत्रेयी और कात्यायनी दो भार्यायें थीं उनमें मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी थी जो मुक्तिज्ञान में रुचि रखती थी और कात्यायनी सामान्य स्त्रियों की सी बुद्धिवाली ही थी –

**तयोर्ह मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी बभूव स्त्रीप्रज्ञैव तर्हि कात्यायनी।**[1]

इस प्रकार उपनिषदों में नारी सुव्यवस्थित रूप से दृष्टिगोचर हुई हैं। परिणामस्वरूप स्त्रियां ब्रह्मवादिनी भी होती थीं। ये ब्रह्मचिन्तन तथा ब्रह्मविषयक व्याख्यान में अपना तपःपूत जीवन व्यतीत करती थीं। अध्यात्म की रहस्यभरी गुत्थियों को अपनी तपस्या, त्याग, अनुभूति तथा विद्वत्ता से सुलझाना इनके लिए सरल–सहज व्यापार था।

ब्राह्मणग्रन्थों के कर्मकाण्ड प्रधान होने के कारण पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में नारी के रूप इतने अधिक स्पष्ट नहीं हो पाते हैं जितने अधिक याज्ञिक कृत्यों की पूर्ति में। इसी कारणवश समग्र ब्राह्मण साहित्य में नारी के अन्य रूपों की अपेक्षा पत्नी रूप मुखर होकर अत्यन्त महत्वपूर्ण बन गया था। इस प्रकार नारी के अर्धांगिनी अर्थात् पत्नी रूप का विवेचन माता, पुत्रवधू, भगिनी, दुहिता इत्यादि रूपों में निरूपित किया गया है।

**पत्नी रूप** – ब्राह्मणग्रन्थों में विवेचित कर्मकाण्डीय विवरणों में स्पष्टरूपेण उपलक्षित है कि विवाह का प्रथम उद्देश्य याज्ञिक कृत्यों के सम्पादन की पूर्णता है जो पत्नी के रहने पर ही सम्भव है। तैत्तिरीयब्राह्मण में **अयज्ञो वा एष योऽपत्नीकः**[2] कहकर बताया गया है कि बिना पत्नी के पुरुष को यज्ञ करने का अधिकार नहीं है क्योंकि सभी याज्ञिक कृत्यों में पत्नी की उपस्थिति अपेक्षित है। **पत्युर्नो यज्ञ संयोगे**[3] इस पाणिनीय प्रयोग से भी यह विदित होता है कि यज्ञ में साथ बैठने वाली स्त्री को ही पत्नी कहा गया है। शतपथब्राह्मण में जहां पत्नी की प्रतिष्ठा का आधार गृह है, वहीं पत्नी से गृह की प्रतिष्ठा होती है। अभिप्राय यह है कि प्रतिष्ठा का आधार होने के कारण ही नारी पत्नी कही गई है। पत्नी का एक अन्य विशेषण **'सुपत्नी'** तैत्तिरीयब्राह्मण में उपलब्ध होता है।[4] कोषकार इसका अर्थ **'श्रेष्ठ पति से युक्त'** करते हैं। शतपथब्राह्मण में राजा की चार पत्नियों का उल्लेख है ये हैं– महिषी, वावाता, परिवृक्ता और पालागली।[5] कोषकार सूर्यकान्त के अनुसार महिषी राजा की **'प्रथम परिणीता पत्नी'**, वावाता **'वल्लभा'**, परिवृक्ता **'मात्र भोग के लिए उपयुक्त** और पालागली **'दूतपुत्री'** है।[6] प्रथम परिणीता होने के कारण महिषी समस्त धार्मिक क्रियाओं व संस्कारों में सहयोग देती थी।[7] ऐतरेयब्राह्मण में इन्द्र की प्रिया जाया 'वावाता' जिसको 'प्रासहा' नाम से सम्बोधित किया गया है, के विषय में कथन है कि उसने देवताओं के महत्वपूर्ण कार्य को इन्द्र द्वारा सम्पन्न कराने में मध्यस्थ का कार्य किया।[8] प्रासहा का निर्वचन सायण ने इस प्रकार किया है– **बलात्कारपूर्वक समस्त कार्य कराने में समर्थ को प्रासहा कहा जाता है।**[9] पुत्ररहिता पत्नी परिवृती है।[10] अश्वमेध याग में प्रथम तीनों पत्नियों महिषी, वावाता और पतिवृक्ता द्वारा मन्त्रपाठ करते हुए अश्व का आज्याभिषेक किया जाता है।[11] कात्यायनश्रौतसूत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख है कि महिषी अश्व के पूर्व भाग का, वावाता मध्य भाग का और परिवृक्ती पिछले भाग का आज्याभिषेक करती है।[12] तैत्तिरीयब्राह्मण के अनुसार **भूरिति महिषी, भुव इति वावाता, सुवरिति परिवृक्तिः**[13] है। इस प्रकार अश्वमेध याग में अश्व के प्रति इन राजपत्नियों के विशेष कर्त्तव्य होने के कारण इनको विशेष नामों से पुकारा जाता है महिषी को 'भू', वावाता को 'भुवः' और परिवृक्ता को 'सुवः।'

**मातृ रूप** – नारी का मातृरूप सर्वदा निन्दा से मुक्त रहा है। इस रूप में नारी का उल्लेख ऐतरेयब्राह्मण में इस प्रकार मिलता है–

**महान्तं त्वा महीनां सम्राजं चर्षणीनाम्।**
**देवी जनित्र्यजीजनद् भद्रा जनित्र्यजीजनत्॥**[14]

यहां माता शब्द के पर्याय 'जननी' शब्द की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि नारी का जाया रूप पुनः पुत्र को जन्म देने के कारण 'जननी' शब्द से अभिहित है।

**पुत्रवधू रूप** – पुत्रवधू रूप में तैत्तिरीयब्राह्मण में इस प्रकार की उपमा दी गई है कि यजमान के शत्रु उसी प्रकार उनकी बात मानेंगे जिस प्रकार स्नुषा श्वसुर की आज्ञा मानती है।[15]

**पत्नी रूप** – तैत्तिरीयब्राह्मण में गार्हपत्य अग्नि की दक्षिण दिशा में उपविष्ट पत्नी को जपार्थ मन्त्र दिया जाता है जिसके अनुसार वह सौभाग्य की प्रतीक इन्द्राणी से आशीर्वाद रूप में सधवा रहने की प्रार्थना करती है।[16]

**दासी रूप** – ऐतरेयब्राह्मण के अनुसार अत्रि के पुत्र द्वारा अपने पुरोहित को दिग्विजय के समय देश–विदेश से लाई गई सभी धनिकों की पुत्रियों को जो संख्या में दस हजार थीं और कण्ठाभरण पहने थीं, दान में दे दिया–

**देशाद्देशात्समोह्लानां सर्वासामाढ्यदुहितृणाम्।**
**दशाददात् सहस्राण्यात्रेयो निष्कण्ठ्याः॥**[17]

रानियों की पदवी व श्रेष्ठत्व के अनुसार इन दासियों की श्रेणियों का विभाजन किया गया था। राजा की प्रथम परिणीता रानी 'महिषी', जो उच्च कुल से सम्बन्ध रखती थीं, 'सौ राजपुत्रियों' की स्वामिनी होती थीं। वावाता की 'सौ क्षत्रियकन्यायें' दासियां थीं। इसी प्रकार परिवृक्ता की 'सौ ग्रामकन्यायें' तथा पालागली की 'सौ क्षत्रियकन्यायें' सेविकायें थीं।[18]

**कन्या रूप** – ऐतरेयब्राह्मण में उद्धरण है कि **सखा ह जाया, कृपणं ह दुहिता।**[19] एक ही वस्तु के दो पहलुओं के समान कन्या भी समाज के एक पक्ष द्वारा स्वीकृत थी और दूसरे पक्ष द्वारा उसे हेय दृष्टि से देखा गया, अवांछित वस्तु के रूप में स्वीकारा गया। उपर्युक्त मन्त्र में दुहिता को **कृपण** शब्द से अभिहित किया गया। सायण कृपण शब्द का अर्थ **दुःख को उत्पन्न करने वाली, दीनता के हेतु** करते हैं।[20] महाभारत व मनुस्मृति में भी इसी प्रकार के समानार्थक शब्द उपलब्ध होते हैं।

इस स्थल पर परस्पर दो विरोधी विचारधारायें प्रतीत होती हैं। यथा पत्नी तो पुरुष के लिए परम मित्र के समान है किन्तु उन्हीं दोनों का अंश पुत्री दुःख का हेतु बन गई है। यदि पुत्री नहीं होगी तो पत्नी का स्थान कौन ग्रहण करेगा? तथापि कतिपय स्थलों पर उसकी अवस्था विशेष का भी उल्लेख किया गया है। गोपथब्राह्मण में ब्रह्मचारी के रूप में कुमारी रूप से तुलना की गई है–

**अथैतद् ब्रह्मचारिणो रूपं यत्कुमार्य्यारूतान्नग्नान्नोदैक्षतैति वेति, मुख विपरिधापयेत्तेन तद्रूपमवरुन्धे, यदस्य कुमार्य्या भवति तं ह स्नातं कुमारीमिव निरीक्षन्ते।**[21] ब्रह्मचारी रूप की कुमारी रूप से तुलना पवित्रता का बोध कराती है।

इस प्रकार ब्राह्मणग्रन्थों में नारी सम्बन्धी पारिवारिक तथा सामाजिक अधिकारों व कर्त्तव्यों पर विशद प्रकाश डाला गया है। प्रत्येक काल के साहित्य को तात्कालिक समय व समाज की परिथितियां तथा मान्यतायें प्रभावित करती हैं और उसका प्रभाव उस साहित्य पर परिलक्षित होता है, ऐसा ही कुछ प्रभाव ब्राह्मणग्रन्थों पर दिखाई देता है। वस्तुतः परिवर्तित समाज में नारी को अपने स्वत्व को समझना होगा, उसे समाज में पुनः अपनी मर्यादा को स्थापित करना होगा और अपने

अधिकारों के प्रति जागरुक रहना होगा। भारतवर्ष को फिर से ममता, वात्सल्य, प्रेम, करुणा, दया, त्याग, तपस्या एवं बलिदान के माध्यम से जग सिरमौर बनाना होगा। इसी में भारत का उज्ज्वल भविष्य निहित है।

## सन्दर्भग्रन्थ सूची -


1. स्मृतियों में नारी, (1989), आर्य भारती, वाराणसी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद्
2. ऐतरेय आरण्यक, (1943), आप्टे विनायक गणेश, पूना, आनन्दारम मुद्रणालय
3. ऐतरेय ब्राह्मण, (1977), हॉग मार्टिन, दिल्ली, भारतीय पब्लिशिंग हाउस
4. कात्यायनश्रौतसूत्र, (1987), शर्मा विद्याधर, वाराणसी, चौखम्बा संस्कृत सीरीज
5. गोपथब्राह्मण, (1977), त्रिवेदी क्षेमकरण दास, इलाहाबाद, मेधा पब्लिकेशन्स
6. तैत्तिरीयब्राह्मण, (1985), शास्त्री महादेव, दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास
7. वेदों में नारी, (1986), द्विवेदी कपिलदेव, वाराणसी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद्
8. बृहदारण्यकोपनिषद, (2012), गोरखपुर, गीताप्रेस
9. ब्राह्मणग्रन्थ एक अनुशीलन, (1988), रञ्जना, इलाहाबाद, शिवाराधन प्रकाशन
10. शतपथब्राह्मण, (1987), दिल्ली, ज्ञान पब्लिशिंग हाउस


### सन्दर्भ

1 बृहदारण्यकोपनिषद् 14.4.5.1
2 तैत्तिरीयब्राह्मण 2.2.2.6
3 पाणिनीय अष्टाधयायी 4.1.13
4 सुप्रजसत्वा वयं सुपत्नीरुपसेदिमेत्याह। यज्ञमेव तन्मिथुनी करोति। तैत्तिरीयब्राह्मण 3.3.3.5
5 शतपथब्राह्मण 13.4.1.8
6 ए. प्रै. वै. डि., सूर्यकान्त, पृ. 522
7 The chief queen who was duly consecrated was called mahishi. India of the age of the Brahmanas, Jogiraj Basu, P. 120
8 इयं वा इन्द्रस्य प्रिया जाया वावाता नामस्यामेवेच्छामहा इति। ऐतरेयब्राह्मण 3.12.11
9 प्रसह्य बलात्कारेण सर्वं कार्यं कर्तुं शक्तेत्यर्थः सायणभाष्य
10 अपुत्र पत्नी सा परिवृती। श. ब्रा. 5.3.1.13
11 श. ब्रा. 13.2.6.6
12 कात्यायनश्रौतसूत्र 20.130

13 तै. ब्रा. 3.9.4.5

14 ऐतरेयब्राह्मण 8.37.3

15 अस्य स्नुषा श्वसुरस्य प्रशिष्टिम्। तै. ब्रा. 2.4.6.12

16 इन्द्रस्य पत्नीन्द्रियाणी सा कदाचिदपि विधवा न भवति तद्वदहमपि यावज्जीवमविधवा भूयासम्। सायणभाष्य

17 ऐतरेयब्राह्मण 8.39.8

18 श. ब्रा.13.5.2.1

19 ऐतरेयब्राह्मण 7.33.1

20 दुहिता ह पुत्री इति कृपणं केवलं दु:ख कारित्वाद् दैन्यहेतु:।
अन्यच्च संभवे स्वजनदु:खकारिका संप्रदानसमयेऽर्थकारिका।
यौवनेऽपि बहुदोषकारिका दारिका हृदयकारिका पितु:।। सायणभाष्य

21 गो. ब्रा. 1.2.2

# Realizing Selfhood: Woman empowerment in Rabindranath Tagore's *Chandalika*

**Dr. Abhishek Tiwari**

"*If you do not tell the truth about yourself you cannot tell it about other people.*"---- Virginia Woolf

Rabindernath Tagore is a household name on the canvas of world literature that has turned phenomenal in the area of creativity. His range, variety and creative talents not only gave aesthetic and didactic relish (*rasanubhuti*) to his readers in India but also reached the western shores. The very reception of his magnum opus *Gitanjali* at world platform that bagged him Nobel Prize for Literature is no less proof of his deep rooted fame crossing all the boundaries of race, language and culture. His literary creation is marked by a sympathetic feeling towards the have nots and the downtrodden, empathy towards the cause of the women, religious sensibility, and philosophical remedies to the maladies of the time using practical common sense. He very aptly remarks in *The Religion of Man,* 'The idea of the humanity of our God, or the divinity of Man the Eternal, is the main subject of this book. This thought of God has not grown in my mind through any process of philosophical reasoning. On the contrary, it has followed the current of my temperament from early days until it suddenly flashed into my consciousness with a direct vision.'(*The Religion of Man,* p.5).

After going through the dramatic literatures of Tagore it can be safely concluded that they are the vehicle of his personal ideas. His plays are full of symbols enunciating a particular ideology. Tagore in his plays dealt with the issues related to the fairer sex with a deep sense of sympathy. In so far as women issues are concerned, he dealt with it quite positively. This paper takes into account Tagore's one of the most significant plays, namely, *Chandalika,* and deals with the analysis of the portrayal of women and woman empowerment in it.

*Chandalika*, first published in Bengali in 1933 and later its English translation came in the *Vishwa Bharti Quarterly* in 1938, is a short drama dealing with a very viable issue even today. It deals with the theme of untouchability in the society. On another plane it depicts the perils of self consciousness and empowerment that may lead to a disastrous output. The main interest of the play lies in Prakriti's self realization leading to her earnest desire to make love to a monk of the like of Ananda who was engrossed in his *tapa-sadhana* and was instrumental in Prakriti's evolution as a woman powerful enough to express her deeply secret urges at a time when it was considered to be a taboo. Prakriti's selfish demeanour in achieving her goal through Machiavellian means just at some humanistic and progressive gestures of Ananda is emblematic of a common man's plight to have all in his possession as and when time permits without any regard for any moral and ethical code of conduct. Here we are reminded of the demon *Bhasmasura* who after having had the boon from the benign god Shiva, tried the first test of the boon on the Divine Deity Himself. Despite all such claims there is no denying the fact that *Chandalika* is Tagore's attempt to sensitize one of the most significant issues of the time, i.e. untouchability and to the best of his ability he succeeded in it.

The play is divided into two acts. The first act makes the presence of two characters—Mother and Prakriti. The character of Ananda is talked of to the hilt without any appearance. Like dead Caesar he is more powerful. Despite his physical absence, he is present in all the assertions of Prakriti and the plot revolves around his persona. Initially when Mother enquires of Prakriti's whereabouts, she responds quite passionately and tells her mother about her beloved in a romantic fashion.The dialogue is quoted as follows:

'Prakriti. Yes, mother, that's it-I am doing penance

Mother. Good heavens! And for whom?

Prakriti. For someone whose call has come to me.

Mother. What call is that?

Prakriti. 'Give me water'. He said the words echoing in my heart.'(p.147)

Later on, Prakriti tells her mother how she met that philanthropist, Ananda, who imported a new shape to her long slept sensibility and that when she made him know her social position how Ananda had said, "If the black clouds of Shravana are dubbed Chandal, he said, what of it? It doesn't change their nature or destroy

the virtue of their water. Don't humiliate yourself, he said; self humiliation is a sin, worse than self murder."(p.148).Convinced by Ananda's highly idealistic words she starts waiting for Ananda. When Ananda does not turn up she convinces her mother to drag him to her place under the effect of Black magic. When Ananda comes to her place under the magical effect, she feels a sense of loss as the face of the charming monk was reduced to a shameful and pale one. It was not the face she fell into love with. And when Prakriti realizes her fault she asserts in Act 2, ' Prakriti, Prakriti, if in truth you are no Chandalini, offer no insult to the heroic. Victory, victory to him!' ( p.165).And the play ends with a sense of realization of faults on Mother and Prakriti's part. Mother dies and Prakriti feels all free from foul attitude.

The play incorporates Tagore's plan to sensitize the issue of woman empowerment in the most colonized strata of the society. At a time when women from even the higher class were not being treated in a dignified manner by the social setting, Tagore initiated a new approach in the outlook of the society through this play. The heroine of this play, Prakriti, is a sensitive young lady who by the curious blend of chance and choice meets Ananda, a Buddhist monk who ignites womanly desires in Prakriti's heart. This womanly desire is not merely related to a will to rise to a lofty social status, instead it is associated to her secret desire to attain the love of the monk Ananda who had been enjoying celibacy and was supposed to be far away from the seductive beauty of a girl of Prakriti's like. The play initially gives an insight of Ananda's high eloquence in enlightening Prakriti's long lost self respect and self identity that was the product of age old caste division in Indian society. He, when asked for water to Prakriti , she feels a deep sense of self respect in herself and have the reverie of union with him. Although the play does not bring the theme of one sided love of Prakriti to a more logical social conclusion, yet the beauty of the play lies in Tagore's highlighting the theme of empowerment at a large scale and opening an arena for liberal insights.

Chandalika emerges as a psychological drama. Tagore uses this legend to sensitize people on untouchability by focussing on Prakriti's anguish at the humiliation she receives by society. The dignity and respect she received from Ananda gave her a consolidated sense of womanhood. She asserts boldly, 'I respect him who respects me. A religion that insuts is a false religion. Everyone united to make me conform to a creed that blinds and gags. But since that day

something forbids me to conform any longer.I am afraid of nothing now.'(p.154)

It is not the story of a wanton female eager to seduce a holy man but of a very sensitive and proud girl, condemned by birth to a despised status, who is suddenly awakened to a consciousness of her own rights as a human being and for the attainment of which she went on to the extent of applying even Machiavellian dictum. Though she fails in gratifying her desire of love making with Ananda, yet in the process she is redeemed, purged of the pride and egoism and she realises that love doesn't bind but frees; that it is not a thing to be achieved by force but has to be earned.

We can say that Tagore is a champion in the arena of modern theatre. His common endeavour ranges from 'eros to cosmos, from the pastoral to the modern age, from a study of religious bigotry to social comedy, from entertainment and romantic love to martyrdom'. As has been observed by M. K. Naik, '... the Indian ethos gradually underwent a sea change from the shock of defeat and frustration and the trauma of inferiority feeling to a new found self awareness and self-confidence(Naik, 1992:35)Tagore left no stone unturned to live as per the social and creative demands of his times. His female characters are lively to the hilt. Revealing the cruel exploitation which women were subjected to during this period, Tagore pointed out the injustice and absurdity of cruel feudal traditions. It would not be out of place to mention that, 'poet, philosopher and humanitarian, Tagore symbolizes the culture and highest learning of India, but by his dedication to the quest for truth and the development of man, he transcends geographic boundaries and belongs to the world(Sarkar, 1974:95).

## Works Cited

1. Tagore, Rabindranatha ,Three Plays, Delhi: Oxford University Press.2011.
2. Tagore, Rabindranath, The Religion of Man: Delhi: Rupa &co. 2002.
3. Naik, M.K., A History of Indian English Literature, New Delhi: Sahitya Academy,1992.
4. Sarkar, B.N., *Tagore the Educator*. Calcutta,1974.

# वैदिक संस्कृत साहित्य में नारी का स्वरूप एवं नारी सशक्तिकरण

**नवीन आर्य**

नारी ईश्वर की एक अद्वितीय कृति है। नारी के अभाव में सृष्टि की कल्पना भी नहीं जा सकती। वह एक ऐसा छायादार वृक्ष है, जिसकी छाया तले प्रत्येक प्राणी अपनी समस्त व्यथा को भूल जाता है। नारी ब्रह्म विद्या है, श्रद्धा है, आदि शक्ति है, पवित्रता है, शालीनता है, सद्‌गुणों की खान है और वह सब कुछ है जो इस प्रकट विश्व में सर्वश्रेष्ठ के रूप में दृष्टिगोचर होता है। नारी कामधोनु है, अन्नपूर्णा है, साक्षात् सिद्धि है। कोमलता, सहृदयता, निष्पक्षता, पवित्रता, मधुरता, त्याग आदि दिव्य गुणों की प्रतिमूर्ति नारी मानव-मात्र के समस्त अभावों, संकटों आदि का निवारण करने में सक्षम है और वह ऐसा करती भी है। समस्त प्राचीन संस्कृत साहित्यों में नारी की गरिमा, गौरव, सम्मान एवं समाज में उसे प्राप्त आदरपूर्ण स्थिति का उल्लेख प्राप्त होता है।

## नारी शब्द की व्युत्पत्ति

ऋग्वेद को आधिदैविक ग्रन्थ कहा जाता है। यहाँ 'यज्ञ' के अर्थ में 'नार्यः' शब्द का प्रयोग हुआ है। तैत्तिरीय-आरण्यक तथा शतपथब्राह्मण में यह मिलता है। नारी शब्द नृ अथवा नर शब्द से बना है। नृ + अच् + ङीप् = नारी। नर + ङीष् = नारी। महर्षि पतञ्जलि ने दोनों व्युत्पत्तियों को सही माना है - **नृर्धार्म्यान्नारी नरस्यापि नारी**। यास्क ने नर शब्द को नृत् - नाचना धातु से बनाया है - **'नाराः मनुष्याः नृत्यन्ति कर्मसु'**। अर्थात् काम करते समय मनुष्य हाथ पैर नचाता है, हिलाता डुलाता है, इसलिए उसे नर कहते हैं। इसी विशेषण के कारण स्त्री को नारी कहते हैं। परन्तु ऋग्वेद में 'नृ' धातु का प्रयोग वीरता का काम करना, दान देना तथा नेतृत्व करने के अर्थ में हुआ है। स्त्री का नारी नाम भी इन्हीं विशेषताओं के कारण पड़ा होगा। वे युद्ध तथा शिकार में वीरों की सहायिका होती होंगी और अतिथियों एवं भिक्षुओं के सत्कार दान आदि का भार भी इन्हीं पर रहता होगा। ब्राह्मणों में कहीं-कहीं 'नारि' पाठ मिलता है। सायण के मत में नारी का भाव नरों का उपकारक अथवा शत्रु न होना है।

## नारी के पर्यायवाची शब्द

स्त्री, मेना, वामा, सुन्दरी, प्रमदा, तरुणी, युवती, मोहिनी, ललना, महिला, पुत्री, सुता, बाला, दारिका, दुहिता, मध्यमिका, जाना, दारा, रमणा, रमणी, पत्नी, गृहिणी, प्रियतमा, वधाु, माता, जननी आदि नारी के पर्यायवाची शब्द हैं।[1]

## कन्या की कामना

नारी के बिना यह सम्पूर्ण संसार सारशून्य है। जन विस्तार की दृष्टि से भी निःसन्देह पुरुष की अपेक्षा नारी की महत्ता अधिक है। नारी की इसी महत्ता तथा आवश्यकता के कारण ही वैदिक संस्कृत साहित्य में इसकी कामना और इसकी समुचित पालना प्रत्येक गृहस्थ से किये जाने का विधान है। इसी कारण इसका नाम कन्या अर्थात् सबके द्वारा वाञ्छनीय रखा गया है। यास्काचार्य ने निरुक्त में **'कन्या कमनीया भवति'**[2] कहकर उसे 'कमु' धातु से सिद्ध करके 'सबसे कही जाने वाली' कहा है। ऋग्वेद में कहा गया कि **'पुत्रिणा ता कुमारिणा विश्वमायुर्व्यश्नुतः। उभा हिरण्यपेशसा।'**[3] अर्थात् पिता जहाँ पुत्रों के साथ सम्पूर्ण आयु व्यतीत करने में सुख का अनुभव करता है वहाँ वह पुत्री की भी उपेक्षा न करके इसके साथ भी सम्पूर्ण आयु व्यतीत करना चाहता है, और दोनों को सुवर्णवत् मानता है। वैदिक पिता, पुत्र और पुत्री में कोई भेद नहीं करता था। ऐतरेय उपनिषद् में लिखा है कि 'नारी हमारी पालना करती है अतः उसकी पालना करना हमारा कर्तव्य है'।[4] मनुस्मृति में कहा गया है कि– **'यथैवात्मा तथा पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा'**।[5] अर्थात् जैसा पुत्र वैसी ही पुत्री कहकर मनु महाराज ने उक्त तथ्य को और अधिक पुष्ट किया है।

## कन्या का नाम

वैदिक संस्कृत साहित्य में मानव समाज पर पड़ने वाले उत्तम प्रभावों एवं उनसे उत्पन्न सुन्दर गुणों के लिये प्रत्येक क्रिया पर अत्यन्त सूक्ष्मता से विचार किया गया है। जीवन के प्रारम्भ से ही व्यक्ति के साथ कुछ संस्कारों तथा अन्य क्रियाओं का इस प्रकार से विधान कर दिया है कि उसके सम्पूर्ण जीवन पर सदा अच्छा प्रभाव पड़ता रहे। गोभीलीय और शौनक आदि गृह्यसूत्रों में नामकरण अर्थात् उत्पन्न बालक एवं बालिका का सुन्दर नाम रखने का विधान है। अर्थात् नाम सार्थक होना चाहिए, विशेष गुणों वाला होना चाहिए। ऋग्वेद में मनोरमा नारी के विभिन्न विशिष्ट विशेषणों के साथ उसे 'सुहवा' अर्थात् उत्तम नाम वाली होना भी कहा है।[6] आश्वलायन गृह्यसूत्र के अनुसार कन्या का नाम विषमाक्षर होना चाहिए। आपस्तम्ब उच्चारण सम्बन्धाी कठिनाई के कारण कन्या के नाम के अन्त में 'र' 'ल' इन दो वर्णों का निषेध करता है। पारस्करगृह्यसूत्र (1/17/4/3) में विषमाक्षर के साथ ही कन्या के नाम को आकारान्त एवं तद्धितान्त होना भी अनिवार्य कहा है। उदाहरण के लिए कन्याओं के नाम श्री, भारती, कमला, विमला, सुमित्रा, विनीता, सौभाग्यवती आदि होने चाहिए।

नारी कोमलता की प्रतीक हैं इस बात को स्मरण कराने के लिए ही उसके नाम की रचना इस प्रकार से की गई है कि उससे कोमलता सूचित होती है। इससे कन्या अपने नाम को देखकर अपने में दया, प्रेम आदि कोमलता से सम्बन्धित गुणों का विस्तार करेगी। मनृस्मृति में कहा गया है कि–

**नर्क्षवृक्षनदीनाम्नीं नान्त्यपर्वतनामिकाम्।**
**न पक्ष्यहिप्रेष्यनाम्नीं न च भीषणनामिकाम्।।**[7]

अर्थात् कन्या का रोहिणी, रेवती, अंगूरी, कस्तूरी, गंगा, यमुना, चाण्डाली, शिवाली, हिमालया, काकी, हंसी, नागी, सर्पिणी, दासी, किंकरी आदि नाम नहीं होने चाहिए। इसका कारण यह है कि इन नामों में कोई सुन्दर भाव नहीं है। नदी आदि के नाम रखने से उनमें जड़ता, दासी आदि नाम रखने से हीन भावना उत्पन्न होती है।

## नारी का उपनयन संस्कार

वैदिक संस्कृत साहित्य नारी का उपनयन संस्कार अपेक्षित समझता है। ऋग्वेद के अनुसार **'भीमा जाया ब्राह्मणस्योपनीता दुर्धा दधति परमेव्योमन्'**[8] अर्थात् उपनीत स्त्रियाँ (दुष्ट व्यक्तियों के विपरीत) अनेक कठिन कार्यों को करने में समर्थ सिद्ध होती है। हारीत धर्मसूत्र में भी ब्रह्मवादिनियों के लिये इस उपनयन संस्कार के बारे में कहा गया है कि **'तत्र ब्रह्मवादिनीनाम् उपनयनम् अरिनीधम् वेदाध्ययनं स्वगृहे भिक्षाचर्येति'**[9] अर्थात् वे वेदों का अध्ययन तथा अग्निहोत्र आदि के साथ अपने घर से भिक्षा को भी माँगे। **'यज्ञोपवीतिनामान्तोदकेन वृत्यम्'**[10] अर्थात् गोभिल मुनि के अनुसार 'यज्ञोपवीत' धारण कर चुकी नारी ही यज्ञ के आचमन आदि कार्यों को सम्पन्न करे।

## स्त्री शिक्षा के बारे में

हारीतधर्मसूत्र के अनुसार – **'न हि शूद्रयोनौब्राह्मणक्षत्रियवैश्या जायन्ते तस्माच्छन्दसा स्त्रियः संस्कार्याः'**।[11] अर्थात् नारी को शिक्षा–दीक्षा पुरुष से भी अधिक आवश्यक है, क्योंकि उसके गर्भ से ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य गुण सम्पन्न सभी प्रकार के बालक और बालिकाओं का जन्म होता है। अतः नारी के भी सभी संस्कार किये जाने चाहिए।

मनुस्मृति में नारी को वेद पढ़ने का उपदेश दिया गया है – **'वेदानधीत्यवेदौ वा वेदं वापि यथाक्रमम्'**।[12] अर्थात् उसे वेद की भाषा एवं साहित्य को समझने में सक्षम होना चाहिए।

भाषा के मर्म को भली प्रकार समझकर समाज के लिए उसका प्रयोग करने वाली अनेक नारियों के नाम वैदिक संस्कृत साहित्य में आते हैं। लोपामुद्रा ने ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में 23वें अनुवाक के 197वें मन्त्र का दर्शन किया था। गोधा, घोषा, विश्वपारा, अपाला, रोमशा आदि अनेक सूक्त ऋषिकाएँ हैं, जिनको वेद की भाषा पर पूर्ण अधिकार था। ऋग्वेद की इन ऋषिकाओं की सूची बृहद्देवता नामक ग्रन्थ के 24वें अध्याय में भी प्राप्त होती है।[13]

उपनिषदों में गार्गी, मैत्रेयी आदि विदुषी महिलाओं के नाम विद्यमान है जिन्हें दर्शनशास्त्र की पण्डिता कहा जाता है।

## नारी : माता के रूप में

वैदिक संस्कृत साहित्य माता को प्रतिष्ठा के उच्च आसन पर बिठाता है। इस वैदिक संस्कृत साहित्य के अनुसार विश्व के प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिष्ठित उसकी अपनी माँ है। शतपथब्राह्मण 'मातृमान्  पितृमान् आचार्यवान् पुरुषो वेद' कहकर माँ को मानव का प्रथम गुरु स्वीकार करता है। महर्षि वसिष्ठ तथा मनु का कहना है कि उपाध्याय से दस गुणा प्रतिष्ठित पिता है और पिता से सहस्र गुणा प्रतिष्ठित उसकी अपनी माँ है।[14] केनोपनिषद् में ब्रह्म का नारी रूप में वर्णन उसकी मातृशक्ति से किया गया है।[15]

तैत्तिरीयोपनिषद् में कहा गया है –**'मातृदेवो भव'**। आचार्य दीक्षान्तभाषण के समय शिष्य द्वारा पढ़ी हुई, सम्पूर्ण विद्याओं के सार रूप में सर्वप्रथम इसी वाक्य का प्रतिपादन करता है। छान्दोग्योपनिषद् में भी कहा गया है – **'यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वजनेषु पश्यति समृद्धिं तत्र ज्ञानियात्'**।[16] अर्थात् स्वप्न में स्त्रीरूपा मातृशक्ति के दर्शनमात्र से ही मनुष्य को समृद्धि की प्राप्ति होती है। गोभिलगृह्यसूत्र के अनुसार घर में आने पर सर्वप्रथम माँ के आगे झुके, फिर पिता के'।[17] यहाँ माँ की महत्ता ही अत्यधिक दर्शायी गयी है। कात्यायन भी माँ को आदर का प्रथम स्थान प्रदान करता है। पारस्करगृह्यसूत्र के अनुसार माँ की उत्सर्ग भावना अपेक्षाकृत सभी से अधिक है। अतः वही सर्वप्रथम पूज्या है।[18]

**इस विषय में मनुस्मृति में कहा गया है–**

**यं मातापितरौ क्लेशं सहेते संभवे नृणाम्।**
**न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि।।**[19]

अर्थात् सन्तान की उत्पत्ति में जो क्लेश माता–पिता को होता है उसका बदला सन्तान सौ वर्ष तक निरन्तर सेवा करने के उपरान्त भी चुकाने में असमर्थ है। अतः उसको बुरा, भला कहने वाला 'मातृहा' अर्थाम् माता का हत्यारा है।[20] इस प्रकार माँ की प्रतिष्ठा महान् है। उसे अन्य सभी सम्बन्धियों से, यहाँ तक कि पिता से भी अधिक महत्त्व प्रदान किया गया है।

निष्कर्षतः हम यह कह सकते हैं कि वैदिक संस्कृत साहित्य में नारी का स्थान सर्वोच्च व सर्वोत्कृष्ट है। तथा उस समय में भी नारी का सशक्तिकरण अपने परचम को धरातल पर लहरा रहा था। अतः नारी सदैव पूजनीया, सम्माननीया, आदरणीया रही है। आशा करता हूँ कि भविष्य में भी नारियों का सम्मान समुचित रूप से होते रहना चाहिए।

**संदर्भ–**

1 महाभारत में नारी, डा. कृष्णानन्दपाण्डेय, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली
2 निरुक्त 4/2
3 ऋग्वेद 8/31/8

4 ऐतरेय उपनिषद् 2/3
5 मनुस्मृति 2/130
6 ऋग्वेद 2/32/4
7 मनुस्मृति 3/9
8 ऋग्वेद 10/109/4
9 हारीत धर्मसूत्र 21/22
10 गोभिलगृह्यसूत्र 1/1/2
11 हारीत धर्मसूत्र भूमिका में
12 मनुस्मृति 3/2
13 इन्द्राणी चेन्द्रमाता च सरमा रोमशोर्वशी।
लोपामुद्रा च नद्यश्च यमीनारी च शश्वती।।
श्री लक्ष्मीः सर्पराज्ञी वाक् श्रद्धा मेधाा च दक्षिणा।
रात्री सूर्या च सावित्री ब्रह्मवादिन्य ईरिताः।। बृहद्देवता 24/85-86
14 उपाधायायान्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता।
सहस्रं तु पितृन्माता गौरवेणातिरिच्यते।। मनुस्मृति 2/145
15 केनोपनिषद् 4/7
16 छान्दोग्योपनिषद् 5/2/9
17 गोभिलगृह्यसूत्र 2/4/2
18 पारस्करगृह्यसूत्र 1/15, 29
19 मनुस्मृति 2/227
20 छान्दोग्योपनिषद् 7/15/2

# fgnh lkfgR; e ukjh l'kfDrdj.k

**Mk- uxUn ukFk >k**

bfrgkl bl ckr dh lk{kh g fd fgnh lkfgR; e ukjh dk LFkku lokifj gA fgnh lkfgR; e HkfDrdky l ydj vkèkfud dky rd ukjh l"kfDrdj.k dk >yd fn[kkb nrk gA ; l"kfDrdj.k pkg èkkfed gk ;k lkekftd] Jxkfjd gk ;k lkLdfrd] jktuhfrd gk ;k jkf'V; ,drk pkjk rjQ ukjh viuk LFkku dk;e j[kh gA

**èkkfed {k= e ukjh dk LFkku** & dkb Hkh dfo ;k dof;=h oreku ekuo thou l ydj fo'ke ldV dk 0;Dr djr g, ,d u, vkn"k Hkfo'; dk fp=.k djrk gA HkfDrdkyhu fgnh lkfgR; dh dof;=h ehjk ckb viu i| d ekè;e l dN ,lh gh o.ku dh g& **^^ejk rk fxjèkj xkiky nljk u dkbA**

dof;=h u Jxkfjd i{k dk Hkh mtkxj dh g&

**^^lkou essa meX;ks esjks eudk] Hkud lqfu gfj vkou dhA**
**mej&mej pgq¡ fnl ls vk;k] nkfefu nedS >j ykou dhAA**

fgnh lkfgR; e ehjk ckb dk dk0; mud gn; l fudy lgt iekPNokl dk lkdkj :Ik gA mudh ofRr ,dkUrr% ,o lexr% ie ekèkjh e gh jeh gA viu vjkè; ^^fxfjèkj xkiky** dh foy{k.k :i NVk d ifr vuU; vklfDr vud= "kCn&èkkjk cudj QV iMh gA mudh fojg Hkkouk dk dkb vkj Nkj ugh gA

**^^fojguh ckojh&lh HkbZA**
**Å¡ph pf<+ vius Hkou esa Vsjr gSrbZAA**

**-----------------------------------------------------------------------**

**----------------------------------------------------dNqudghAA**

**jkf"V; ,o lkLdfrd {k= e ukjh dk LFkku &** lHkuk dekjh pkgku dh dk0; jpukvk dk nk Hkkxk e ckVk tk ldrk gA ƒ- jktuhfrd dk;k d ekè;e l jkf'V; ,drk dh ckrA

„- lkLdfrd dk;k d }kjk lkekftd ,drk dh ckrA

**vfèkdkj ,o vkè;kfRedrk e ukjh dk LFkku&** egknoh oek dh dforkvk e vkjEHk l gh foLe;] ftKklk] 0;Fkk] vfèkdkj vkj vè;kfRedrk d Hkko feyr gA ; Hkko fujrj vfèkd ik< vkj ifjekftr gkr x, gA lkekftd thou d i lx e rk o vFkd vkj vej lkèkuk e fo"okl djrh gA mUg **^vejk d ykd*** dh dkeuk ugh g] o rk **^feVu d vfèkdkj*** dk gh cuk, j[kuk pkgrh gA

# वैदिक संहिता काल में नारी का स्वरूप

**दीपा रानी**

वैदिक काल को विश्व सभ्यता का भण्डार माना गया है। यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वैदिक संहिता काल में नारी अत्यधिक तेजस्वी और सर्वगुणसम्पन्न होती थी इसमें कोई सन्देह नहीं। इस संबन्ध में अथर्ववेद में कहा गया है कि – **'मैं शुद्ध, पवित्र यज्ञ की अधिकारिणी इन स्त्रियों को विद्वानों के हाथों में पृथक-पृथक रूप में प्रसन्नता से अर्पित करता हूँ।'**

उपर्युक्त मन्त्र में पठित योषित (नारी) शब्द के लिए 'शुद्धाः', 'पूताः' तथा 'यज्ञियाः' विशेषण इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि उस समय नारी समाज में भाग लेने एवं अपनी योग्यतानुसार यज्ञ करने तथा दूसरों से यज्ञ कराने का पूर्ण अधिकार रखती थी। यदि ऐसा न होता तो 'यज्ञियाः' विशेषण के स्थान पर किसी अन्य विशेषण का प्रयोग योषित-शब्द के साथ किया जाता। यज्ञाधिकार से स्पष्ट है कि इस समय का प्रबुद्ध नारी समाज वैदिक संहिताओं के अध्ययन-अध्यापन, मनन, चिंतन में भी पूर्ण स्वतंत्र था। यदि ऐसा न होता तो, संहिता वाङ्मय के उपजीव्य साहित्य में ब्रह्मवादिनी शास्त्रार्थ-कुशला नारियों का उल्लेख न मिलता।

संहिता युग में नारियों को याज्ञिक अधिकार प्राप्त थे और उनकी सम्मानजनक स्थिति थी। संहिता-वाङ्मय के अनेक स्थलों में पति-पत्नी द्वारा सम्पन्न संयुक्त अनुष्ठानों का वर्णन है। ऋक्-संहिता के पंचम मंडल में तथा प्रथम मंडल के 27वें सूक्त में संयुक्तरूप से यज्ञ करने का उल्लेख है। **'योषितः यज्ञियाः इमाः**[1]**'** मन्त्र द्वारा स्पष्टरूप से नारी के यज्ञ अधिकार की पुष्टि की गई है। ऋक्संहिता के पांचवे मंडल के 28वें सूक्त में **विश्ववारा** नामक नारी का वर्णन है जो प्रतिदिन प्रातः स्वयं यज्ञ करती है। ऋक्संहिता के आठवें मंडल के 91वें सूक्त में एक कन्या को यज्ञ में इन्द्र को सोमरस प्रदान करते हुए दर्शाया गया है।

यजुर्वेद संहिता में गृहस्थ पति-पत्नी के दृष्टान्त से यज्ञपति राजा, पृथिवी एवं राज-लक्ष्मी का सुन्दर वर्णन किया गया है। इस दृष्टान्त में स्पष्ट किया गया है कि गृहस्थ-धर्म स्वीकार कर लेने पर नर-नारी दोनों का भोग्य-सम्पत्ति में समान अधिकार है। पुरुष का यज्ञ के रूप में वर्णन किया गया है और स्त्री के लिए प्रार्थना की गई है कि अग्निरूपी तुम्हारा पति तुम्हारे किसी भी

अधिकार का हनन न करे।

**'नमो वः पितरो......।'**[2] में पितरो शब्द माता-पिता दोनों के लिए आया है, जिसमें ब्रह्मानन्द एवं ज्ञानरस हेतु उनसे प्रार्थना की गई है। यह ज्ञानरस और कुछ नहीं यज्ञपुरुष ही है, जिसका प्रादुर्भाव नर-नारी के संयोग से ही संभव है।

ऐतरेय ब्राह्मण में पति को पत्नी के अभाव में अपूर्ण कहा गया है।[3] शतपथ-ब्राह्मण में कहा गया है कि पति द्वारा पत्नी के बिना दी गई आहुति देवता स्वीकार नहीं करते।[4] इन विवरणों से स्पष्ट है कि वैदिक संहिता काल में यज्ञ की पूर्णता के लिए पत्नी की उपस्थिति आवश्यक मानी जाती थी।

ऋक्संहिता के दशम मंडली के 114वें सूक्त में नारी को **'चतुष्कपर्दा'** कहकर पुकारा गया है। जिसका स्पष्ट अर्थ है - **यज्ञीय वेदी के निर्माण में कुशल नारी।** इससे ज्ञात होता है कि उस समय नारी यज्ञ के सभी अवयवों सें सुपरिचित थी और यज्ञ करने एवं कराने का अधिकार उसे जन्म से ही प्राप्त था। चतुष्कपर्दा शब्द का अर्थ कुछ विद्वानों की दृष्टि में धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूपी पुरुषार्थ की साधिका नारी है। यदि दूसरे अर्थ को सही माना जाए तो भी इसमें नारी के एक ऐसे वैदुष्य की झलक मिलती है, जिसमें जीवन के प्रमुख तत्व (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) तैरते से दृष्टिगोचर होते हैं।

यज्ञ की घृत धाराओं की तुलना श्रेष्ठ नारियों से करते हुए यजुर्वेद संहिता में कहा गया है कि शुभ आचरण वाली नारियों के लिए ये धाराऐं अग्निदेवरूपी पति की ओर अग्रसर होती हैं यहीं पर राजा-प्रजा के पालनरूपी कार्य को यज्ञ की संज्ञा देते हुए सेनाओं एवं राज्यव्यवस्थाओं की समता उन घृतधाराओं से की गई है, जो सुकन्याओं की भांति अपने पति (अग्निदेव) से मिलने के लिए आतुर हैं।

**पंच-महायज्ञ**

वैदिक-संहिताकालीन समाज (नर-नारी) अपने श्रेय और प्रेय के लिए पांच महायज्ञों का संपादन करना अपना धर्म मानता था।

1. **ब्रह्म-यज्ञ** - इसमें अग्निहोत्र द्वारा देवों को प्रसन्न करने का स्पष्ट उल्लेख है।

2. **देव-यज्ञ** - स्वराज्य (आत्मराज्य) की प्राप्ति हेतु ब्रह्मयज्ञ (सन्ध्योपासनादि) को अनिवार्य माना जाता था।

3. **पितृ-यज्ञ** - उत्तमोत्तम पदार्थों से जीवनकाल में तथा मरणोपरान्त पिण्डदान आदि वस्तुओं से अपने पितरों को तृप्त करना संतति का धर्म माना जाता था।

4. **बलि-वैश्वदेव-यज्ञ** - सर्वभूतहित कामना से प्रेरित होकर गौ, श्वान, कौवे आदि जीवों को दिए जाने वाले भोज्य-पदार्थों को भी यज्ञ माना जाता था।

5. **अतिथि-यज्ञ** - परम विद्वान धार्मिक, सदाचारी, जनहितकारी, वेदानुरागी, ज्ञानी अतिथि का सत्कार करना आवश्यक माना जाता था। जिससे वह निश्चिंत होकर विद्या-विस्तार आदि कार्यों को कर सके।

उपर्युक्त पंच महायज्ञों को पूर्ण करने की भांति नर की तरह ही नारी भी संहिताकाल में यज्ञादि करने में पूर्ण स्वतंत्र थी। यह हमारे देश, जाति का दुर्भाग्य रहा है कि उत्तरोत्तर नारी के अधिकारों में ह्रास आता गया और आज पूरा समाज इस दीन-हीनावस्था में पहुँच गया है। पहचान करने पर भी विश्वास नहीं होता कि क्या यह देश उन मंत्र-द्रष्टा ऋषियों, यज्ञ-कर्त्रियों का जन्मस्थान है, जहाँ कभी तेजस्विता की साक्षात्मूर्ति महर्षि अत्रि की पुत्री **'अपाला,'** वैदिक मंत्रों का घोष करने वाली **'घोषा',** कर्मकाण्ड-प्रवर्तिका **'जुहू'**, दानदात्री **'दक्षिणा'**, बुद्धि उपासिका **'रोमशा'**, ब्रह्मवादिनी **'लोपामुद्रा'**, अद्वैतवादिनी **'वागाम्भृणी'** आदि ऋषिकाएं उत्पन्न हुई थीं।

संहिताकालीन नारी यज्ञ, प्रशासन, युद्ध, न्याय, दौत्य आदि सभी कार्यों को सुसम्पादित करने में सक्षम अधिकारिणी थीं। इसके अतिरिक्त ज्ञान के विविध स्रोतों में भी उसकी पैठ थी। जिसके कारण वह राष्ट्र के श्रेय एवं प्रेय में अपने नर की सहयोगी बनकर उसके कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती थी। यही कारण है कि संहिताकालीन पुरुष नारी को 'कुलपा'[5] (कुल का पालन करने वाली), 'ध्रुवा'[6] (दृढ़संकल्प वाली), 'पुरन्ध्रि'[7] (समाज की नेत्री), 'प्रतरणी'[8] (जीवन की पतवार), 'शिवा'[9] (कल्याणकारिणी), 'सुमंगली'[10] (मंगलकारिणी) आदि विशेषणों से संबोधित कर उसकी श्रेष्ठता, ज्येष्ठता को स्वीकार करता था।

ऋक्संहिता दशम मण्डल के 85वें सूक्त में वर अपनी नव प्रणीता से अवरोधपूर्वक अधिकार युक्त प्रीति से अपने माता-पिता, भाई-बहिन व घर के अन्य परिजनों पर शासन करने की बात करता है। इससे स्पष्ट होता है कि उस समय नारी को किस रूप में देखा जाता था और कितना बड़ा विश्वास था नारी पर। यहाँ एक ऐसे समाज की कल्पना की गई है जहाँ नारी का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण था और वह घर की महारानी मानी जाती थी। फलतः उसी का प्रभाव है कि आज भी समाज में लोग घर की वधु को 'बहूरानी' कहकर संबोधित करते हैं। इस सम्मानजनक उपाधि की रक्षा हेतु 'गृहिणी' को आचार-संहिता का पालन करना पड़ता था और उसकी दृष्टि में घर का प्रत्येक सदस्य अपनी योग्यता के अनुसार आदर का भाजन था। इसकी पुष्टि काठक तथा ऋक्संहिता में **'जायेदस्तं मध्वंसेदुः योनिः'**[11] अर्थात् 'पत्नी ही घर है और विश्रामस्थल है, कहकर की गई है।

संहिता कालीन पुरुष नारी को गृहलक्ष्मी, ज्ञानदात्री, सरस्वती एवं शिवकारिणी शिवा के रूप में देखता रहा है। ऋक्संहिता में नारी की पवित्रता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है- **'सर्वप्रथम**

**चन्द्र देवता ने नारी को शुचिता प्रदान करने हेतु अपनाया, गंधर्व ने उसकी वाणी में माधुर्य संचार करने के उद्देश्य से उसे आश्रय दिया तथा अग्निदेव ने उसके अंग-अंग में पवित्रता भरकर उसे पति के रूप में पुरुष के हाथों में अर्पित कर दिया।'**

इस तरह देवताओं से परिवर्धित नारी सदा शिवा रही है। ऋक्संहिता के इस सूत्र में वधु के लिए मांगलिक भावनाओं को व्यक्त करते हुए उससे आशा की गई है कि वह अपने पति के लिए मंगलकारिणी होती हुई अपने घर की श्रीवृद्धि के साथ पशुओं के लिए भी हितकारिणी सिद्ध हो।

समाज के दो प्रधान अंग हैं – पुरुष और नारी। पुरुष में जिन गुणों का अभाव रहता है, उसे नारी अपने सदाचार से पूरा करती है। पुरुष घर के बाहरी कार्यों का सम्पादक है तो नारी घर के अंतरंग कार्यों की व्यवस्थापिका मानी गई है। कष्ट में पति को पत्नी की सांत्वना निःसन्देह बेजोड़ औषधी है, जिसके फलस्वरूप पुरुष पुनः पुरुषार्थ हेतु संबल जुटाता है। सच तो यह है कि पुरुष उस परब्रह्म की तरह तब तक निष्क्रिय रहता है, जब तक उसे प्रकृतिरूपी नारी गतिशील होने की प्रेरणा नहीं देती। यही कारण है कि नारी को शक्ति, भक्ति और गति माना गया है। दया, करुणा, क्षमा की स्रोत नारी समाज की शक्ति है, माता–पिता तथा बड़ों के प्रति भक्ति है और जगन्नियन्ता की सृष्टि–संचालन में गति है। नारी का आदर्श अपने स्वामी के प्रति निष्ठारूप में संतान के प्रति स्नेह के रूप में, दुखियों के प्रति करुणा के रूप में, शत्रु के प्रति क्षमारूप में और सम्पूर्ण संसार के प्रति जगद्धात्री के रूप में प्रकाशित है। अतः वैदिक नारियों के संहिताकालीन उदात्त विचार समाज के उन्नायक थे, जो आज भी अनुकरणीय हैं।

## सन्दर्भसूची -


1. ऋग्वेद (सायणभाष्य), (1941), पूना, वैदिक संशोधन मंडल
2. ऋग्वेद व्याख्या, (1939), माधवकृत कुन्हन राजा, महाराष्ट्र, सी. अड्यार पुस्तकालय,
3. अग्रवाल, वासुदेव शरण, (1977), भारत सावित्री, खण्ड 1, नई दिल्ली, सस्ता साहित्य मंडल,
4. उपाध्याय, रामजी, (1966), प्राचीन भारतीय संस्कृति की सांस्कृतिक भूमिका, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
5. कमला, (1994), ऋग्वेद में नारी, दिल्ली, निर्मल पब्लिकेशन्स
6. टैगोर, रवीन्द्रनाथ, 1962, दिल्ली, शिक्षा सन्मार्ग प्रकाश


## संदर्भ

1 अथर्वसंहिता 11/1/17–27
2 यजु. 2/32
3 ऐतरेय ब्राह्मण 1/2/5

4 शतपथ-ब्राह्मण 5/1/6/10
5 अथर्व. 1/14/3
6 यजु. 12/53
7 यजु. 14/12
8 अथर्व. 14/2/26
9 अथर्व. 19/40/2
10 अथर्व. 14/2/26
11 काठक-संहिता 31/1, ऋक्संहिता 3/53/4

# भारतीयसंस्कृतसाहित्ये अबलायाः सबलीकरणे स्त्री-शिक्षायाः योगदानम्

**श्रीरामसेवकझाः**

मनुष्यः खल्वेकः सामाजिकः प्राणी। समाजे स्त्रीपुरुषयोः सम्बन्धः सर्वाधिकव्यापकः एव स्थायी वर्तते। नारी समाजस्याधारशिला वर्तते। प्रत्येकं सामाजिकसङ्घटने नारीणां स्थितिः सामाजिकदशायाः परिचारिकाऽस्ति। नारी एव सरस्वतीलक्ष्मीदुर्गारूपेण विख्याता विश्वस्मिन् विश्वे। इयं च नारी स्त्री-वामा-महिला-भार्या-वनिता इत्यादिरूपेण विख्याता जाता। ''स्त्यै इत्यनेन स्त्री'', स्त्यै नाम लज्जा, लज्जायुक्ता या भवति सा स्त्री। वमति स्नेहम् इति वामा। मह्यते पूज्यते इति महिला। वने या निवसति सा ''वनिता'' इत्यर्थः। सृष्टेः विकासक्रमे स्त्रियाः महत्त्वपूर्णं स्थानं वर्तते। उपनिषत्सु सृष्टेः सम्पूर्णस्य रिक्तस्थानस्य सम्पूर्तिः नारीभिरेव मन्यते। तद्यथा[1] - **'अयमाकाशः स्त्रिया पूर्यते'**। तस्मादेव ऋग्वेदोऽपि भणति[2] - **'स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ'**। अथर्ववेदे[3] -

**शुद्धाः पूता योषितो यज्ञिया इमा आपश्चरूमव सर्पन्तु शुभ्राः।**
**अदुः प्रजां बहुलान् पशुन् नः पक्तौदनस्य सुकृतामेतु लोकम्।।**

जगत्यस्मिन् यत्र-यत्र नवनिर्माणं, पालनं पोषणं, संवर्धनं, पूर्णविकासं च यावत् सम्प्राप्तेः प्रक्रिया दृश्यते तत्र-तत्र विश्वव्यापिनी गरीयसी मातृशक्तिर्विराजतेतमाम्। नारीं विना एकाकीपुरुषः स्वजीवनव्यापनाय समर्थो न भवति। प्रसिद्धमस्ति - **'विना नारीनिष्फला लोकयात्रा'**। महापुरुषाणां जीवननिर्माणे तेषां मातृणां महत्त्वपूर्णं स्थानं वर्तते। नेपोलियन्शिवाजिमहात्मागान्धीप्रभृतयः मातृणां सहयोगेनैव योग्यप्रतिभाशालिन आसन्। न केवलं इदानीन्तनकाले अपितु वैदिकयुगेऽपि नारी धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिकक्षेत्राणां नेतृत्वं वहति स्म। सभ्यतायाः विकासे सा प्रयत्नशीला आसीत्। महाभारते स्त्रीणां गौरवम् एवं निर्दिष्टम् -

**अर्धभार्या मनुष्यस्य भार्या श्रेष्ठतमा सखा।**
**भार्या मूलं त्रिवर्गस्य भार्या मूलं तरिष्यतः।।**

अर्थात् पत्नी पत्युः अर्धाङ्गिनी श्रेष्ठतमा सखी, धर्मार्थकामानां त्रिवर्गाणां पत्नी एव मूलम्। पत्न्या सहैव पत्युः शोभा भवति। पत्या सार्द्धं यदि पत्नी कस्मिन्नपि धार्मिककार्येषु भागं न गृह्णाति तर्हिन तत्कार्यपूर्णातामेति। पत्नीं विना कृताग्निहोत्रमपि असफलतामाप्नोति। राज्यकर्मणि राज्ञी अत्याज्या

सङ्गिनी आसीत्। रामायणे एतादृशं किमप्युदाहरणस्याभिः आसाद्यते। यथा – सीतायाः निर्वासनानन्तरमपि राम अश्वमेघयज्ञं प्रारब्धवान्। परं यज्ञमण्डपे सीतायाः स्वर्णप्रतिमायाः प्रतिष्ठानन्तरमेव यज्ञः सम्पन्नोऽभूत्। परमार्थिकलौकिककार्ययोः स्त्रीणां विशेषाधिकारः आसीत्। पुनः दायविचारे पत्युः अपेक्षया स्त्रियः अधिकभागः एव आसीत्। सन्तानानां मातृरूपेण तस्याः आसनं पत्युरपेक्षया अत्युच्चमासीत्। विद्वत्तापाण्डित्याभ्यां सा स्वपतिभ्रातृभ्यः न्यूना नासीत्। तथा च राजसभासु अपि स्त्रियः वादप्रतिवादे पुरुषान् पराजितवत्यः इति[4]। प्रकरणेऽस्मिन् गार्गीलीलावत्यादीनां महिमा अवर्णनीयः। सावित्री स्वपितृसकाशाद्यथा विद्यामगृहीत् तथैव सत्यवानपि स्वपितुः सकाशादधयगीषत्। नारीणां शिक्षाग्रहणे काऽपि बाधा तदा नासीत्। पुरुष–नारी समाजरथस्य द्वे चक्रे भवतः। प्रत्येकस्य अग्रगतिं विना समाजस्य अग्रगतिः न सम्भवति। यथा – एकेन चक्रेण रथस्य गतिर्न तथैव स्त्रीणां सहयोगेन विना समुन्नतिः न साधयितुं शक्यते। समाजस्य प्रगतये समृद्धये च स्त्रीशिक्षायाः आवश्यकता वर्तते। सर्वस्मिन् क्षेत्रे नार्य्यः पुरुषैः सह समकक्षाः भवन्ति। कला–साहित्य–विज्ञान–आविष्कार–न्यायालय–विद्यालय–मन्त्रालय–परिकल्पना– परिचालनादिक्षेत्रेषु नार्य्यः उच्चपदवीम् अलङ्कृत्य स्वं–स्वं दक्षतां प्रदर्शयन्ति। इतिहासस्य अरुणोदयकालात् भारतवर्षे स्त्रियः सुशिक्षिताः आसन्। वैदिकवाङ्मये स्त्रीशिक्षाविषये वर्णितं यत्[5] – **'समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः'।**

वस्तुतः वैदिकयुगे स्त्रीणां कृते पृथक्रूपेण शिक्षासंस्थायाः समुल्लेखो न प्राप्यते। मैत्रेयी–गार्गी–विश्ववारा–लोपामुद्रा–असूया इत्यादीनां नारीणां योग्यता प्रसिद्धास्ति।

मध्ययुगे अस्माकं देशस्य जीवनम्, प्रभुता, राजनीतिः इत्यादीनामधः पतनमासीत्। तस्मिन् समये नारीचरित्राणामपि पतनं कदाचित् जातम्। वैदेशिकाः विभिन्नां रीतिं भारतवर्षे प्राचालयन्। तस्मात् भारतीयस्त्रियः स्वकीयं कुदिनमपश्यन्। तत्काले स्त्रीणाम् अधः पतनं समजनि। नारीणां स्थितिः सुदृढा नाभवत्। अस्यां कुव्यवस्थायां ज्वलिताः सत्यः नार्यः पुनः प्राचीनज्वालां प्रति समाजग्मुः। अत एव अस्मिन् युगे बालिकानां प्रारम्भिकी शिक्षा गृहेषु एव भवति स्म। बालिकानां कृते पृथग्रूपेण 'मकतब' इति शिक्षाकेन्द्रं स्थापितम्। तत्र बालिकाः साऽऽवासं विद्याध्ययनं कुर्वन्ति स्म। रत्नावली–दुर्गावती–पद्मिनी–मीराबाई–झाँसीरानीसदृशानां चिरवन्दिता। मीराबाई स्वकीयकवितया विश्वप्रसिद्धा याता। लक्ष्मीबाई अपि स्वपौरुषेण शत्रून् चकितान् कृतवती।

वस्तुतः मुस्लिमशासकैः स्त्रीणामुपेक्षा कृता आसीत्। तथापि मरुभूमौ उद्यानसदृश्यः रजियासुल्तान् चान्दबीबीप्रभृतयः तदा समुद्भवन्। औरङ्गजेबस्य पुत्री जेबुनिसा सदृशी कवयित्री प्रादुरभूत्। एताः अतिरिच्य सरोजिनीनायडू तथा नैकाः भगिन्यः तदा जनिं लेभिरे।

अधुना नार्यः पुरुषैः साकं एकत्रीभूय कार्यं कुर्वन्ति। राष्ट्रस्य उच्चपदस्योपरि स्त्रियः प्रतिष्ठापिता। ताः तदुच्चपदं गृहीत्वा समुचितरूपेण राष्ट्रस्योन्नतिं कुर्वन्ति। अनेका सुशिक्षिताः स्त्रियः शिक्षिकारूपेण बालिकानामध्यापनं कुर्वत्यः जनतायां शिक्षाप्रदानेन ज्ञानस्य प्रकाशं प्रसारयन्ति। अबलायाः सबलीकरणे (स्त्रीशिक्षायाः समुन्नतये) भारतीयशिक्षाऽऽयोगेन प्रदत्ताः संस्तुतयः –

1. बालिकाविद्यालयानाङ्कृते सहायतानुदानप्रणाल्याम् उदारनीतिः पालनीया।

2. बालिकाविद्यालयानाङ्कृते सहायतानुदाननियमाः सरला एव भवेयुः।

3. स्त्रीशिक्षायाः प्रसाराय तासां शिक्षा निःशुल्का भवेत्।

4. यत्र स्थानीयाः जनाः संस्था वा विद्यालयान् सञ्चालयितुमशक्तः वर्तन्ते तत्र विद्यालयप्रबन्धं सर्वकारः स्वयमेव कुर्यात्।

5. बालिकानां पाठ्यक्रमो बालकेभ्यो भिन्न एव भवेत्। तत्र गृहे सम्पद्यमानानां प्रायोगिक-विषयाणां प्राचुर्येण समावेशो भवेत्।

अत एव वक्तुं शक्यते यत् गृहस्य, देशस्य, समाजस्य च समुन्नतये अर्थात् अबलायाः सबलीकरणे स्त्रीशिक्षायाः महती आवश्यकताऽस्ति। शिक्षायाः प्रभावेणैवास्मिन् समये स्त्रीणामाभूषणप्रियता, भीरुता, अन्धविश्वासता प्रायः लुप्तैव दृश्यते। ताः स्वकार्येषु संलग्नाः राष्ट्रकल्याणञ्च कुर्वन्ति। राष्ट्रस्य विभिन्नक्षेत्रे सर्वोच्चपदं गृहीत्वा समुचितरूपेण राष्ट्रस्योन्नतिं कुर्वन्ति। अतः नार्य्यः शिक्षिताः स्युः। नारीणां शिक्षाया हि कुलमुज्ज्वलं श्रीसमृद्धिश्च सम्पद्यते। राष्ट्रस्य समुन्नतये समृद्धये च स्त्रीशिक्षा नितरामावश्यकीति। तदुक्तं मनुना[7] –

**''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।''**

## सन्दर्भसूची


1. बृहदारण्यकोपनिषद् – 1/4/3
2. ऋग्वेदः – 8/33/17
3. अथर्ववेदः – 11/1/17
4. ईशोपनिषदः – 4/2/9
5. ऋग्वेदः – 8/33/19
6. ऋग्वेदः – 10/191/3
7. मनुस्मृतिः – 3/56

# प्राचीन संस्कृत-साहित्य में नारी का स्वरूप और सशक्तिकरण

## ( रामायण के आधार पर )

**मनीषा प्रवीन**

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यते सर्वास्तत्राफलाः क्रिया।।**[1]

यदि संस्कृत-साहित्य की बात की जाए तो सबसे पहले "रामायण और महाभारत" में दोनों ही ऐसे ग्रन्थ है, जिनका नाम सर्वप्रथम याद आता है। ये दोनों ही संस्कृत-साहित्य के आदि ग्रन्थ कहे जाते हैं। अतः सम्पूर्ण संस्कृत-साहित्य इन दोनों में निहित है। साहित्य समाज का अनुकरण करता है, यही कारण है कि साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। अर्थात् साहित्य समाज के चित्रण में सर्वथा समर्थ होता है। महर्षि व्यास ने अपने दीर्घ जीवन के अनुभव एवं प्रत्यक्ष दृष्ट घटनाओं के आधार पर तत्कालीन समाज का महाभारत में यथार्थ निरूपण किया है। इसी प्रकार वाल्मीकिय रामायण एवं तत्कालीन भारतीय संस्कृति एकरूप दिखाई देती है। भारतीय गार्हस्थ्य जीवन का जितना विस्तृत एवं मञ्जुल स्वरूप रामायण में निर्दिष्ट है, वह अन्मत्र दुलर्भ है।

रामायण में सीता का चरित्र एक सबल और पतिव्रतधर्मपरामण नारी के रूप में चित्रित किया गया है। यद्यपि रामायण काल में स्त्रियों की दशा अत्युन्नत रही तथापि उनकी भावनाओं पर यत्र-तत्र सामाजिक एवं मानसिक आघात द्रष्टव्य हैं।

इसके उदाहरण के रूप में सीता को लिया जा सकता हैं। वनवासावधि में सीताहरण तथा रावण द्वारा उन पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार एवं वनवासावधि के अपरान्त उन पर सामाजिक अपराध आदि घटनाएँ सीता को सहन करनी परी थी तथापि सीता ने इन सब समस्याओं का सामना दृढमनोबल के साथ किया। सीता एक पारिवारिक तथा सामाजिक अपवादों को सहती हुई सहनशील नारी के रूप में चित्रित हुई है। इस महाकाव्य में सीता के माध्यम से कवि ने आधुनिक नारियों को संदेश दिया है। इस महाकाव्य में सीता को कारुणिक दशा वाली होने के बावजूद भी कवि ने एक सबल और सशक्त नारी के रूप उद्घाटित किया है, क्योंकि सीता अपने आप को विभिन्न विसङ्गतियों, विपरीत परिस्थीतियों में भी कमजोर नहीं मानती वह समस्त विपरीत परिस्थीतियों का सामना करती है तथा विचलित नहीं होती है।

यह नारी सशक्त का सबसे उचित उदाहरण है। नारी सशक्तीकरण का सीता से उचित उदाहरण हो ही नहीं सकता। इस संसार में नारी स्वयं चाहे कितने भी कष्ट क्यों न सहें, परन्तु सबके

प्रति उसका हृदय सर्वदा दया करूणा से द्रवित रहता है। फिर चाहे कष्ट देने वाले उसके अपने प्रिय जन ही क्यों न हो। इस बात समर्थन में यह पद्य है –

**याम्महं विपिनमेकला गुरुं त्वं पुरेव परिरक्ष सर्वतः।**

**त्यक्तधारमपि वारि शैत्यतो विप्रकर्षहि नैव लिप्सते।।**[2]

प्रस्तुत पद्य में स्पष्ट है कि नारी को व्यक्ति कितनी भी पीडा दें, परन्तु वह अपना उदाहरण रूपी गुण नहीं छोडती। यहाँ एक ऐसी नारी (सीता) का वर्णन है, जो स्वयं असहनीय सुख-सुविधाओं से सम्पन्न राजमहल संवेदना है इस पद्य में कि वह स्वयं शारीरिक, मानसिक कष्ट नहीं देना चाहती।

स्मृतिकाल में स्त्रियों से उपनयन का अधिकार छिन जाना एक अत्यन्त निन्दनीय कार्य था, जिसके कारण स्त्रियों की नियमित शिक्षा व्यवस्था में भारी रूकावट आ गयी। उनके विवाहादि संस्कार को ही उपनयनादि संस्कार माना जाने लगा –

**वैवाहिको विधि स्त्रीणां संस्कारो वौदिकः स्मृतः।**

**पति सेवा गुरौ वासो गृहाथोऽग्निपरिक्रिमा।।**[3]

इस प्रकार स्त्रियों का वेदों का अध्ययन, स्वतन्त्र रूप से यज्ञ करने का अधिकार, यज्ञों में मन्त्रोच्चारण का अधिकार ही समाप्त नहीं हो गया, अपितु सामान्य रूप से ज्ञानदीप के सहसा बुझ जाने से भारतीय समाज में स्त्रियों का जीवन घोर अन्धकारमय हो गया। इसी प्रकार प्राचीन काल में पुत्र की अपेक्षा पुत्री या नारी अन्य सदस्यों की स्थिति के समक्ष सम्पत्ति के अधिकार को लेकर अत्यन्त कमजोर एवं सीमित थी। विधवाओं का जीवन कठोरता एवं निर्मम सादगी से भरा था, उन्हें व्यवहारतः सम्पत्ति का अधिकार नहीं था। वैदिक काल में विधवाओं का सम्पत्ति पर कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं था। आश्वालय धर्मसूत्र में कहा गया है-

**पुत्राभावे यः प्रत्यासन्नः सपिण्ड तदभावे आचार्य।**

**आचार्यभावेऽन्तेवासी हृत्वा धर्मकृत्येषु योजयेत्। दुहिता वा।।**[4]

रामायण कालीन समाज में स्त्रियों की स्थिति अत्यन्त उदात्त थी, स्त्रियों को पढ़ने-लिखने, अपना मत व्यक्त करने, युद्धभूमि में रणकौशल दिखलाने तथा स्वयमेव अपना पतिवरण करने का अधिकार था, फिर भी प्रायः तत्कालीन समाज पति-प्रधान ही था। यद्यपि स्त्रियाँ गृहस्वामिनी एवं लक्ष्मी कही जाती थी, तथापि स्त्री के लिए पति की आज्ञा एवं पतिसेवा वैदिक आदेश की समान था। इसके बाद भी स्त्रियों की स्वतन्त्रता तथा उनके अधिकारों का पर्याप्त ध्यान रखा जाता था।

यदि सीता के चरित्र को द्रौपदी के समक्ष रखा जाये तो यह अन्तर स्वतः सुस्पष्ट हो जाता है। काम्यकवन में जयद्रथ के द्वारा द्रौपदी का अपहरण किया जाता है और पाण्डवों के द्वारा बिना

किसी आपत्ति के द्रौपदी का पुनर्ग्रहण की कर लिया जाता है, जबकि रामायणकालीन समाज में शुद्धता की की कसौटी 'अग्निपरीक्षा' की व्यवस्था थी।

जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नारी सशक्तीकरण के उनके उदाहरण मिलते हैं-

1. विद्या के क्षेत्र में-ऋग्वेद के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि वैदिककाल में स्त्रियाँ उच्चशिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वतन्त्र थीं। ऋग्वेद में ऐसे अनेक सूक्त मिलते हैं, जिनमें नारी का साक्षात्कार मिलता है। वैदिककाल में मैत्रेयी, महाभारत काल में सुलभा और रामायण काल में आत्रेयी ने अध्यात्मज्ञान प्राप्त किया। राजा जनक की सभा में गार्गी ने विद्वानों के सम्मुख दार्शनिक ज्ञान को प्रकट किया। इसके अतिरिक्त संघमित्रा को कौन नही जानता, जो बौद्ध ध र्म की ज्ञात्री थी। अतः विद्या के क्षेत्र में 'नारी का सशक्तीकरण स्वतः स्पष्ट है।
2. राजनीति के क्षेत्र में-भारतदेश में नारी जीवन की कठिन परिस्थितियों में अलौकिसाहस और शौर्य का परिचय देती है। इसी प्रकार आवश्यकता पड़ने पर नारियों ने प्राचीनकाल में राजनीतिक कार्य भी किये हैं। कर्णावती, जवाहरबाई, दुर्गाबाई आदि नारियों के उदाहरण इतिहास में मिलते हैं। मराठाराज्य में राजनीतिक क्षेत्र में ताराबाई, अनुबाई, अहिल्याबाई और लक्ष्मीबाई आदि स्त्रियों ने अपनी बुद्धिमत्ता, कुशलता, राजनीतिज्ञता और वीरता का परिचय दिया।
3. नारी का त्यागभावना-नारी की त्यागभावना भी उसके सशक्तिकरण का ही रूप है। रामायण हो या महाभारत इनमें अनेक नारियों द्वारा किये गये उनके त्याग ऐसे हैं जो नारी सशक्तीकरण का उत्तम उदाहरण है।
4. नारी पथप्रदर्शिका के रूप में-नारी का एक रूप पथप्रदर्शिका के रूप में भी है। महाभारत में कहा गया है कि **"नास्ति मातृसमो गुरुः"**[5], क्योंकि माता के रूप में स्त्री ही पुरुष की प्रथम गुरु होती है। अतः एक बालक के जन्म से लेकर मृत्यु तक स्त्री ही किसी न किसी रूप में उसका पथप्रदर्शन करती है।

अतः जीवन के ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जिनमें नारी सशक्तीकरण के अनेक रूपों में उदाहरण प्राप्त होते हैं। प्राचीन काल से लेकर आज तक नारियों पर अनेक अत्याचार किये जाते रहे हैं, किन्तु उन अत्याचारों को सहती हुई भी नारी ने अपने सशक्तीकरण को नहीं त्यागा और न ही कभी त्यागेगी। भले प्राचीन काल से लेकर आज तक का समाज पुरुष प्रधान रहा हो, फिर भी नारी के अभाव में इस समाज का और पुरुष का कोई अस्तित्व न कभी रहा है और न कभी रहेगा।

**संदर्भ-**

1 मनुस्मृति-3/56
2 उत्तरसीताचरितम्-3/34
3 मनुस्मृति-2/67
4 मनुस्मृति-5/157
5 महाभारत-12/342/18

# 'पउमचरियं' में अंकित नारी-चेतना

**डॉ. कल्पना जैन**

प्राकृत साहित्य के ग्रन्थों में समाज के विभिन्न वर्गों और विषयों का वर्णन करते समय नारी की विभिन्न स्थितियों व अवस्थाओं का अंकन हुआ है। आयामों की विविधताओं के कारण प्राकृत साहित्य के आकाश में अनेक नारी पात्र ऐसे हैं जो अपने विशिष्ट गुणों के कारण चमकीले नक्षत्रों की भांति जगमगाते हैं। सदाचरण, शील-पालन, साहस, त्याग, कला-कौशल, वात्सल्य एवं उत्कट प्रेम-भावना आदि जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा में प्राकृत साहित्य में नारी पात्रों ने विश्व के कथा प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में भी इन नारियों के चरित्र आज भी पथ प्रदर्शक हैं, प्रेरणास्पद हैं। प्राकृत साहित्य में नारी के विविध रूपों का जीवन्त चित्रण है। 'समराइच्चकहा' 'कुवलयमालाकहा', 'णायारंभकहा', पउमचरियं, गाथासप्तशती, धूर्ताख्यान आदि ग्रन्थों का विशेष अध्ययन करने वाले विद्वानों ने नारी के कन्या, प्रेमिका, भार्या, माता, बहिन, दासी, साध्वी आदि कई रूपों में समाज में उनकी क्या स्थिति थी, इस पर प्रासंगिक रूप से प्रकाश डाला है। इस युग के प्राकृत साहित्य में अंकित कन्या, भार्या और माता को केन्द्र में रखकर ही तत्कालीन समाज में उनकी प्रतिष्ठा आदि को रेखांकित किया गया है।

नारी प्रकृति, की अनुपम कृति है। सृष्टि के विकास क्रम में उसका अतिमहत्वपूर्ण स्थान है। उसने सौन्दर्य, वात्सल्य, ममता, स्नेह, संवेदना, क्षमा, त्याग और समर्पण की सजीव, मूर्ति के रूप में अपना सर्वोत्कृष्ट स्थान युगों से अक्षुण्ण रखा है। इन्हीं गुणों के कारण नारी का वजूद विभिन्न परिस्थितियों, विभिन्न कालों के प्रभाव-परिवर्तन के बावजूद भी स्थायी रहा। भारतीय समाज में नारी का श्रेष्ठतम स्थान होते हुए भी उसे अनेकों कड़े संघर्षो से गुजरना पड़ा है। लेकिन फिर भी नारियों ने इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया और जीवन को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर उसका सामना किया।

यहाँ पर मैं आचार्य विमलसूरि द्वारा रचित 'पउमचरिय' को अपने अध्ययन का मुख्य विषय बना रही हूँ। जैनाचार्य विमलसूरि कृत पउमचरिय साहित्यिक सौन्दर्य, धर्मप्रचार, दार्शनिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक परिचय आदि सभी दृष्टियों में महनीय ग्रंथ है। नारी पात्रों के चित्रण में भी पउमचरिय में नारी-अन्विति को प्रभावकारी संकेतात्मक आवेष्टन प्रदानकर, जीवन सृष्टि और देशपरिवेश के अनुसार प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है। पउमचरियं में 150 से अधिक नारी

पात्रों का उल्लेख है। रामपक्ष और रावणपक्ष दोनो की नारियों का चरित्र वेगवती धारा की भाँति अजस्र गति से तादात्म्य स्थापित करता है। आचार्य विमलसूरि ने अपने काव्य में सीता, मन्दोदरी, कौशल्या, कैकेयी तथा अंजना आदि प्रमुख नारी पात्रों, का उत्कृष्ट चित्रण किया है जो अपने आप में बेजोड़ है।

इन्हीं नारी पात्रों की चेतना शक्ति मेरे आलेख का विषय है। यहाँ सर्वप्रथम सीता के चरित्र पर विचार करते हैं। राम अपनी पत्नी सीता को लेकर अयोध्या आते हैं और कुछ समय उपरान्त लोकोपवाद के कारण मंदिर दर्शन के बहाने से गर्भवती सीता को निर्जन वन में छुड़वा देते हैं तब सीता सारथि के द्वारा ये वचन राम से कहती है कि –'हे स्वामी दुर्जनो के वचन से जिस प्रकार आपने मेरा त्याग किया उसी तरह धर्म मत छोड़ देना।[1] मानसिक संताप से संतप्त निर्वासित पत्नी इस समय धर्म का उपदेश पति को दे रही है। यहाँ सीता नैतिक विरोध प्रस्तुत कर अपने आत्म सम्मान की रक्षा कर रही है।

राम की आज्ञा से जब सीता को अयोध्या वापस लाया जाता है तो वह सोचती है कि राम उसके आंसू पोछेंगे, कुशलता पूछेंगे अपने कृत्य पर पश्चाताप करेंगे, किन्तु इसके विपरीत वे व्यंग्योक्ति करते हैं तब वह मर्माहत हो जाती हैं पर उनका स्वाभिमान उन्हे यह अपमान सहने नहीं देता। वह उसी भाषा में उत्तर देती है– हे राम! तुम्हारे समान निष्ठुर कोई दूसरा नहीं है। जिस प्रकार एक साधारण मनुष्य उत्तम विद्या का तिरस्कार करता है, उसी प्रकार तुम मेरा तिरस्कार कर रहे हो। हे वक्रहृदय! दोहला के बहाने वन में ले जाकर मुझ गर्भिणी को छोड़ना क्या उचित था? यदि मैं वहाँ कुमरण को प्राप्त होती तो इससे क्या प्रयोजन सिद्ध होता। केवल मेरी दुर्गति होती।[2]

इस कथन से यही ज्ञात होता है कि पउमचरिय की सीता युगों–युगों से मानव द्वारा प्रताड़ित होने वाली महिलाओं की प्रतिनिधि बनकर पुरुष के समक्ष उपस्थित हो गयी है और नारियों के प्रति होने वाले अन्याय, अत्याचारों का विरोध करते हुए कह रही हैं कि वह पुरुष द्वारा प्रदत्त यातनाओं को अधिक समय तक सहने में असमर्थ है।

धधकते अग्नि कुण्ड में सीता ने सहज प्रवेश कर नारी चेतना को झंकृत किया और बताया कि सरल नहीं है नारी पर आरोप–प्रत्यारोप करना। आज भी हम देखते हैं कि पति–पत्नी के बीच शक की सुई गृहस्थ जीवन को धो डालती है। दोनों एक दूसरे के लिए अजनबी हो जाते हैं अथवा हिंसात्मक रुख अपना लेते हैं पर सीता कहती हैं कि सत्यता को प्रमाणित सिद्ध करो और विरक्त हो जाओ। स्त्री की रक्षा एक शंकालु पुरुष कैसे कर सकता है। उसे पति कहलाने का कोई नैतिक आधार ही नहीं है। यदि अवमानना, उपेक्षा, अपवाद का पलड़ा भारी रहे तो एक ही रास्ता है नैतिक विरोध का –सीता राम से यही कहती हैं कि मैंने तुम्हारे प्रसाद से देवों के समान भोग भोगे इसलिए इसकी इच्छा नहीं, अब तो वह काम करूँगी जिससे फिर स्त्री न होना पड़े।

**तुज्झ पसाएण पहू, भुत्ता भोया सरोवया विविहा।**
**संपइ करेमि कम्म तं, जेण न होमि पुण महिला।।**[3]

इस प्रकार आत्मसंघर्ष की स्थिति से ऊपर उठकर अपने वर्चस्व को स्थापित करने के स्वाभिमान का शुभारम्भ कर सीता प्रथम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत हुई।

प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सीता ने युगल पुत्रों को जन्म देकर मातृत्व को गौरवान्वित ही किया। न सिर्फ जन्म ही दिया अपितु संतान को कुल में सम्मिलित कर उसका उत्तराधिकार दिलाकर सर्वोच्च बलिदान के लिए स्वयं को प्रस्तुत करने वाली नारी अन्ततः राम को त्यागकर जीवन की नवश्वरता और अविश्वसनीयता का सच्चा चेहरा दिखा देती है। सीता नारी वर्ग की समस्त निर्बलता को नष्ट करने वाला एक दायित्व बोध भी है और साहसिक निर्णय क्षमता बोध भी। जड़ता को विच्छिन्न कर जब नारी आन्तरिक पथ निर्धारित कर लेती है तो अजेय हो जाती है।

'पउमचरिय' में नारी चेतना को झंझोड़ने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण पात्र सती अंजना का भी है। विवाह की प्रथम रात्रि को ही अकारण पति द्वारा तिरस्कृत परित्यक्त पति मिलने पर भी दुराचारिणी घोषित, गर्भ का भार लिए श्वसुर गृह और पितृगृह से निष्काषित, घने वन में भयानक सन्नाटों में अंजना के अन्दर कौन-सी सुख की अभिलाषा थी। ऐसे पति की जिसने 22 वर्षों तक उसे विरह रूप अग्नि में जलाया, ऐसे ससुराल की जहाँ से उसे बिना किसी कारण निकाल दिया गया अथवा ऐसे मायके की जहाँ उसे लोकापवाद के डर से जगह नहीं दी गई। फिर क्यों अंजना ने उस अभिशप्त जीवन को ढोया। सिर्फ अपनी कर्त्तव्यपरायता, मातृत्व तथा अपने आप को सही साबित करने की अदम्य इच्छाशक्ति ने ही उसे धैर्य पूर्वक विपत्ति सहन करने की प्रेरणा दी। यह सहन करने की शक्ति एक नारी में ही संभव है जो अपने जीवन को सार्थक बना कर अन्य को भी सन्मार्ग पर लगा दे और इस जगत को ऐसा पुत्ररत्न प्रदान करे जो राक्षसत्व को मिटाकर रामत्व को स्थापित करे।

इसी क्रम में रामपक्ष की सशक्त नारी पात्र कैकेयी हैं। यदि निष्पक्षता से देखा जाए तो वह पति-परायणा थी, मातृत्व की निधि थी। वह देशकाल की सही पहचान करने वाली सहृदया कला मर्मज्ञता युद्धकला में निपुण थी।[4] प्राचीनकाल में युद्ध आमने-सामने लड़े जाते थे। ऐसे रणस्थल में रथ चक्र की नेमि निकल जाने पर अपनी अंगुली रथ में डालकर चलाए रखना अपूर्व साहस की अपेक्षा रखता है। कैकेयी एक प्रगतिशील आधुनिक महिला थी जो समय के साथ चलती थी। रचनाकार ने भी उनकी भरपूर प्रशंसा की है। युद्धस्थल हो, अथवा वनस्थल हो सुदूर द्रोणमेथ की राजरानी कैकेयी अपने मानसिक और आत्मिक बल के आधार पर प्रत्येक स्थल पर एकाकी होते हुए भी पूर दमखम से खड़े रहने का सामर्थ्य रखती है। आज की नारी को समाज के भूखे भेड़ियों से बचने के लिए यही दमखम चाहिए।

इसी क्रम में विशल्या भी नारी संचेतना की संवाहिका है।[5] जिसके शरीर से संस्पर्शित जलधारा ही औषधि बन गई। विशल्या संदेश देती है कि महिलाओं की चारित्रिक आध्यात्मिक प्रगति उसके नारीत्व को ऊँचा उठा देती हैं।

राम पक्ष की ही नहीं रावण पक्ष के नारी पात्र भी 'पउमचरियं' में वैचारिक बोध से समन्वित है। आचार्य विमलसूरि ने रावण की पटरानी मन्दोदरी की भी भव्यता सिद्ध की है।

वह पति का हित भी चाहती है और शान्त मष्तिष्क की विचारवती स्त्री है। चन्द्र नखा के खर–दूषण द्वारा हरण किये जाने पर रावण खड्ग लेकर लड़ने जाना चाहता है, किन्तु मन्दोदरी उसे समझाती है– हे नाथ ! कन्या निश्चित ही पराया धन होती है, उसे पिता का घर त्यागना ही पड़ता है। खरदूषण जो आपकी बहिन को ले गया है वह योग्य और पारंगत है यदि युद्ध में मारा गया तो आपकी बहिन ही विधवा हो जाएगी।[6]

मन्दोदरी पति की परामर्शदात्री और शुभकांक्षिणी है। रावण की कूटनीति को जानने वाली और भविष्य में उसके दुष्परिणामों को दृष्टि में रखने वाली लंका की अकेली महिला है। वह पतिव्रता होने के बाद भी पति की अनैतिकता को भरपूर फटकारती है और उसे सीधे राह पर लाने का प्रयास भी करती है।[7] पति को सुपथ पर लाना ही नारी चेतना है न कि उसे अनैतिक कार्य में सहयोग देना।

इन प्रमुख नारी पात्रों के अतिरिक्त भी 'पउमचरिय' के नारी पात्र भले ही जीवन के प्रारंभ में कहीं भटके हों पर अन्त में अपने कुकृत्यों की आलोचना करते हैं और जीवन विशुद्ध कर प्रभु के चरणों में लगा देते हैं।

**उपसंहार**– निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि 'पउमचरिय' के नारी पात्रों का रेखांकन सुख एवं दुःख दोनों में प्रेरणा देता है इनके माध्यम से हम एक पूरी सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत से जुड़ते हैं जो तमाम विषमताओं में सुख एवं शान्ति नष्ट होने से बचा लेती है। इन महिलाओं के जीवन चरित्र में हमें आज भी नारी से जुड़े समस्त प्रश्नों के उत्तर और सामाजिक विसंगतियों का सर्व सम्मत प्रतिकार दृष्टिगोचर होता है। जब भी जीवन में समस्याएँ आएं और कोई भी राह न सूझे तो सत्यनिष्ठता, एकाग्रता, पवित्रता से इन सात्विक नारियों का स्मरण हमें राह दिखा देगा। आज की प्रत्येक नारी के अंदर इनका निवास है, सिर्फ उसे विकसित करने की आवश्यकता है, अंत में यही कहकर विराम चाहूँगी–

**जीतने के पहले हम क्यों हार माने।**
**जग अभी जीता नहीं, हम अभी हारे नहीं।।**

**सन्दर्भ ग्रन्थ**–

1. पउमचरियं भाग–1 आ. विमलसूरि, प्राकृत टैक्स्ट सोसायटी, अहमदाबाद–1962 ई0
2. पउमचरियं भाग–2 आ. विमलसूरि, प्राकृत टैक्स्ट सोसायटी, अहमदाबाद–1962 ई0
3. ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ पउमचरियं, के.आर.चन्द्रा, प्राकृत जैन विद्या एवं अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली–1970 ई0

4. पद्मचरित में प्रतिपादित भारतीय संस्कृति, डॉ. रमेशचन्द्र जैन, श्री भारतवर्षीय दि. जैन महासभा प्रकाशन–1983 ई0

5. पउमचरियं का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ. सुरेन्द्र कुमार जैन, सुजानगढ़ (राज.)

6. पद्मपुराण परिशीलन, आचार्य ज्ञानसागर वागर्थ विमर्श केन्द्र वयावर (राज.)

**संदर्भ–**

1 पउमचरियं, 66/6

2 पउमचरियं, 101–13, 32, 33, 34

3 पउमचरियं, 102–43

4 पउमचरियं, 24–23

5 पउमचरियं, 64/45–46

6 पउमचरियं, 9/31

7 पउमचरियं, 70–43, 70–41

# किरातार्जुनीय-महाकाव्य में नारी का स्वरूप

**विपिन शर्मा**
शोध-छात्र (शिक्षाशास्त्र विभाग)
श्री ला.ब.शा.रा.संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

छठी शताब्दी के संस्कृत रचनाकार महाकवि भारवि ने बृहत्त्रयी काव्यों में अन्यतम 'किरातार्जुनीय-महाकाव्य' में नारी का चित्रण अत्यन्त सशक्त रूप में व्यक्त किया है। इनकी रचना में अर्थगौरव पूर्णरूप से पाया जाता है जैसा कि प्रसिद्ध है- भारवेरर्थगौरवम्। इन्होंने अपने पात्रों के मुख से भी अर्थगौरव की प्रशंसा की है। किरातार्जुनीय महाकाव्य का कथानक महाभारत की कथा पर आधारित है। इस महाकाव्य में नारी पात्र के रूप में मुख्य रूप से द्रौपदी का वर्णन आया है।

वीरांगना द्रौपदी का परिचय प्रथम सर्ग में युधिष्ठिर के साथ एवं तृतीय सर्ग के अंत में अर्जुन के साथ संवाद के रूप में आया है। वनेचर द्वारा वर्णित समस्त समाचार को जब युधिष्ठिर द्रौपदी के समक्ष अपने भाइयों से कहते हैं, तब द्रौपदी शत्रुओं की सफलताओं को सुनकर तथा उनसे होने वाले अपकारों को स्मरण करके युधिष्ठिर के क्रोध एवं उद्योग को उत्तेजित करने हेतु तथा नीति-मार्ग का दर्शन कराते हुए इस प्रकार कहती है[1]-

**भवादृशेषु प्रमदाजनोदितं भवत्यधिक्षेप इवानुशासनम्।**
**तथापि वक्तुं व्यवसाययन्ति मां निरस्तनारीसमया दुराधयः।।**[2]

अर्थात् यद्यपि आप के समान नीतिनिष्णात विद्वान् को स्त्रीजन से कहा प्रबोधवचन अपमानजनक होता है तथापि स्त्रीजनोचित शालीनता को नष्ट कर देने वाली मनोव्यथाएँ मुझे कहने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

द्रौपदी के इन वचनों से यह बात सिद्ध होती है कि उस समय के पुरूष स्त्रियों के वचनों को सुनना पसंद नहीं करते थे परन्तु द्रौपदी बुद्धीमती एवं साहसी थी जो अपनी बात को व्यक्त करना अपना कर्तव्य तथा अधिकार समझती रखती थी। दौपदी युधिष्ठिर को अभिप्ररित करते हुए ज्ञान युक्त वचनों को इस प्रकार कहती है-

**व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं भविन्ति मायाविषु ये न मायिनः।**
**प्रविश्य हि घ्नन्ति शठास्तथाविधानसंवृताङ्गान्निशिता इवेषवः।।**[3]

अर्थात् जो मूढबुद्धि, कपटि के विषय में कपट नहीं करते वे पराजय को प्राप्त करते हैं क्योंकि दुष्ट उस निष्कपट व्यक्ति के निकट जा कर इस प्रकार मार देता है जैसे कवचरहित शरीर वाले को पैना बाण शीघ्रतया ही नष्ट कर देता है। प्रस्तुत श्लोक से द्रौपदी के बुद्धिमती होने का तथा नीति शास्त्र में पारांगत होने का बोध होता है। द्रौपदी क्रोध तथा दान के विषय में और कहती है कि-

**अवन्धयकोपस्य विहन्तुरापदां भवन्ति वश्याः स्वयमेव देहिनः।**
**अवर्षशून्येन जनस्य जन्तुना, न जानहार्देन न विद्विषादरः॥**[4]

अर्थात् जो पुरूष विनाशकारी अमोघ क्रोध वाला तथा दान द्वारा इष्टजन के आपत्ति को मिटाने वाला होता है ऐसे पुरूष से शत्रु एवं मित्र दोनो ही वश में होते हैं, और जो क्रोधरहित है वह शत्रु हो तो उससे कोई डरता नहीं है एवं कुछ न देने वाले मित्र का कोई आदर नहीं करता है।

इस प्रकार द्रौपदी के कथनों से उनके व्यक्तित्व का पता चलता है कि वह सहृदय, बुद्धिमती एवं सशक्त नारी है, द्रौपदी में कथनात्मक एवं वर्णनात्मक योग्यता भी है। द्रौपदी के व्यक्तित्व का सोद्दहरण वर्णन इस प्रकार है-

द्रौपदी की **'बुद्धिमत्ता'** एवं **'वर्णनात्मक योग्यता'** का परिचय हमें निम्न श्लोकों से ज्ञात होता है-

1 ) **अखण्डमाखण्डतुल्यधामभिश्चिरं धृता भूपतिभिः स्वसंशजैः।**
**त्वयात्महस्तेन मही मदच्युता मतङ्गजेन स्त्रगिवापवर्जिता॥**[5]

इन्द्र तुल्य पराक्रम वाले अपने वंशज राजाओं से लगाातार धारण की गई मही को आपने अपने हाथों से इस प्रकार फैंक दिया जैसे उन्मत्त हाथी माला को फैंक देता है।

2 ) **वनान्तशय्याकठिनीकृती कचाचितौ विष्वगिवागजौ गजौ।**
**कथं त्वमेतौ धृतिसंयमौ यमौ विलोकयन्नत्सहसे न बाधितुम्॥**[6]

द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि वनभूमि रूप शय्या पर सोने से कठोर कर दी गयी है आकृति जिनकी और जो सर्वाङ्ग में केशों से व्याप्त है, अतः जङ्गली हाथी के समान दिखाई दे रहे हैं। ऐसे इन दो यमज भाई नकुल और सहदेव को देखते हुए तुम अपने धैर्य एवं सन्तोष को त्यागने का उत्साह क्यों नहीं करते हो।

3 ) **पुरोपनीतं नृप रापणीयकं द्विजातिशेषेण यदेतदन्धसा।**
**तयद्य ते वन्यफलाशिनः परं परैति कार्श्यं यशसा समं वपुः॥**[7]

हे राजन्! आपका जो यह शरीर राज्यकाल में ब्राह्मणों के भोजन से बचे अन्न से सुन्दरता को प्रप्त हुआ था, जंगली फलों को खाने वाला तुम्हारा वही शरीर आज अत्यन्त कृश हो रहा है।

4 ) **अनारतं यौ मणिपीठशायिनावरञ्जयद्राजशिरःस्त्रजां रजः।**
**निषीदतस्तौ चरणौ वनेषु ते मृगद्विजालूनशिखेषु बर्हिषाम्।।**[8]

द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि निरन्तर मणि के पीठ पर रहने वाले जिन आपके चरणों को राजाओं के मस्तक की मालाओं का परागरञ्जित करता था वे ही आपके चरण आज मृगों एवं ब्राह्मणों से काट ली गयी शिखा वाले कुशों के जङ्गलों में चलते है।

5 ) **विधिसमयनियोगाद्दीप्तिसंहारनिह्मं शिथिलवसुमगाधे मग्नमापत्पयसेधौ।**
**रिपुतिमिरमुदस्योदीयमानं दिनादौ दिनकृतमिव लक्ष्मीस्त्वां समभ्येतु भूयः।।**[9]

द्रौपदी प्रथम सर्ग के अंतिम श्लोक में उपसंहार के रूप में आर्शिवादात्मक श्लोक युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि दैव और काल की अनवार्यता के कारण अगाध समुद्र सदृश आपत्ति में मग्न, कान्ति के क्षीण हो जाने से अप्रसन्न घनहीन अन्धकार के सदृश शत्रुओं को नष्ट करके उदय को प्राप्त करते हुए आपको लक्ष्मी पुनः प्राप्त करे; उसी प्रकार जैसे मय के अनिवार्य नियम के अनुसार सागर रूप आपत्ति में मग्न होते हुए सूर्य को पुनः शोभा प्राप्त कर लेती है।

6 ) **आक्षिप्यमाणं रिपुभिः प्रमादान्नागैरिवालूनसटं मृगेन्द्रम्।**
**त्वां धूरियं योग्यतयाधिरूढा दीप्त्या दिनश्रीरिव तिग्मरश्मिम्।।**[10]

द्रौपदी अर्जुन की उपमा सूर्य से करते हुए कहती है कि प्रज्ञाहीनता से प्रमादवश, शत्रुओं द्वारा अपमानित होते हुए तुम्हारे ऊपर ही सिंह के समान यह भार अवलम्बित है, जैसे प्रकाश होने के कारण दिन की शोभा सूर्य पर अवलम्बित रहती है।

द्रौपदी की **'मनोवैज्ञानिक बुद्धि'** एवं **'नितिशास्त्र ज्ञान'** का परिचय हमें निम्न श्लोकों से ज्ञात होता है–

1 ) **इमामहं वेद न तावकीं धियं विचित्ररूपाः खलु चित्त्वृत्त्यः।**
**विचन्तचन्त्या भवदापदं परां रूजन्ति चेतः प्रसभं ममाधयः।।**[11]

द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि वर्तमान की आपकी बुद्धि को मैं नहीं जानती हूँ क्योकि चित्त्वृत्तियां प्रति–व्यक्ति भिन्न–भिन्न होती है। अतिमहती आपकी आपत्ति को देखती हुई मनोव्यथाएं मेरे चित्त को, हठात् पीडित कर रही हैं।

2 ) **न समयपरिरक्षणं क्षमं ते निकृतिपरेषु परेषु भरिधाम्नः।**
**अरिषु हि विजयार्थिनः क्षितीशा विदधति सोपधि सन्धिदूषणानि।।**[12]

जब शत्रु निरन्तर अपकार में तत्पर है तब आपका वनवास काल के समाप्त होने की प्रतीक्षा करना समुचित नहीं है क्योंकि शत्रुओं पर विजय चाहने वाले राजा सन्धि को छल से दूषित कर देते हैं न कि सन्धि करना चाहते हैं।

**3 )    करोति योऽशेषजनातिरिक्तां सम्भावनामर्थवतीं क्रियाभिः।**

**संसत्सु जाते पुरूषाधिकारे न पूरणी तं समुपैति संख्या॥[13]**

द्रौपदी अर्जुन को प्रेरित करते हुए कहती है कि जो पुरूष साधारण व्यक्तियों से भी अधिक कार्य को सफल बनाता है, उस पुरूष को योग्य व्यक्तियों में सर्वदा प्रथम स्थान पर ही रखा जाता है।

द्रौपदी के '**वीरांगना एवं साहसी**' होने का परिचय हमें निम्न श्लोकों से ज्ञात होता है–

**1 )    विजित्य यः प्राज्यमयच्छदुत्तरान्कुरूनकुप्यं वसु वोसवापमः।**

**स वल्कवासांसि तवाधुनाहरन्करोति मन्युं न कथं धनञ्जयः॥[14]**

युधिष्ठिर के क्रौध को बढाने एवं  युद्ध हुतु प्ररित करते हुए द्रैपदी इस प्रकार के वचन कहती है– इन्द्र के समान पराक्रमी जिस अर्जुन ने उत्तरकुरु को जीतकर आप को सोना, रत्नादि अत्यधिक धन दिया था वे ही आज आपको वृक्षों की छाल पहनने को देते हैं इस अवस्था को प्रप्त वे अर्जुन शत्रुओं के प्रति आपके क्रोध को क्यों नहीं बढाते हैं अर्थात् अर्जुन की यह दशा देखकर आपको अत्याधिक क्रौध अवश्य आना चाहिए एवं शत्रुओं से युद्ध करना चाहिए।

**2 )    विहाय शान्ति नृप धाम तत्पुनः प्रसीद सन्धेहि वधाय विद्विषाम्।**

**व्रतन्ति शत्रूनवधूय निःस्पृहाः शमेन सिद्धिं मुनयो न भूभृतः॥[15]**

द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि हे राजन् ! शान्ति को त्याग कर उस जगत् प्रसिद्ध तेज को शत्रुओं के विनाश के लिये पुनः धारण करें, विरक्त मुनिजन कामादि अन्तःशत्रुओं को जीत कर शान्ति से सिद्धि को प्राप्त कर लेते हैं राजा लोग नहीं, वे तो पराक्रम से ही सिद्धि को प्राप्त करते हैं।

द्रौपदी की '**सहृदयता**' का परिचय हमें निम्न श्लोकों से ज्ञात होता है–

**1 )    परिभ्रमंल्लोहितचन्दनोचितः पदातिरर्न्गिरि रेणुरूषितः।**

**महारथः सत्यधनय मानसं दुनोति नो कच्चिदयं वृकोदरः॥[16]**

राज्यकाल में सदा रक्तचन्दन लगाने के अभ्यासी तथा महान् रथ पर ही सदैव चलने वाले भीम, सप्प्रति धूल वाले जंगलों में पैदल घूम रहें हैं, यह देखाकर 'केवल सत्य को ही धन समझने वाला' आपका मन दुःखित नहीं होता है क्या?

**2 ) द्विषन्निमित्ता यदियं दशा ततः समुलमुन्मूलयतीव मे मनः।[17]**

द्रौपदी युधिष्ठिर के प्रति कहती है कि क्योंकि आपकी यह दुरवस्था शत्रुकृत है इसलिये मेरे मन को मानों जड से उखाड रही है अर्थात् मन को अत्यन्त बेचैत कर रही है।

**3 ) मग्नां द्विषच्छद्मनि पङ्कभूते सम्भावनां भूतिमिवोद्धरिष्यन्।**
**आधिद्विषामा तपसां प्रसिद्धेरस्मद्विना मा भृशमुन्मनीभूः।।**[18]

तपस्या हेतु जाते हुए अर्जुन के प्रति द्रौपदी कहती है कि पङ्क के समान शत्रुओं के कपट में डूबी अपनी योग्यता को, सम्पत्ति के समान उद्धार करने के लिये प्रस्तुत तुम, मनोव्यथा को दूर करने वाली तपस्या की सिद्धि होने तक हम लोगों के बिना उदास न होना।

**4 ) मा गाश्चिरायैकचरः प्रमादं वसन्नसम्बाधशिवेऽपि देशे।**
**मात्सर्यरागोवहतात्मनां हि स्खलन्ति साधुष्वपि मानसानि।।**[19]

दौपदि अर्जुन के मंगल की कामना करते हुए कहती है कि निर्जन एवं निर्बाध देश में चिरकाल तक अकेले रहते हुए भी आप दुर्बलता को न प्राप्त करें, क्योंकि द्वेष एवं राग से दूषित चित्त वालों के मन सज्जनों में भी विकृत हो जाता है।

द्वितीय सर्ग के प्रथम श्लोक में **भीम** ने द्रौपदी के वचनों को सुनकर इस प्रकार कहा–

**यदवोचत वीक्ष्य मानिनी परितः स्नेहमयेन चक्षुषा।**
**अवि वागधिपस्य दुर्वचं तद्विदधीत विस्मयम्।।**[20]

**क्षत्रियकुलाभिमानिनी** द्रैपदी ने **प्रेमपूर्ण** दृष्टि से चारों तरफ हम लोगों की व्यथा देखकर जो वचन कहें हैं, यह सुरगुरु बृहस्पति से भी कठिनता से कहने योग्य वह वचन सबको विस्मित कर सकतें हैं अर्थात् इन नीति परक वचनों पर हमें अवश्य ही विचार करना चाहिए।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि भारवि विरचित किरातार्जुनीय महाकाव्य में नारी दौपदी का स्वरूप सहृदय, बुद्धिमती एवं सशक्त नारी के रूप में चित्रित किया गया है।

वनेचर द्वारा वर्णित समस्त समाचार को सुनकर द्रौपदी युधिष्ठिर के क्रोध को उत्तेजित करने हेतु प्रेरणाप्रद वाक्य कहती है जिससे युधिष्ठिर उद्योग करने हेतु तत्पर हो। वह नीति–मार्ग का दर्शन कराते हुए कहती है कि जो मूढबुद्धि, कपटि के विषय में कपट नहीं करते वे पराजय को प्राप्त होते हैं तथा क्रोधरहित शत्रु से कोई नहीं डरता है एवं कुछ न देने वाले मित्र का कोई आदर नहीं करता है। इस प्रकार द्रौपदी के बुद्धिमती एवं नीतिशास्त्र में पारांगत होने का बोध होता है दौपदी के कथनों से उनके व्यक्तित्व का पता चलता है कि वह सहृदय, बुद्धिमती एवं सशक्त नारी है, जो अपने मन की बात को व्यक्त करना अपना कर्तव्य तथा अधिकार समझती रखती है। द्रौपदी में कथनात्मक एवं वर्णनात्मक योग्यता भी पूर्ण रुप से है जिसका प्रयोग उन्होंने यथास्थान उपमाओं एवं उद्दाहरण में भलीभांति किया है।

सन्दर्भ

1 किरातार्जुनीय 1.27
2 किरातार्जुनीय 1.28
3 किरातार्जुनीय 1.30
4 किरातार्जुनीय 1.33
5 किरातार्जुनीय 1.29
6 किरातार्जुनीय 1.36
7 किरातार्जुनीय 1.39
8 किरातार्जुनीय 1.40
9 किरातार्जुनीय 1.46
10 किरातार्जुनीय 3.50
11 किरातार्जुनीय 1.37
12 किरातार्जुनीय 1.45
13 किरातार्जुनीय 3.51
14 किरातार्जुनीय 1.35
15 किरातार्जुनीय 1.42
16 किरातार्जुनीय 1.34
17 किरातार्जुनीय 1.41
18 किरातार्जुनीय 3.39
19 किरातार्जुनीय 3.53
20 किरातार्जुनीय 2.2

# Our Contributors

1. **Dr. Jadish Raj Sharma,** Dept. of Education, Rastriya Sanskrit Sansthan, Ranbir Campus Kot Balwal, Jammu (J&K).
2. **डॉ. मीनाक्षी मिश्र,** f'k{kk'kkL=k foHkkx] Jh yk-c-'kk- jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
3. **प्रो. आर. पी. पाठक,** f'k{kk'kkL=k foHkkx] Jh yk-c-'kk- jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
4. **डा. नारायण वैद्य,** f'k{kk'kkL=k foHkkx] jk"Vh; lLdr lLFkku] j.kohjifjlj] dkV HkYkokYk] tEeA
5. **Ms. Upasana Dhankhar,** Department Of History, Rajdhani College (Univeristy of Delhi), New Delhi.
6. **डॉ. सविता राय,** महिला अध्ययन केन्द्र, Jh yk-c-'kk- jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
7. **Dr.Bikram Keshari Mishra,** Department of Sociology, Ravenshaw University, Cuttack.
8. **Dr. K.Bharathbooshan,** Department of Education, S.L.B.S. Rastriya Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi-16
9. **डॉo सुमन कुमार झा,** lkfgR; foHkkx] Jh yk-c-'kk- jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
10. **Mkw- fufrutSu,oa Jh je.kfeJ] jkf"Vª; laLd`r laLFkku] Hkksiky] eè;izns'kA**
11. **प्रो.र’म मिश्र,** lkfgR; foHkkx] Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
12. **सुश्री उषा,** शोधछात्रा, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
13. **Ms. Shivali Kharbanda,** Department of English, Shyamlal College (Univeristy of Delhi), New Delhi.
14. **श्री रतन बारीक,** शोधछात्र, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
15. **डॉ. सुभाष चन्द्र मिश्र,** T;kfr"k foHkkx] jkf"V; lLdr lLFkku] d-t- lke;k lLdr fo|kihB] fo|kfogkj] eEcbA
16. **सुश्री संगीता,** शोधछात्रा, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
17. **श्री दीपक कुमार कोठारी,** शोधछात्र, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
18. **श्री शमशेरसिंह,** शोधछात्र, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA
19. **श्री दीप कुमार मिÙाल,** शोधछात्र, Hkkjrh; Hkk"kk dUæ] Tkokgjyky ug# fo'ofo|ky;] ub fnYyhA
20. **सुश्री प्रतिभा गौतम,** शोधछात्र, Jh yk-c-'kk-jkf"V; lLdr fo|kihB] ub fnYyhA

21. **श्री विकास सिंह,** शोधछात्रा, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।
22. **श्री हर्षवर्धन वशिष्ठ,** शोधछात्र, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
23. **श्री मायाराम उनियाल,** शोधछात्र, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
24. **Dr. Abhishek Tiwari,** Department of Sahitya, S.L.B.S.Rastriya Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi-16
25. **श्री नवीन आर्य,** शोधछात्र, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
26. **डॉ. नागेन्द्र नाथ झा,** राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, रणवीरपरिसर, कोट भलवाल, जम्मू।
27. **दीपा रानी,** शोधछात्रा, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
28. **श्री राम सेवक झा,** राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, के.जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ, विद्याविहार, मुम्बई।
29. **सुश्री मनीषा प्रवीन,** शोधछात्रा, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
30. **डॉ. कल्पना जैन,** प्राकृतभाषा विभाग, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।
31. **श्री विपिन शर्मा,** शोधछात्रा, श्री ला.ब.शा.राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली।